गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

अजय

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, गुरूवार 22 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

यूपी में मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों के लिए की तीन बड़ी घोषणाएं

मोटर साइकिल, वर्दी-सिम भत्तामें भारी बढ़ोतरी

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के भत्तों में बढ़ोतरी की घोषणा की। फील्ड ड्यूटी में तैनात सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर का मोटरसाइकिल भत्ता 700 रुपये से



बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। इसके अलावा पीपीएस अधिकारियों का यूनिफॉर्म भत्ता 6,400 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये और कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल का मोबाइल भत्ता 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रतिमाह किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि एक दौर था, जब अपराधी खुली जीप में बैठकर ऑटोमेटिक असलहे लहराते हुए खुलेआम घूमते थे। पुलिस अपराधियों पर हाथ डालने से पहले सोचती थी। कार्रवाई करने पर अपराधी के बजाय अधिकारी पर ही गाज गिर जाती थी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में अपराधियों को पता है कि उनका आखिरी ठिकाना कहां है। योगी ने कहा कि पहले पुलिस नेताओं के पालतू जानवरों को जंगल में तलाशने में लगी रहती थी। एसपी और थानेदार किसी अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले कई बार सोचते थे। कुछ ही घंटों में अपराधी के बजाय अधिकारी पर कार्रवाई हो जाती थी। उस दौर में अपराधी खुलेआम असलहे लहराते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग पुलिस की एनकाउंटर नीति पर सवाल उठाते हैं और माफिया की कब्र पर जाकर छाती पीटते हैं। वे शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों के आंसू पोंछने नहीं जाते। उन्होंने कहा कि जब लोग त्योहारों पर अपने परिवार के साथ खुशियां मना रहे होते हैं, तब पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे होते हैं।

भारत के बाहर से भी प्रायोजित हैं दुष्प्रचार करने वाली ताकतें-मुख्यमंत्री

गोरखपुर (आससे.)। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाले और सामाजिक एकता को तोड़ने वाले निशाचर रावण से प्रेरित हैं क्योंकि रावण भी एकता को खंडित करता था। उन्होंने कहा कि जो लोग जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर समाज की एकता को खंडित करके भारत को कमजोर करना चाहते हैं, उनके अंदर रावण की आत्मा आ गई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को भारत की एकता और भारत की मजबूती से परेशानी है, वही लोग आज भारत के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। दुष्प्रचार वाली ये ताकतें भारत के अंदर भी हैं और भारत के बाहर से भी स्पॉन्सर्ड (प्रायोजित) हैं।

महिला आरक्षण लागू करें, परिसीमन का इंतजार क्यों-खड़गे

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में महिला आरक्षण, परिसीमन और चुनाव सुधारों पर सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।उन्होंने कहा- सरकार लोकसभा की मौजूदा सीटों के आधार पर महिलाओं को 33ब आरक्षण अभी लागू कर सकती है। इसके लिए परिसीमन का इंतजार करने की क्या जरूरत है। उन्होंने पीएन नरेंद्र मोदी पर विपक्ष को बदनाम करने का आरोप लगाया।खड़गे ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर टिप्पणी करते हुए कहा- प्रधानमंत्री विपक्षी नेताओं के पत्रों का खुद जवाब नहीं देते, बल्कि दूसरों के जरिए जवाब भिजवाते हैं। पीएम ने रिजिजू को असली अधिकार नहीं दिए हैं। ज्ञानेश कुमार की तरह मध्यस्थ की तरह उनका इस्तेमाल कर रहे हैं।1. EVM हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग-खड़गे ने EVM की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने और मतदाता सूची में गड़बड़ी रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने की मांग की।उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव होना जरूरी है। संविधान यह तय नहीं करता कि कांग्रेस या किसी दूसरी पार्टी को ही जीतना चाहिए। कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है।2. परिसीमन विधेयक पर विपक्ष की सहमति नहीं लेने का आरोप खड़गे ने कहा कि सरकार ने अप्रैल 2026 में परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक कम समय में और विपक्ष की सहमति के बिना लाने की कोशिश की। उन्होंने बड़े संवैधानिक बदलावों से पहले सभी दलों से चर्चा करने और सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की।3. चुनाव आयुक्तों को कानूनी संरक्षण देने वाला कानून हटाने की मांग-खड़गे ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 16 हटाने की मांग की। इस धारा के तहत चुनाव आयुक्तों को उनके आधिकारिक काम से जुड़े कुछ मामलों में कानूनी संरक्षण मिलता है। खड़गे ने आरोप लगाया कि इससे उनकी जवाबदेही कम होती है।



देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति के दुश्मनों से मिल कर लड़ना होगा-मोदी

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजयादशमी के अवसर पर देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करने का आह्वान किया। दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन स्थित डीडीए उत्सव ग्राउंड में रावण दहन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने देश के सामने मौजूद तीन प्रमुख चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के मान-सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों, समाज में फूट डालने वाले लोगों और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाली सोच का मिलकर सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यह पर्व भगवान राम के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राम राज्य की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका अर्थ ऐसा शासन है, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो, सभी को न्याय मिले और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने गरीबों और वंचितों की सेवा को भी महत्वपूर्ण बताया। मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देशवासियों से सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अपनी क्षमता और संसाधनों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। संदेश बुराई के खिलाफ खड़े होने, लोगों की भागीदारी और मेहनत से बड़े सही रास्ते पर चलने और चुनौतियों लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। का सामना साहस व एकजुटता के साथ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का



पुलिस स्मृति दिवसपर शहीद जवानों को प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्य निभाते हुए प्राण न्योछावर करने वाले बहादुर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का पालन करने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति देश कृतज्ञ है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों से निपटने, आपात स्थितियों में सहायता पहुंचाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिसकर्मियों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों का साहस, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृतियों में हमेशा बना रहेगा। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों के घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवानों की स्मृति में मनाया जाता है।

सूडान में ड्रोन अटैक में 153 लोगों की मौत

खार्तूम । अफ्रीकी देश सूडान और दक्षिणी सूडान के बीच विवादित क्षेत्र अबेई के एक बाज़ार पर ज़बरदस्त ड्रोन अटैक हुआ जिसमें कम से कम 153 लोगों के मारे जाने की खबर है। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक अबेई के एमिएट बाजार में एक पेट्रोल पंप के पास ड्रोन से हमला हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे बाजार में आग फैल गई, ऊंची ऊंची लपटे उठने लगी और चारो तरफ भगदड़ मच गई। कई लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की तादाद बढ़ सकती है। स्थानीय प्रशासन ने सूडान की सेना पर ड्रोन अटैक का आरोप लगाया है। अबेई में सूचना मामलों के कार्यवाहक मंत्री, योहाना अकोल नगोर ने मंगलवार को बिना कोई सबूत दिए कहा कि इस हमले के लिए सूडान की सेना जिम्मेदार है। वहीं, दक्षिण सूडान के विदेश मंत्रालय ने भी इस हमले के लिए सूडान की सेना को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्रालय ने कहा कि हमले में बाजार के कई स्थानों को निशाना बनाया गया। हमले में आम नागरिकों की मौत हुई और संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। बता दें कि सूडान में सेना और अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच अप्रैल 2023 से लड़ाई जारी है, जो कि अब एक गृहयुद्ध का रूप ले चुकी है। पिछले साल सूडान के अल-फाशर में अर्धसैनिक बलों ने एक मस्जिद को ड्रोन हमले में उड़ा दिया। इस घातक हमले में 43 लोगों की मौत हो गई थी। हाल के महीनों में ड्रोन हमलों के बढ़ने से आम नागरिकों की जान पर खतरा और बढ़ गया है। वहीं, पूर्वी माली के मेनाका क्षेत्र में बीते वीकेंड इस्लामिक स्टेट (ड्रूस) से जुड़े समूह की ओर से किए गए हमले में 48 लोगों की मौत हो गई। एपी के अनुसार मंगलवार को एक सांसद ने बताया कि वीकेंड में आइसिस से जुड़े आतंकवादियों ने पूर्वी माली के मेनाका इलाके में हमला किया, जिसमें 48 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे।

यूपी : शिक्षामित्रों को 11508 सहायक शिक्षक भर्ती में मिलेगी आयु की छूट

लखनऊ। 11508 सहायक शिक्षक भर्ती में शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट प्रदान कर दी गई है। इसके लिए शिक्षामित्र लंबे समय से संघर्ष कर रहे थे। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में की जा रही 11508 सहायक अध्यापक भर्ती में शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत शिक्षामित्रों को अधिकतम आयु सीमा में 60 साल तक की छूट मिलेगी। वे 60 साल तक के होने पर भी आवेदन कर सकेंगे। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को भेजे निर्देश में कहा है कि परिषद के अधीन नगर क्षेत्र के 11508 सहायक अध्यापक के पदों पर चल रही चयन व नियुक्ति प्रक्रिया में इसे शामिल किया जाए। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्र पहले नियमित शिक्षकों की भांति काम कर रहे थे। बाद में उन्हें शिक्षामित्र पद पर कर दिया गया था। वहीं उन्हें पूर्व में दो भर्तियों में भारांक व आयु सीमा में छूट भी दी जा चुकी है। इसी क्रम में 69000 शिक्षक भर्ती की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों को अगली चयन प्रक्रिया में एक और देने पर सरकार से विचार करने को कहा था।



देवरिया : झोपड़ी में आग लगने से पिता-दो बच्चों की मौत

देवरिया (आससे.)। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार गांव में मंगलवार की रात झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। मृतकों में 32 वर्षीय जितेंद्र, बालकिशन और तीन वर्षीय बच्ची शनि शामिल हैं। हादसे में जितेंद्र की पत्नी लीला गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे नोनापार गांव में एक झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही भटनी थाना पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गए। टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद झुलसे लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भटनी पहुंचाया गया।

बिना धांधली के चुनाव नहीं जीत सकती भाजपा-अखिलेश



निष्पक्ष न रहने वाले अधिकारी जायेंगे जेल

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा बिना बेईमानी और धांधली के चुनाव नहीं जीत सकती। उन्होंने चुनाव आयोग से निष्पक्ष भूमिका निभाने की अपील करते हुए अधिकारियों को राजनीतिक कार्यकर्ता की तरह काम करने से बचने की नसीहत दी। अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक जैसे अधिकारी लोगों को धमका रहे हैं और चुनाव में धांधली में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करने की है, न कि राजनीतिक कार्यकर्ता बनने की। उनके मुताबिक, अधिकारियों का राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होना उनके खिलाफ कार्रवाई और जेल भेजे जाने का आधार बन सकता है। सपा अध्यक्ष ने मतदाता सूची को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के पास मतदाता सूची कैसे पहुंच रही है और सरकार के मंत्रियों को यह सूची कहां से मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न स्थानों पर मंत्रियों के वॉयस मैसेज भेजे जा रहे हैं।

गोरखपुर : प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट लगने से तीन की मौत

गोरखपुर(आससे.)। गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद में प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसे में पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली पर प्रतिमा लेकर विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान प्रतिमा 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। इससे प्रतिमा में आग लग गई और करंट ट्रॉली में उतर गया। इसकी चपेट में करीब 10 लोग आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। पांच घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

पाक से यूएस के रिश्ते भारत की कीमत पर नहीं होंगे : मार्को रुबियो

नयी दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता। बुधवार को एक इंटरव्यू में रुबियो से पूछा गया कि क्या अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंध 1970 के दशक की स्थिति की याद दिलाते हैं, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पर पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने के आरोप लगे थे। इस पर रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा होना चाहिए। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देश डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। कुछ मुद्दों पर अभी काम बाकी है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया।

जयशंकर के साथ रुबियो की बैठक

नयी दिल्ली। रुबियो तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर भारत आए हैं। मुंबई में उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा और लोगों के बीच संपर्क सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। रुबियो ने भारत से ऊर्जा व्यापार बढ़ाने और अमेरिकी तकनीक एवं रक्षा प्रणालियों की खरीद बढ़ाने की अपील भी की। जयशंकर ने बैठक के बाद कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचार साझा किए।

टेररिज्म के इकोसिस्टम को खत्म करना होगा: राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तजाकिस्तान में एससीओ की काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की मीटिंग में आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को जमकर खरी खोटी सुनाई। राजनाथ सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि टेररिज्म के इकोसिस्टम को खत्म करना होगा, जो लोग आर्तकियों को पनाह देते हैं, फाइनेंशियल सपोर्ट देते हैं, उन्हें अलग थलग करना ही होगा। राजनाथ सिंह तजाकिस्तान में एससीओ की काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की मीटिंग में बोल रहे थे। इस मीटिंग में पाकिस्तान की ओर से डिप्टी प्राइम मिनिस्टर मोहम्मद इशाक डार शामिल हुए। इशाक डार की मौजूदगी में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की जमकर क्लास ली। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग युवाओं को कट्टर बना रहे हैं। उन्हें आतंकी बनाकर पनाह दे रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि जो लोग टेररिज्म को फंडिंग करते हैं, वो ही लोग दुनिया के सामने शराफत का नाटक करते हैं लेकिन ये दोगलापन अब नहीं चलेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी देशों को मिलकर ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। टेररिज्म का पूरा इकोसिस्टम खत्म करना होगा। गौरतलब है कि तमाम मौकों पर ये बात साबित हो चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, उन्हें ट्रेन करता है, उन्हें पालता है और भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए इस्तेमाल करता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के जिन आतंकवादी अड्डों को हमारी बहादुर फौज ने तबाह कर दिया था उनमें से कई को पाकिस्तान की फौज ने रिवाइव कर दिया है। इन अड्डों को फौज का कवर दिया गया है। हालांकि भारत हर अंतराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के आतंकवाद को एक्सपोज करता रहा है। आज राजनाथ सिंह ने भी यही किया। बता दें कि पाकिस्तान को आईना दिखाना भी जरूरी है कि तुम चाहें कितना भी नाटक कर लो लेकिन दुनिया जानती है कि आतंकवाद को पनाह देने का काम पाकिस्तान ही करता है।







मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह :नगर निगम ने 118 युगलों का कराया विवाह



बरेली(आज समाचार सेवा) । बरेली कालेज बरेली में मा. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह के भव्य कार्यक्रम के आयोजन में नगर निगम के 118 जोड़े मा. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए,एवं समस्त 118 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न किया गया, सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी, कार्यालय अधीक्षक मुन्नाराम टीएस रामसेवक राम, सच्चिदानंद सिंह, दुर्वेश कुमार, तुषार सिंह, विशाल जौहरी, बृजेश कुमार, अनुज सिंह, विवेक वर्मा, जयप्रकाश गंगवार सलमान बेग आदि लोग उपस्थित रहे, वर वधु को उपहार स्वरूप कपड़े, प्रेसर कुकर, डिनर सैट, ट्राली बैग,गद्दे, सीट, कढ़ाई, सीलिंग फैन, कूल केज, 2 कम्बल, 2 तकिया, आयरन प्रेस, दीवार घड़ी, वेनिटिकिट आदि सामग्री दी गयी

ग्राम प्रधान की संदिग्ध हालात में मौत, सनसनी

मीरगंज बरेली। स्थानीय थाना क्षेत्र के दिवना रोड स्थित पहुंचा बुजुर्ग गांव में गांव प्रधान राजेंद्र कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पुलिस ने लिखापढ़ी कर शव पीएम को भेजा है। बुधवार सुबह ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार पाल (38) पुत्र विद्याराम का शव घर अंदर बंद कमरे में फंदे पर लटका मिला। कमरे शव देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। स्वजनों की सूचना पर एसएचओ रवि कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। और जांच पड़ताल कर उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर सीओ मीरगंज अजय कुमार सिंह एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव पीएम को भेजे जाने की व्यवस्था की। एफएसएल टीम ने फोटोग्राफी के साथ घटना क्रम से जुड़े साक्ष्य संकलित किए। गांव प्रधान प्रशासक राजेंद्र कुमार पाल मंगलवार रात अपने घर में सोए थे। बुधवार सुबह सोकर नहीं उठने पर स्वजनों ने कमरा खोलकर देखा कि उनका शव फंदे पर लटका हुआ हैं। जानकारी होने पर पहुंचा बुजुर्ग के रिश्तेदार सत्यपाल सिंह ने घटना की जानकारी मोबाइल फोन पर थाना प्रभारी मीरगंज को दी। जानकारी होने पर पहुंचे एसएचओ रवि कुमार सिंह ने लिखापढ़ी कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की व्यवस्था की। सीओ मीरगंज अजय कुमार सिंह ने घटनास्थल निरीक्षण के बाद बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़े थे।मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। माँ सोमवती ,पत्नी जावित्री का रो- रोकर बुरा हाल है।**पेड पर झूलता मिला अधेड का शव, मानसिक तनाव मे था मृतक, परिवार मे कोहरामबहेडी** थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर रंजीत के जंगल मे एक व्यक्ति का शव पेड पर झूलता हुआ मिला ।ग्रामीणो की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर रंजीत के जंगल मे एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पेड पर झूलता मिला है। ग्रामीणो ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड से उतरवाया ।मृतक की पहचाना ग्राम



सियाठेरी निवासी पूरन लाल पुत्र लीलाधर के रूप मे हुई । बताया जाता हैकि मृतक पूरनलाल मानसिक बीमारी जुझ रहे थे। इसी के चलते उसने आत्म हत्या कर ली होगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यूज अपडेट

श्री रामलीला सदर बाजार कैंट: श्रीराम राजतिलक लीला का भव्य मंचन

बरेली(आज समाचार सेवा)। श्री रामलीला नाटक समाज सदर बाजार कैंट के सांस्कृतिक मंच पर बुधवार को भगवान श्रीराम के राजतिलक की लीला का भव्य मंचन किया गया। रावण वध के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के अयोध्या लौटने के प्रसंग को कलाकारों ने भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर नगरवासियों में हर्ष और उल्लास छा गया। अयोध्या में दीपोत्सव जैसा वातावरण बना और भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ धर्म, सत्य और न्याय की विजय का संदेश दिया गया। इस प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सतीश मेहता तथा सचिव सुनील कुमार सिंह सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। रामलीला के सफल संचालन में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले मनोज तिवारी, पुनीत मित्तल, रिटायर्ड कर्नल सत्य प्रकाश साहू, श्रीधर शुक्ला, धर्मवीर सिंह यादव, कुमारी हिमानी पाराशर तथा श्रीमती अर्चना पंकज को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कमेटी की ओर से सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सतीश मेहता ने बताया कि बृहस्पतिवार को रामलीला के अंतिम दिन सांस्कृतिक मंच पर 'सुल्ताना डाकू' नाटक का मंचन किया जाएगा। इसके साथ ही रंगमंच पर विभिन्न किरदार निभाने वाले सभी कलाकारों को उनके उत्कृष्ट अभिनय के लिए पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने रामलीला के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सहयोगकर्ताओं, कलाकारों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

साईं महासमाधि दिवस पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्यामगंज में विशाल भंडारा

बरेली(आज समाचार सेवा) । श्री शिरडी साईं-खाटूश्याम सर्वदेव मंदिर श्यामगंज में मंगलवार को साईं बाबा के महासमाधि (परिनिर्वाण) दिवस के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठानों और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। सुबह की कांकड़ आरती के साथ शुरू हुआ आराधना का सिलसिला देर शाम तक अनवरत चलता रहा। शहरभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में शीश नवाया और महाप्रसाद ग्रहण किया।मंगलवार सुबह शुभ मुहूर्त में कांकड़ आरती के उपरांत विधि-विधान से प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश, मां गायत्री, भगवान दत्तात्रेय और साईं नाथ का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद मुख्य यजमान मनीष अग्रवाल ने परिवार सहित साईं नाथ का दिव्य महाभिषेक कराया। दूध, दही, शहद, गंगाजल और सुगंधित द्रव्यों से हुए महाभिषेक के दौरान पूरा मंदिर परिसर 'साईं नाथ महाराज की जय' और 'ओम साईं राम' के जयकारों से गुंजायमान हो उठामंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने महासमाधि के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 15 अक्टूबर 1918 को दोपहर 2:30 बजे, विजयादशमी के पावन दिन बाबा साईं नाथ ने नश्वर मानव देह का त्याग कर महासमाधि ली थी। इस धार्मिक उत्सव में विशिष्ट सेवा का संकल्प लेते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव पटेल की मध्याह्न आरती के बाद शुरू हुए भंडारे में समाज के हर वर्ग के लोग एक पंगत में बैठे नजर आए। इस दौरान प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने मंदिर पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में दक्ष शर्मा पाराशर, संजय आयलानी, आकाश चौधरी, सौरभ अग्रवाल, राजीव साहनी, अंकुर कक्कड़ और अंकुर गुप्ता भगबान दास रामबहादुर इन्द्रेश बिसाल अग्रवाल ओम प्रकाश मोनू कामनी हर्षित गुप्ता समेत अनेक सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।



डीएम ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर दिया जोर, जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश

बरेली(आज समाचार सेवा)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद बरेली में नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का मौलाना आजाद इंटर कॉलेज एवं तिलक इंटर कॉलेज, बरेली पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से जनगणना संबंधी प्रशिक्षण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं प्रशिक्षण कक्ष में जाकर प्रशिक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर देश के विकास के लिए विभिन्न नीतियां एवं योजनाएं तैयार की जाती हैं। साथ ही, भविष्य



की आवश्यकताओं एवं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकास की कार्ययोजना तैयार करने में भी जनगणना के आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दिनांक 21, 22 एवं 24 अक्टूबर को आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी कार्मिक पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि जनगणना के दौरान निर्धारित 40 प्रश्न पूछे जाने हैं। उन्होंने कार्मिकों को निर्देशित किया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही प्रश्न पूछें तथा किसी भी प्रकार के दस्तावेज अथवा प्रमाण की मांग न कर निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम संत रंजन सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेफरीदपुर में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से जनगणना संबंधी प्रशिक्षण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण मे 54 अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों पर कार्यवाही को लिखा

जनगणना 2027
नगर निगम सीमान्तर्गत चारों जोनों में निरीक्षण के दौरान नदारद पाये गये कार्मिक

बरेली(आज समाचार सेवा)।निरीक्षण के दौरान चारों जोनों में प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किये गये ५४ कार्मिक नदारद मिले जिन पर कार्यवाही को निर्देशित किया गया है। नगर निगम सीमान्तर्गत चारो जोनों का जनगणना-2027 द्वितीय चरण के प्रशिक्षण राजकीय पॉलिटैक्निक, बरेली, तिलक इन्टर कॉलेज, एवं मौलाना आजाद इन्टर कॉलेज, में किया जा रहा है। जिसमे कुल 1005 कार्मिकों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्त किया गया था, जिसमें जोन-01 में 31 कार्मिक, जोन-02 में 13 कार्मिक, जोन-03 में 01 एवं जोन-04 में 09 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। जिनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता प्रान्तीय निर्माण भवन खण्ड लोक निर्माण विभाग, बरेली को पत्र प्रेषित किया गया है। आज जिलाधिकारी अविनाश सिंह , नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशी भूषण राय, अपर जिला अधिकारी नगर के द्वारा निरीक्षण किया गया वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुबह के नाश्ता एवं दोपहर की भोजन एवं अन्य समस्त व्यवस्थायें संतोषजनक पायी गयी।



क्षेत्र अधिकारी के आदेश पर चोरी के एक माह बाद दर्ज हुआ मुकदमा

फतेहगंजपूर्वी (आज ब्यूरो)। क्षेत्र में चोरी और धमकी के मामले में कार्रवाई को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।एक महिला ने अपने देवर पर घर में घुसकर बक्से में रखे 1.30 लाख रुपये चोरी करने और विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि वह शिकायत लेकर थाने पहुंची, लेकिन उसकी सुनवाई करने के बजाय उसे थाने से भगा दिया गया।करीब एक माह बाद सीओ फरीदपुर संदीप सिंह के आदेश पर मामले में मुकदमा दर्ज किया गया।कस्बे के उत्तमगंज पूर्वी निवासी सोनी श्रीवास्तव पत्नी कमल श्रीवास्तव ने अपनी शिकायत में बताया कि 18 सितंबर 2026 की रात करीब 11 बजे उनके देवर जितेंद्र पुत्र छोटेलाल घर में घुस आए और कमरे में रखे बक्से से 1.30 लाख रुपये निकाल लिए। करीब एक माह बाद सीओ फरीदपुर संदीप सिंह के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया।पीड़िता का कहना है कि मुकदमे की जांच उसी दरोगा को सौंपी गई है जिस पर थाने से भगाए जाने के आरोप है।इसमें एक सिपाही पर भी महिला उसके देवर से मिलाभगत का आरोप लगा रही है,

युवक तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

मीरगंज (आज ब्यूरो) । स्थानीय थाना पुलिस ने बीती रात एक युवक को एक देशी तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी घटना को अंजाम देने के लिया सुनसान में खड़ा था। जिसको लिखापढ़ी के साथ आज जेल भेज दिया गया है।थाना के उपनिरीक्षक जयप्रकाश अपने हमराह हेडकांस्टेबल दीपक कुमार, सिपाही सचिन कुमार और गौरव कुमार के साथ बीते मंगलवार की रात गश्त चेकिंग पर थे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने परौरा कट के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने लाई और उससे पूंछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम नन्हू उर्फ चंचल पुत्र तोता राम निवासी गांव पेगानगरी बताया और किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़ा होना बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आज बुधवार को लिखापढ़ी करके जेल भेजा है।

धूम धाम से मनी बुराई पर अच्छाई का प्रतीक विजय दशमी

बरेली(आज समाचार सेवा) । बरेली दशहरा रामलीला धार्मिक सेवा समिति के तत्वाधान में 70 वा विराट दशहरा मेला विष्णु इंटर कॉलेज के मैदान में बड़ी ही भव्यता और धूमधाम से संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में शहरवासियों ने मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समिति के महामंत्री रवि छाबड़ा ने बताया कि यह भव्य मेला विभाजन के बाद सन 1950 से मॉडल टाऊन में लगाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया पहले राजगद्दी की शुरुआत जिला परिषद कार्यालय से होती थी और यह पूरे शहर का भ्रमण करते हुए मॉडल टाऊन दशहरा मेला ग्राउंड पहुंचती थी। यह मेला गत वर्ष से दशहरा मेला ग्राउंड की जगह विष्णु इंटर कॉलेज मैदान में नए स्वरूप में आयोजित हो रहा है।महामंत्री रवि छाबड़ा ने यह भी बताया कि शाम 4.30 बजे राजगद्दी यात्रा श्री हरि मंदिर के शुरू होकर सनातन धर्म मंदिर,रामायण मंदिर,दरगाह मंदिर होते हुए मेला स्थल पर पहुंची। राजगद्दी में भगवान श्री राम का मनोहर स्वरूप के दर्शन भक्तजनों को हो रहे थे।मेला स्थल पर 50 फुट ऊंचे रावण और 40-40 फुट ऊंचे मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले बनाए गए थे। इस अवसर पर आतिशबाजी का जोरदार मुकाबला सभी बरेली वासियों को देखना का अवसर मिलेगा।मेले में खानपान के झूले के वा कई चीजों के स्टाल लगाये गये दे।मेले में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार मौजूद रहे।मेला का शुभारंभ उमेश गौतम महापौर ने किया। मेला कमेटी अध्यक्ष अनुपम कपूर,महामंत्री रवि छाबड़ा,मेला इंचार्ज अतुल कपूर, मुख्य संरक्षक सुशील अरोरा,अनिल अरोरा,जुगल किशोर,राकेश नरूला, संजय आनन्द,मीडिया प्रभारी गोविन्द तनेजा,मन मोहन सभरवाल,लतेश शर्मा,धीरज कुमार, आदि वा अन्य सेवाओं में उपस्थित रहे।महामंत्री रवि छाबड़ा ने सभी सदस्यों को उनकी सेवाये और कार्य जिम्मेदारी से करने का आभार व्यक्त किया और सभी बरेली वासियों का मेले में पधार कर मेले को सफल बनाने का धन्यवाद किया और सभी की दशहरा पर्व की बहुत बहुत बधाई दी।

जनगणना के लिए सुपरवाइजर व प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू

मीरगंज (आज ब्यूरो) ।स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज में बुधवार सुबह से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया । यह 22 और 24 अक्टूबर को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेगा।पहले दिन प्रशिक्षकों ने जनगणना की प्रक्रियाओं और बारीकियों को समझाया। प्रगणकों व सुपरवाइजर को सही ढंग से काम करने के तरीके बताए। एसडीएम निधि शुक्ला और तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।और सभी को निष्ठा व जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए।साथ ही चेताया कि इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि कोई समस्या आ रही है तो पर्यवेक्षण अधिकारी से संपर्क करें। अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही तय है। प्रशिक्षक राकेश कुमार, विपिन कुमार, गौरव शर्मा, दीपक कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जयपाल श्रीवास्तव, शुभम गंगवार, महेंद्र पाल गंगवार, राजकपूर, भागवती, निहारिका, संतोष कुमारी, अनीश खान, शिशुपाल सिंह,सुपरवाइजर व प्रगणक मौजूद रहे।

आनन्द आश्रम में चार दिवसीय संत समागम आज से

बरेली(आज समाचार सेवा) ।आनन्द आश्रम में शरद पूर्णिमा और वार्षिकोत्सव के अवसर पर चार दिवसीय विशाल संत सम्मेलन की भव्य तैयारियां की गई हैं। इस बावत आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि कल गुरुवार 22 अक्टूबर से रविवार 25 अक्टूबर तक विभिन्न धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। इस आयोजन में महामण्डेलश्वर स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती जी महाराज एवं स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती महाराज की उपस्थिति में चार दिवसीय संत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। प्रबन्ध समिति ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि इस कार्यक्रम में सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित सम्मिलित होकर आध्यात्म लाभ प्राप्त करें और निज जीवन को सफल बनायें ।इस आयोजन में महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज, मैनपुरी. स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सस्वती जी महाराज, राय बरेली ,स्वामी अक्षयानन्द जी महाराज, हरिद्वार, स्वामी सर्वेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज, ब्रजघाट (गढ़मुक्तेश्वर), स्वामी विज्ञानानन्द गिरि जी महाराज, रायबरेली,आचार्य पं. नरेश शास्त्री उन्नाव इस सन्त समागम में मौजूद रहेंगे। बताया कि आश्रम कार्यालय से 24 एवं 25 अक्टूबर को श्वास दमा की दवा का भी वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर प्रेम शंकर अग्रवाल, पकंज अग्रव , अनिल अग्रवाल, नरसिंह मोदी, आनन्दस्वरूप अग्रवाल, विवेक अग्रवाल (राजू), शशिकान्त मोदी, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल ,रजनीश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, दीपेश खण्डेलवाल आदि उपस्थित रहे।

सूचना
मेरे आधार कार्ड सं0 566863622884में मेरा नाम राजीव कुमार गलत दर्ज हो गया है, मेरा सही नाम राजीव कुमार गुप्ता है जिसे सही कर लिया जाए । मेरे शैक्षिक अभिलेखों में भी राजीव कुमार गुप्ता ही दर्ज है। राजीव कुमार गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता नि0 ओल्ड मार्केट मोहल्ला दयालपुरा कस्बा व तह0 नवाबगंज जिला बरेली। पीसीनं.8780

पूर्वोत्तर रेलवे
नीलामी नोटिस सं. 07/2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सहायक मण्डल इन्जीनियर / पीलीभीत के अधीन टनकपुर यार्ड में स्थित विभिन्न जाति के 57 नग हरा वृक्षों के कटान हेतु नीलामी नीचे अंकित तारीख एवं समय पर की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। नीलामी की शर्तें एवं नियमावली को रेलवे की वेबसाइट **http://www.ner.indianrailways.gov.in** पर देखी जा सकती है। नीलामी में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को रु० 5000/- का बैंक ड्राफ्ट वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे (FA & CAO N.E. RAILWAY) के पद नाम से तथा बरेली के किसी बैंक द्वारा भुगतानीय होना चाहिये जो बोलीदाता को नीलामी तिथि से एक दिन पूर्व 10:00 बजे से 17:00 बजे तक नीलामीकर्ता अधिकारी सहायक मण्डल इन्जीनियर/ पीलीभीत के कार्यालय में जमा करना होगा। उच्चतम बोलीदाता का बैंक ड्राफ्ट उसके द्वारा जमा की जाने वाली धनराशि में समायोजित कर लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी आरम्भ होने से पूर्व रु० 150/- (एक सौ पचास रुपये) की धनराशि पंजीकरण शुल्क के रूप में नीलामीकर्ता के पास जमा करना होगा जो किसी भी रूप से वापस नहीं किया जायेगा। सभी बोलीदाताओं को अपना वैध परिचय पत्र/ आधार कार्ड की फोटो प्रति, पूरा पता का विवरण जमा करना होगा। उच्चतम बोलीदाता को 10% जमानत राशि के अलावा बयाना राशि निम्न प्रकार मौके पर ही जमा करनी होगी जो नीलामी स्वीकृत होने पर मूल राशि में समायोजित कर ली जायेगी। **जमा की जाने वाली अर्नेस्ट मनीः 1.** रु० 5000/- तक = सम्पूर्ण धनराशि मौके पर ही जमा करनी होगी। **2.** रु० 5001/- से 50,000 तक = 25% किन्तु 5000/- से कम नहीं। **3.** रुपये 50001/- से अधिक = उच्चतम बोली का 10% किन्तु 10,000/- से कम नहीं। **4.** इसके अतिरिक्त 18% जीएसटी (GST) अलग से जमा करना होगा। **नीलामी का स्थानः-** कार्यालय सहायक मण्डल इन्जीनियर/ पीलीभीत; **दिनांक एवं समयः 04.11.2026 समयः-** 10:00 बजे से (ऑफलाइन)। **क्र.सं. 1. वृक्षों का विवरणः** पाखड़ = 04 नग, नीम = 02 नग, जामुन = 03 नग, यूकेलिप्टिस = 01 नग, कन्जू = 04 नग, कटहल = 01 नग, आम = 21 नग, अशोक = 03 नग, पीपल = 06 नग, दूधी = 01 नग, छहतुत = 01 नग, ढाक = 01 नग, तुन = 01 नग, वेल = 02 नग, सेमल = 03 नग, रीठा = 01 नग, शीशम = 02 नग, **कुल = 57 नग; लोकेशनः** टनकपुर यार्ड; **वृक्षों की संख्याः** कुल=57 नग हरा वृक्ष। **नियम व शर्तेंः (i)** नीलामी के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारा हेतु नीलामीकर्ता अधिकारी का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा। **(ii)** नीलामी की लॉट को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार रेलवे अपने पास सुरक्षित रखती है।
सहायक मण्डल इंजीनियर
मुजाधि/डब्ल्यू-386 पीलीभीत
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

केन्दीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बहेडी को दिलाई 9 सड़को की सौगात

बहेडी(आज ब्यूरो) ।केन्द्रीय मंत्री, पीलीभीत बहेडी सांसद जितिन प्रसाद ने बहेडी विधान सभा क्षेत्र को 9 नई सड़को की सौगात दी है। नगर मे ओवर ब्रिज की मंजूरी के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रो की सडको का जल्द विकास शुरू होगा। वित्तीय वर्ष 2026 - 27 मे मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत बरेली जिले के इन सम्पर्क मार्गो को बनानेकी मंजूरी मिली है। सभी कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा। मंजूर की गई सडको मे बहेडी तहसील क्षेत्र के ग्राम भिलौर सडक से ग्राम आमडंडा नहर की पुलिया तक, ग्राम छितौनियाँ से विशनपुर गुलडियां के मजरा अलीगंज तक, ग्राम चका से ग्राम याकूबगंज होते हुए सुकटिया नहर तक, ग्राम भूड़ा बहादुरपुर से ग्राम भरौनी तक, ग्राम दीननगर से ग्राम चरई डांडी तक, ग्राम गुलरभोज से आकलपुर कताई मिल रोड तक, ग्राम पनवडियाँ से मबई जरेल तक, ग्राम रोहनियाँ से ग्राम मनकापुर तक और बहेडी कताई मिल मार्ग ग्राम हरसुनगला से गुलडियां सुक्खी होते हुए ग्राम मिर्जापुर रंजीत बहेडी बंजरिया मार्ग तक शामिल है।

लाखों की चोरी

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील के सिरौली कस्बे में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। अज्ञात बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर 4 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

बरेली सिनेमा जगत में
ता 16 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50
(भोजपुरी)
मुझसे शादी करोगी

कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।
विज्ञप्ति का प्रारूप
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजीव कुमार रस्तोगी पुत्र श्री राममूर्ति लाल व श्रीमती ज्योत्सना पत्नी श्री राजीव व श्री हार्दिक रस्तोगी पुत्र श्री राजीव कुमार रस्तोगी द्वारा रामपुर बाग, बरेली द्वारा रामपुर बाग, बरेली स्थित भूखण्ड संख्या - 35 बी / 4 क्षेत्रफल - 1007.16 वर्गमी0 को तीन भागों में उप-विभाजित किये जाने हेतु ऑन लाइन मैप नं0- बी0डी0ए0/ बी0पी0 / एम0एस0 / 2026-27 / 37774 प्रस्तुत किया गया है। "मूल भूखण्ड संख्या - 35बी / 4 क्षेत्रफल - 1003.32 वर्गमी0 के उपविभाजन उपरान्त भूखण्डों का क्षेत्रफल क्रमशः 338. 28वर्गमी0, भूखण्ड संख्या - 35बी / 4 / 1, क्षेत्रफल 334.44 वर्गमी0, भूखण्ड सं0-35बी / 4/ 2 तथा क्षेत्रफल 334.44वर्गमी0 भूखण्ड सं0-35बी/4/3 रहेगा"। प्रस्तावित स्थल का भू-उपयोग बरेली महायोजना - 2021 एवं बरेली महायोजना - 2031 में आवासीय में दर्शित है । मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन - 2025 के अध्याय - 3 के प्रस्तर 3.1.1.4 के उप प्रस्तर - 3.1.1.4.1 के अनुसार सब-डिविजन अनुमन्य किया जा सकता है। प्रश्नगत स्थल के सम्मुख रोड की चौड़ाई 9.00 मी0 है । उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति / सुझाव देने हों, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण मानचित्र लिपिक को प्राप्त करा सकते है । नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव को स्वीकार नही किया जायेगा । पीसीनं. ८७७९ उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण बरेली।

वैवाहिक बंधन में बंधे में जोड़े

हलचल

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। नगर पंचायत के पांच जोड़ों का आज दिनांक 21 अक्टूबर 2026 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत फरीदपुर स्थित सत्संग भवन में नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के 05 जोड़ों का विवाह एवं निकाह विधिवत रूप से संपन्न कराया गया।उक्त कार्यक्रम नगर पालिका परिषद फरीदपुर एवं विकासखंड फरीदपुर के जोड़ों के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।इसमें नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के 03 हिंदू जोड़ों का विवाह संस्कार तथा 02 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ।कार्यक्रम के उपरांत नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के सभी 05 नवविवाहित जोड़ों को योजना के अंतर्गत विवाह सामग्री वितरित की गई। इसमें साड़ी,पगड़ी,पैंट-शर्ट, गद्दा,डिनर सेट,अटैची सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल रही।इस अवसर पर नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के अध्यक्ष श्री संजय पाठक जी एवं अधिशासी अधिकारी श्र राजन नाथ तिवारी जी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया कार्यक्रम में नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के कर्मचारी श्री ओपेंद्र कुमार,श्री संजीव कुमार,श्री संजय कुमार,श्री नीरज सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**आंवला।** आंवला तहसील के मझगवां ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। इसमें कुल 75 जोड़ों का विवाह विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने दीप जलाकर किया। नवविवाहित जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर और एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर नए जीवन की शुरुआत की।ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करती है। इसका उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने सभी जोड़ों को उपहार दिए और शुभकामनाएं दीं। **मीरगंज** । स्थानीय श्रीराम वेंकटहाल पर प्रशासन की ओर से सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां 104 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें हिंदू 90 जोड़ो का विवाह पुरोहित पंडित आशीष शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से संपन्न कराया , जबकि 14 मुस्लिम जोड़ों का मौलाना शारुख ने निकाह कराया। यहां कुल109 जोड़े पंजीकृत थे, जिनमें से 5 अनुपस्थित रहे। सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बाद ही जोड़ों को शादी कार्यक्रम में शामिल किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित दंपतियों को उपहार आदि देकर आशीर्वाद दिया । विधायक डॉ डीसी वर्मा ने कहा कि कन्यादान से बड़ा दुनिया में कोई दूसरा दान- पुण्य नहीं है । सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पंजीकरण कराने वाले जोड़े जब विवाह के लिए पहुंचे तो कार्यक्रम स्थल पर मौजूद गांव वालों के साथ ब्लॉक स्टाफ ने उनका स्वागत किया । विधायक डॉ डीसी वर्मा ,जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा , एसडीएम निधि शुक्ला ,तहसीलदार आशीष कुमार सिंह , ब्लॉक प्रमुख प्रशासक गोपाल कृष्ण गंगवार आदि ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में किसी भी कन्या के विवाह में योगदान देने भर से भारतीय संस्कारों की पूर्ति हो जाती है ।इस दौरान मौजूद सभी ने वर-वधू पर पुष्प वर्षा कर एक बार फिर इन जोड़ों का स्वागत कर उन्हें बधाई दी।यहां बीडीओ आनंद विजय यादव ,एडीओ पंचायत वीपी सिंह ,एडीओ (समाज कल्याण) आसिम अली,गजेंद्र पाल वर्मा आदि ने सहयोग किया।

व्यापार मण्डल के संरक्षक व वरिष्ठ समाज सेवी हाजी सईद गोल्डन का इंतकाल

बहेड़ी(आज ब्यूरो)।नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापार मंडल के संरक्षक जनाब हाजी सईद अहमद गोल्डन के अचानक इंतकाल से नगर के सामाजिक एवं व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सामाजिक एवं व्यापारिक योगदान को याद किया। हाजी सईद अहमद गोल्डन का व्यापार मंडल से वर्षों पुराना जुड़ाव रहा। उन्होंने वर्ष 1989 में व्यापार मंडल में स्पेयर पार्ट्स एसोसिएशन के महामंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद वह व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पदों पर रहे। उनके लंबे अनुभव, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए वर्ष 2000 में उन्हें व्यापार मंडल का संरक्षक बनाया गया।

सपा जिला सचिव ने नसीम अहमद पर लगाए आरोप

बहेडी(आज ब्यूरो)।समाजवादी पार्टी के जिला सचिव पीर मोहम्मद ने पत्रकारो से बात की ।उन्होने उन खबरो का खण्डन किया, जिनमे कहा गया है कि नसीम अहमद के आजाद समाज पार्टी मे जाने से सपा को नुक्सान हुआ है। जिला सचिव ने साफ किया कि नसीम अहमद कभी समाजवादी पार्टी के सदस्य नही थे। वह बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार रहे थे। और पिछला चेयरमैनी चुनाव भी बसपा के टिकट पर लड़कर तीसरे नंबर पर आए थे। उनका सपा से कोई सम्बन्ध नही है, बल्कि वह पार्टी के कट्टर विरोधी रहे है।

दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज से

बरेली(आज समाचार सेवा)। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, बरेली ने बताया कि राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, बरेली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 22 एवं 23 अक्टूबर को ग्राम कल्यानपुर हिकमत अली , न्याय पंचायत कल्यानपुर हिकरत अली , विकासखंड भोजीपुरा, जनपद बरेली में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 26 एवं 27 अक्टूबर को उपरोक्त विषय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से इच्छुक लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र ने संबंधित ग्राम पंचायतों एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर इसका लाभ उठाएं।

युवक की मौत की खबर, मौके पर पहुंची पुलिस, झूठी सूचना देने वाला कॉलर गायब

बहेडी(आज ब्यूरो)। थाना पुलिस को थाना क्षेत्र के ग्राम जाम खजूर मे गोली चलने और एक युवक की मौत की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम लगभग दस किलोमीटर दूर गाँव की ओर दौड पडी ।हालांकि मौके पर पहुँचने पर गोली चलने या किसी की मौत भी पुष्टि नही हुई है। किसी अन्जान व्यक्ति ने डायल 112 पर फोन करके यह जानकारी दी थी। पीआरवी ने इसे गम्भीरता से लेते हुए बहेडी कोतवाली पुलिस को बताया ।सूचना पर पुलिस तुरन्त गाँव पहुंची औरछानबीन शुरू की, लेकिन वहाँ ऐसी को घटना नही मिली । पुलिस के अनुसार सूचना देने वाले व्यक्ति ने अपना फोन बन्द कर लिया था। पुलिस ने फोन की लोकेशन के आधार पर भी जाँच की, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लगा। अब पुलिस झूठी सूचना देने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है।

गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में फार्मो पर जी-मेल गलत पड़ने से छात्र छात्राए परेशान

बहेडी(आज ब्यूरो)।गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, के सैकडो छात्र-छात्राओं के परीक्षा फॉर्म में जी-मेल गलत दर्ज होने के कारण ओटीपी प्राप्त नहीं हो पा रही है,जिससे छात्र - छात्राए अपना परीक्षा फॉर्म भरने में असमर्थ है छात्र-छात्राओं की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए लक्की पाल, महानगर सचिव, समाजवादी छात्र सभा, बरेली ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय प्रशासन से वार्ता की। माँग करने वालो मे मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष सतेन्द्र दिवाकर, महानगर सचिव लक्की पाल, जिला उपाध्यक्ष करीम ,नगर अध्यक्ष अब्दुल कलीम , अंबुज यादव, बिल्ला ,आजम ,शोहिल , मुजीम खान आदि लोग उपस्थित रहे।

गन्ने के खेत में मिला महिला का शव, सोने के कुंडल गायब,परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

क्योलडिया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के गांव तिगरी में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब गन्ने के खेत में एक वृद्ध महिला का शव पड़ा मिला। महिला मंगलवार दोपहर नकटी नारायणपुर बाजार जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को पति ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी थी। महिला की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गांव तिगरी निवासी नयानो देवी (62) पत्नी लाला राम मंगलवार दोपहर करीब दो बजे घर से नकटी ना रायनपुर बाजार करने गई थीं। शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की, लेकिन महिला का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद बुधवार को पति लाला राम ने थाना क्योलड़िया पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी की तहरीर दी। बुधवार शाम करीब चार बजे गांव की



हिमांशी शौच के लिए गन्ने के खेत की ओर गई थी। इसी दौरान उसकी नजर खेत में मृत अवस्था में पड़ी लडेतो देवी पर पड़ी। शव देखकर हिमांशी घबरा गई और उसकी चीख निकल गई। उसने दौड़कर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण और महिला के परिजन मौके पर पहुंच गए। ग्राम प्रधान जगदीश प्रसाद ने फोन कर घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति लाला राम ने बताया कि उनकी पत्नी के सोने के कुंडल गायब हैं। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई और कुंडल गायब होने के पीछे क्या कारण है, यह जांच का विषय है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

इज्जतनगर में 206 ग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

बरेली (आज समाचार सेवा)। इज्जतनगर थाना पुलिस ने दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कुम्हरा स्टैंड के पास एक युवक को 206 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अफीम किसी ट्रक चालक को बेचने की फिराक में था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार, 21 अक्टूबर को उपनिरीक्षक सुनील कुमार पुलिस टीम के साथ इलाके में गश्त और वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान विलयधाम से लालपुर चौराहे की ओर जाते समय कुम्हरा स्टैंड के पास हाईवे पर बैठा एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली। पुलिस का कहना है कि युवक की पैंट की दाहिनी जेब से एक पन्नी में रखा मटमैले रंग का पदार्थ मिला। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौलने पर पन्नी समेत उसका वजन 206 ग्राम निकला। पुलिस ने बरामद पदार्थ को अफीम बताया है। पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह ज्यादा पैसे कमाने के लिए अफीम किसी ट्रक चालक को बेचने की तैयारी में था। पुलिस के अनुसार, वह अफीम रखने से संबंधित कोई लाइसेंस भी नहीं दिखा सका। पुलिस ने बरामद पदार्थ को सील कर आरोपी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूरी की। मामले में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस की रिपोर्ट में बरामदगी और गिरफ्तारी की वीडियो रिकॉर्डिंग ई-साक्ष्य ऐप के जरिए किए जाने का भी उल्लेख है।

ट्रक चालक को बेचने की थी तैयारी

एमएलसी चुनाव: बरेली में 6,763 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

22 सेक्टर, 10 जोन और 6 सुपर जोन में बांटा गया जनपद; 23 को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा मतदान

बरेली (आज समाचार सेवा)। बरेली-मुरादाबाद मंडल एमएलसी चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बरेली में कुल 6,763 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक बूथ पर मतदान कर्मियों के साथ माइक्रो ऑब्जर्वर और वीडियोग्राफर की तैनाती की गई है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी मुस्तैद रहेगा। प्रत्येक बूथ पर एक पीठासीन अधिकारी के साथ तीन मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा एक माइक्रो ऑब्जर्वर और एक वीडियोग्राफर भी तैनात रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रत्येक पार्टी के साथ एक सब इंस्पेक्टर (एसआई) और दो सशस्त्र पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मोबाइल फोन जमा कराने के लिए मतदान केंद्र के गेट पर कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि मतदान के दौरान नियमों का पालन कराया जा सके। प्रशासन ने चुनाव व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए जनपद को 22 सेक्टर, 10 जोन और छह सुपर जोन में बांटा है। इसके साथ ही विभिन्न स्तरों पर पुलिस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, ताकि मतदान के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 तारीख को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। बरेली की पोलिंग पार्टियां 22 तारीख को सुबह आठ बजे से रवाना होंगी। इसी क्रम में एडीएम संतोष कुमार सिंह ने संजय कम्युनिटी हॉल में टेबल पर तैनात कर्मचारियों की ब्रीफिंग की। उन्होंने चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके।



मानस स्थली रेजिडेंशियल स्कूल में इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बास्केटबॉल टूर्नामेंट-2026 का भव्य शुभारम्भ आज

बरेली (आज समाचार सेवा)। मानस स्थली रेजिडेंशियल स्कूल, बरेली के दशरथ स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बास्केटबॉल टूर्नामेंट-2026 का आयोजन 22, 23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 22 अक्टूबर को प्रात: 11:00 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य माननीय श्री कुंवर महाराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बरेली एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों की बालक एवं बालिका वर्ग की लगभग 45 टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय देने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट के अंतिम दिन, 24 अक्टूबर 2026 को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे तथा समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में फ्यूचर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. मुकेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामूहिक भावना को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र में बास्केटबॉल खेल को प्रोत्साहित करने तथा विभिन्न विद्यालयों के बीच आपसी समन्वय एवं खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतियोगिता के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं।



75 शिक्षकों के इंक्रीमेंट पर सुनवाई 23 को,बीएसए कार्यालय में होना होगा उपस्थित

बरेली (आज समाचार सेवा)। जिले में 75 सहायक अध्यापकों के इंक्रीमेंट से जुड़े मामले में 23 अक्टूबर को सुनवाई होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल रिट याचिका संख्या 4098/2026 में पारित आदेश के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से संबंधित शिक्षकों को सुनवाई के लिए बुलाया गया है। इसके लिए 21 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र में सभी संबंधित शिक्षकों को 23 अक्टूबर को अपराह्न 3:30 बजे बीएसए कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए कार्यालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में अपने प्रत्यावेदन कार्यालय में उपलब्ध कराए थे। अब इन प्रत्यावेदनों पर सुनवाई की प्रक्रिया के तहत उन्हें अपने पक्ष से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होना होगा। इस सुनवाई को शिक्षकों के इंक्रीमेंट से जुड़े मामले के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पत्र में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विकासखंडों में तैनात संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं को सुनवाई की तिथि और समय की जानकारी देना सुनिश्चित करें, ताकि सभी संबंधित शिक्षक निर्धारित समय पर बीएसए कार्यालय पहुंच सकें। जारी सूची में बिथरी चैनपुर, भुता, भोजीपुरा, शेरगढ़, मझगवां, क्यारा, बहेड़ी, दमखोदा, फतेहगंज पश्चिमी, नवाबगंज, फरीदपुर, भदपुरा और आलमपुर समेत विभिन्न विकासखंडों के परिषदीय विद्यालयों में तैनात 75 सहायक अध्यापक शामिल हैं। सभी संबंधित शिक्षकों को निर्देशों का पालन करते हुए अपने अभिलेखों के साथ समय से उपस्थित होने को कहा गया है। सुनवाई के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में जारी हुआ निर्देश, संबंधित शिक्षकों से अभिलेखों के साथ पहुंचने को कहा

सट्टे की खाईबाड़ी करते दो युवकों गिरफ्तार

बरेली (आज समाचार सेवा)। सीबीगंज थाना पुलिस ने बंडिया नहर कट के पास बिजली घर के निकट बने शेड के नीचे कथित तौर पर सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार सट्टा पर्चे दो पेन दो गत्ते और 500 रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना सीबीगंज के परसाखेड़ा चौकी इंचार्ज पवन कृष्ण पुलिस टीम के साथ मंगलवार की रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बंडिया नहर कट के पास बिजलीघर के निकट बने शेड के नीचे दो व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान बंडिया गांव निवासी प्रदीप सक्सेना और दीपक सक्सेना के रूप में हुई। तलाशी के दौरान प्रदीप के पास से दो सट्टा पर्चे एक पेन एक गत्ता और 220 रुपये बरामद हुए। वहीं दीपक के कब्जे से दो सट्टा पर्चे एक पेन एक गत्ता और 280 रुपये मिले। पुलिस ने दोनों से बरामद सामान और नकदी को सील कर आवश्यक दस्तावेज तैयार किए। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

बरेली (आज समाचार सेवा)। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को कथित अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को दोनों आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के देशी तमंचे और एक-एक जिंदा चकारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत कार्रवाई की है। थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार को उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि परौरा गांव के कट पर रेबिल अस्पताल के सामने एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा एक जिंदा कारतूस और 300 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान नन्हे उर्फ चंचल (21) निवासी पैगानगरी उर्फ नगरिया भगत थाना मीरगंज बरेली के रूप में हुई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर बरामद असलाहे को सील करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजा भारद्वाज की टीम ने करमपुर चौधरी पेट्रोल पंप के पास मिली सूचना पर कासमपुर रोड से नैनीताल रोड जाने वाले रास्ते पर एयरफोर्स की बाउंड्री के निकट दबिश दी। गोपाल धाम कॉलोनी के सामने से पकड़े गए युवक की तलाशी में 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक (25) निवासी रेलवे कॉलोनी थाना इज्जतनगर बरेली के रूप में की। बरामदगी के बाद तमंचे और कारतूस को सील कर दस्तावेजी कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी।

निर्माण सामग्री हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद

बरेली (आज समाचार सेवा)। बारादरी थाना क्षेत्र के गंगापुर में निर्माण सामग्री हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। एक व्यक्ति ने पड़ोसी और उसके परिवार के सदस्यों पर गाली-गलौज करने ईंटों से हमला कर परिवार के लोगों को घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थाना बारादरी क्षेत्र के गंगापुर निवासी काशीनाथ के घर पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए कुछ ईंटें उनके किराये के मकान के चबूतरे पर रखी हुई थीं। आरोप है कि मंगलवार को पड़ोसी धर्मेंद्र और उसके परिवार के सदस्यों ने ईंटें हटाने को लेकर काशीनाथ और उनके परिजनों से विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज की गई और फिर ईंटों से हमला कर दिया गया। हमले में उनकी मां और उन्हें सिर में चोटें आईं जबकि उनकी बेटी और पत्नी की नाक व हाथ पर चोट लगी। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। आरोप है कि इसके बाद दूसरे पक्ष के लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने थाना बारादरी में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

जनगणना ड्यूटी में मनमानी का आरोप, शिक्षामित्रों ने सौंपा ज्ञापन

बरेली (आज समाचार सेवा)। जनगणना कार्य के लिए ड्यूटी आवंटन में कथित भेदभाव और अव्यवहारिक तैनाती को लेकर शिक्षामित्रों में नाराजगी बढ़ गई है। दूरदराज के ब्लॉकों में कार्यरत शिक्षामित्रों को नगर निगम क्षेत्र में ड्यूटी दिए जाने पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने विरोध जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी नारायण सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही बीएसए कार्यालय में भी अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। संघ के जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि दमखोदा, नवाबगंज, मीरगंज और बहेड़ी जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले शिक्षामित्रों को 60 से 70 किलोमीटर दूर नगर निगम क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए भेजना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ड्यूटी निर्धारण के दौरान पारदर्शिता का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे शिक्षामित्रों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला महामंत्री कुमुद केशव पांडे ने मांग की कि शिक्षामित्रों की तैनाती उनके कार्यस्थल या निवास के नजदीकी क्षेत्रों में की जाए। इससे जनगणना कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सकेगा और कर्मचारियों को रोजाना लंबी दूरी तय करने से होने वाली आर्थिक व मानसिक परेशानी से राहत मिलेगी। उन्होंने महिला शिक्षामित्रों की सुविधाओं और सुरक्षा को भी ध्यान में रखते हुए ड्यूटी निर्धारित करने की मांग उठाई। शिक्षामित्रों ने प्रशासन से ड्यूटी आवंटन की व्यवस्था की समीक्षा कर तैनाती में व्यावहारिकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान जिलाध्यक्ष कपिल यादव, जिला महामंत्री कुमुद केशव पांडे, सीमा सक्सेना, सर्वेश पटेल, सरवन कुमार, रवि शंकर मिश्रा, रीना, बसंती, सविता, सुनीता, रामकिशन और प्रतिष्ठा सहित कई शिक्षामित्र मौजूद रहे।



जूनियर बालक मण्डलीय बास्केटबाल टीम चयनित

बरेली (आज समाचार सेवा)। अलीगढ़ में 28 से 31 अक्टूबर तक होने वाली जूनियर बालक समन्वय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए मण्डलीय टीम का चयन स्पोर्टस स्टेडियम में किया गया, जिसमें सुमित कुमार शर्मा, आकाश यादव, अंश माहेश्वरी, हर्ष वर्मा, अनंत रस्तोगी पीलीभीत, धनंजय यादव, आरूष पटेल, अर्पित मैसी, फैजान, शिवम कुमार यादव, लक्ष्य व गोकुल शर्मा बरेली व अतिरिक्त में उमंग शर्मा पीलीभीत, नितेश बरेली व फैजुल हसन खान पीलीभीत का चयन किया गया, उक्त जानकारी सचिव बीबीए सोनेन्द्र श्रीतीय ने दी।



सनातन संस्कृति का पर्याय है बाल रामायण : डा0 दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त निरंतर विभिन्न विद्यालयों में जाकर प्रभु श्री राम की पावन गाथा का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।उन्होंने व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, मढ़ीनाथ,



बरेली में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज परिवार और समाज की स्थिति हमारी सनातन संस्कृति ,आदर्शों परंपराओं के प्रतिकूल आचरण कर रही है। वैज्ञानिक आविष्कारों के दौर में हमारे संस्कार पीछे छूटते जा रहे हैं। आश्चर्य है परंतु फिर भी सनातन संस्कृति जीवंत है । इसका मूल रहस्य हमारे आराध्य हैं हमारे आदर्श हैं और हमारे अमर ग्रंथ हैं जो इस भोगवादी युग में भी हमारे संबल बने हैं । अत:आगे भविष्य में भी हम तभी और आगे बढ़ सकेंगे जब हम रामायण के आदर्शों का अपने जीवन में आचरण करेंगे। हम पाश्चात्य संस्कृति का तिरस्कार कर सत्य सनातन संस्कृति का मन वचन और कर्म से सत्कार करते हुए उसका हम सभी व्यवहार करेंगे अपने जीवन में अपनायेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दिनेश सिंह चौहान, सुश्री इशिका कश्यप एवं सुश्री शुभी आदि उपस्थित रहीं ।

स्पोर्टस स्टेडियम में जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

बरेली (आज समाचार सेवा)। के. डी. ई. एम.इंटर कॉलेज बरेली के तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में आयोजित बालक एवं बालिकाओं की मण्डलीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल बरेली रामाज्ञा कुमार जी तथा अति विशिष्ट अतिथि ज़िला विद्यालय निरीक्षक, बरेली डॉ. अजीत कुमार जी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर तथा उनका माल्यार्पण कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि जी तथा का स्वागत जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली डॉ. अजीत कुमार,प्रधानाचार्य पी. एम. श्री राजकीय इंटर कॉलेज, बरेली ओम प्रकाश राय तथा प्रधानाचार्य के. डी. ई. एम. इंटर कॉलेज, बरेली हरीश स्वामी जी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली जी का स्वागत मण्डलीय क्रीड़ा सचिव बरेली नईम अहमद अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली जसवंत सिंह जी,निर्भय सिंह गुर्जर जी,डॉ सुभाष कुमार,राजू रजा, गजेंद्र तोमर,मधु मौर्य,पुरुषोत्तम सरन राजपूत,आदेश यादव,आनंद दीक्षित, विजय रतन चंद्र मौर्य, कुसुम लता राजपूत अर्चना राजपूत,मनोरमा रानी, डॉ. एसपी पांडेय आदि प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। अभिलेखीय कार्यों में डॉ. त्रिलोक नाथ, रोहित कुमार सिंह,कमल तिवारी, राजेश कुमार यादव, सन्देश राठौर आदि लोगों ने विशेष योगदान दिया। निर्णायक के रूप में अजय कश्यप, पंकज सिंह, विजय यादव,पंकज कुमार, कुशाग्र दीक्षित, राजवीर सिंह,राजेश आदि ने अपना योगदान दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालयों के सी. पी. सिंह, उमाशंकर, रामकुमार, मोना शर्मा, धर्मपाल सिंह, डॉ. नरेश सिंह,, अनिल कुमार, अनुराग श्रीवास्तव, निर्मल कुमार जी ने भी उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।



पर्वतीय समाज रामलीला में हुआ श्री राम का राज्याभिषेक

बरेली (आज समाचार सेवा)। कुर्मांचल नगर भोलेनाथ मंदिर परिसर में आयोजित पर्वतीय समाज रामलीला महोत्सव के मुख्य आकर्षण मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का राज्याभिषेक हुआ। सभी कलाकारों, कार्यकर्ताओं को पारितोषिक वितरण किया गया।अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दियोलिया और महासचिव डॉ.नरेंद्र सिंह बिष्ट ने सर्वोत्तम कार्यकर्ता,सर्वोत्तम वयस्क कलाकार,सर्वोत्तम सामाजिक कार्यकर्ता,सर्वोत्तम बाल कलाकार और सर्वोत्तम महिला कार्यकर्ता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर कुंवर सिंह बिष्ट,इंद्र सिंह बिष्ट,मदन सिंह बिष्ट पूर्व सभासद कैंट,जगदीश सिंह बिष्ट,आनंद सिंह मेहता,उमेश बिनवाल,बालम सिंह मेहरा,चंद्र प्रकाश जोशी,गिरीश पांडे,पुष्कर सिंह बोहरा,दीपक धौनी,तारा जोशी,भुवन पांडे,रमेश शर्मा,दीपक कलोनी,पंकज खर्कवाल, जीत सिंह वोहरा, दीवानी चंद,गोपाल मेहरा,गोपाल राणा,पी.एस.बोनाल आदि उपस्थित रहे।महिला कार्यकर्ताओं में सोमा परिहार,अंजू बिष्ट,चंद्रा दियोलिया, प्रेमा जोशी,दिव्या नैनवाल,बरखा तिवारी,बबीता नेगी आदि का विशेष सहयोग रहा। मीडिया प्रभारी देवेंद्र रावत ने सभी दर्शकों,मीडिया बंधुओं और प्रशासन के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।



स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा आज हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित वाराणसी-संत कबीर मार्ग,गोरखपुर-बैंक रोड,प्रयागराज-3 लीडर रोड,कानपुर-बांस मण्डी,झांसी-झोंकन बाग, लखनऊ-1 जापलिंग रोड, आगरा-महात्मा गांधी रोड, पटना-फ्रेजर रोड, रांची-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, जमशेदपुर- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 पूर्ण संख्या-13270

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष 9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

नवरात्रि महोत्सव में रक्तदान महादान, सनातन व आध्यात्म चिंतन की जगाई अलख

बरेली (आज समाचार सेवा)। माँ गंगा बचाओ वेलफेयर सोसाइटी, ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल, एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी एवं महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नवरात्रि महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन प्राचीनतम बाबा श्री विश्वनाथ मन्दिर के प्रांगण में संस्थापक /राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रजनीश सक्सेना के नेतृत्व में एवं महानगर युवा उपाध्यक्ष आशीष प्रधान एवं श्वेता सक्सेना के संयोजन में किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं समाजसेवी वीरेंद्र प्रसाद खंडेलवाल जी रहे।अध्यक्षता संरक्षक अनुपम कपूर ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष आकर्षण श्री हनुमान चालीसा पाठ,सामूहिक डांडिया उत्सव, माता रानी के सुहाग प्रसाद का वितरण एवं भव्य महाआरती के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा जनमानस में सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना रहा। वही उपस्थित जनसमुदाय को



मां गंगा, गौ, बेटी, पर्यावरण बचाओ देश बचाओ, रक्तदान महादान, सनातन एवं आध्यात्म चिंतन के प्रति जागरूक करते हुए संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर संचालन प्रदेश संयोजक सचिन श्याम भारतीय ने किया। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष उपाध्याय,कनिष्क शर्मा ने किया।इस अवसर पर मातृशक्ति ने डांडिया उत्सव को सही मायनों में अविस्मरणीय प्रस्तुतियों से सफल एवं ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर डॉ रजनीश सक्सेना, आशीष प्रधान, संतोष उपाध्याय, कनिष्क शर्मा, सचिन श्याम भारतीय,कौशिक टंडन,सचिन पाठक, श्वेता सक्सेना,नवांश प्रधान,दिव्यांश प्रधान,रेणु गुप्ता, ऋतु सक्सेना, हरजीत कौर, आरती सक्सेना,सुनीता गंगवार,शशि सक्सेना, प्रीति चड्ढा, रंजीत कौर,प्रज्ञा मिश्रा,संजू सिंह,मिष्ठी गुप्ता,राधिका मिश्रा,नव्या मिश्रा,श्री मिश्रा,आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।अंत में आभार संरक्षक सी एल शर्मा ने व्यक्त किया।

प्रयागराज अधिवक्ता हत्याकांड के विरोध में कायस्थ समाज ने उठाई आवाज़, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बरेली (आज समाचार सेवा)। प्रयागराज में अधिवक्ता श्री सर्वेश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या की घटना को लेकर कायस्थ समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर घटना के विरोध में अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा, बरेली के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय, बरेली में ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। महासभा ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए, पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए तथा परिवार की बेटियों को सरकारी नौकरी देकर आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर संगठन के अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकजुट होकर अपना सहयोग प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल में वेद प्रकाश, अरुण भटनागर, डॉ. एस.पी. सक्सेना, अशोक सक्सेना , अनिल कुमार सक्सेना , अक्षय कुमार बिसारिया , दिनेश सक्सेना , श्वेतांक अस्थाना , राज सक्सेना , श्रीमती मंजू लता , अमित आनंद , अंश सक्सेना , सुनील सक्सेना एवं अमित सक्सेना सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सभी सदस्यों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। महासभा ने कहा कि समाज की एकता, न्याय और सुरक्षा के लिए संगठन सदैव अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा।





आलोक प्रधान एडवोकेट को जन्मदिन पर दी हार्दिक बधाई

बरेली (आज समाचार सेवा)। विशेष लोक अभियोजक पास्को क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा व प्रदेश अध्यक्ष कायस्थ सेना कल्याण परिवार आलोक प्रधान एडवोकेट के जन्मदिन पर उन्हें सपत्नीक शुभचिन्तकों ने बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना की। शुभकामनायें देने वालों में पुरूषोत्तम सिंह जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल, राजाबाबू पटेल एडवोकेट, सचिन सिंह एडवोकेट, जीशान एडवोकेट, उमेश एडवोकेट, सुनील सक्सेना, अमित सक्सेना एडवोकेट आदि शामिल रहे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित भव्य जिला स्तरीय शस्त्र पूजन हुआ संपन्न



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। माँ गोमती के पवित्र उद्गम स्थल पर विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में एक ऐतिहासिक और विराट जिला स्तरीय शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र में सनातन संस्कृति और क्षत्रिय परंपरा के अनूठे संगम की मिसाल पेश की।

दशहरे के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए माधौटांडा सहित पूरे जनपद से क्षत्रिय बंधु सपरिवार भारी संख्या में पहुँचे। कार्यक्रम स्थल पर समाज के युवाओं, बुजुर्गों और पदाधिकारियों में एक विशेष प्रकार का उत्साह और जोश देखने को मिला। सभी ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और इस आयोजन को ऐतिहासिक रूप देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सनातन परंपरा और शस्त्र संस्कृति का संदेश शस्त्र पूजन के इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक हथियारों की पूजा की गई। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि शस्त्र पूजन हमारी प्राचीन संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो आत्मरक्षा, राष्ट्र की सुरक्षा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षत्रिय समाज में एकजुटता और संस्कृति के प्रति निष्ठा का एक नया संदेश प्रसारित हुआ है।

दुर्गा पूजा मेले में पुलिसकर्मियों सहित पूजा कमेटी के सभी सदस्य हुए सम्मानित

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। शारदीय दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर चल रहे पांच दिवसीय मेले के दौरान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रमनगरा पुलिस चौकी के इंचार्ज एवं कांस्टेबलों सहित पूजा कमेटी के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और उपस्थित जनप्रतिनिधियों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सभी को सम्मानित कर उनके प्रति आदर और सहयोग की भावना व्यक्त की गई।

तहसील कलीनगर क्षेत्र के गभिया सहराई में आयोजित शारदीय दुर्गा पूजा मेले में धार्मिक आस्था के साथ उत्साह और उल्लास का माहौल बना हुआ है। मेले के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका और आयोजन को सफल बनाने में जुटे पूजा कमेटी के सदस्यों के योगदान को सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह में सभी नामित लोगों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पूजा कमेटी के अध्यक्ष शंकर राय, उपाध्यक्ष नारायण दास, कोषाध्यक्ष विधान मंडल और सचिव बिक्की साना को सम्मानित किया गया। इनके साथ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुकुमार गाईन, प्रधान अजय बेध, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष सिकदार, कालीपद गाईन, गणेश समददार और अंजन ढाली को भी बैज लगाकर सम्मानित किया गया।वहीं, रमनगरा पुलिस चौकी के इंचार्ज मनोज कुमार तोमर तथा चौकी के कांस्टेबलों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में सभी सम्मानित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मेले के आयोजन में सहयोग, सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया गया। पांच दिवसीय दुर्गा पूजा मेले में आयोजित इस सम्मान समारोह ने धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक एकता और आपसी सहयोग का संदेश दिया। गभिया सहराई में शारदीय दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति की ओर से सभी सम्मानित लोगों के योगदान को सराहा गया।

दहेज के लिए जिंदा जलाने की कोशिश और जानलेवा हमलों के बाद रिपोर्ट दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। दहेज उत्पीड़न का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। वादिनी पूजा देवी ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी और पांच लाख रुपये नकद न मिलने पर क्रूरता की सारी हदें पार करने का गंभीर आरोप लगाया है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा (मथना जप्ती) की पूजा देवी का विवाह 9 फरवरी 2026 को बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जिरौनिया निवासी अभिषेक कश्यप के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शादी में मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार घरेलू सामान, कपड़े, सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान दिया था। विवाह में मैरिज पैलेस और दूसरे खर्चों समेत करीब 13 लाख 20 हजार रुपये खर्च होने का दावा किया गया है। विवाह के करीब दस दिन बाद पति अभिषेक कश्यप, सास राधा देवी, ननद शिवानी कश्यप, पति की बुआ गुड्डी देवी और बिचौलिया रामेश्वर दयाल ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, उससे चार पहिया गाड़ी और कारोबार के लिए पांच लाख रुपये नकद लाने का दबाव बनाया गया। मायके की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है उसका पति नशे का आदी है और नशे की हालत में उसने फावड़े, कुल्हाड़ी, हथौड़ी और डंडे से उस पर हमला किया। जान का खतरा महसूस होने पर उसने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। शिकायत में पति और अन्य आरोपियों पर डीजल-पेट्रोल से भीगी चादर डालकर जिंदा जलाने का प्रयास करने तथा जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। ससुराल पक्ष ने उसके सोने-चांदी के आभूषण, कीमती कपड़े और अन्य स्त्रीधन अपने कब्जे में ले लिया। जब उसके माता-पिता उसे लेने पहुंचे तो उसे कोई आभूषण या कपड़ा नहीं दिया गया। मजबूर होकर वह पुराने कपड़े एक पॉलीथिन में रखकर मायके लौट आई। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता शादी में बड़ी रकम खर्च करने के बाद अब अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी करने की स्थिति में नहीं हैं। अभिषेक कश्यप, सास राधा देवी, ननद शिवानी कश्यप, बुआ गुड्डी देवी और बिचौलिया रामेश्वर दयाल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जानलेवा हमले और स्त्रीधन हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है।

सीलिंग व ध्वस्तीकरण पर रोक की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद द्वारा विकसित कॉलोनियों में पर्याप्त व्यावसायिक बाजारों की व्यवस्था न होने के कारण व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है। स्थानीय व्यापारियों द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी पीलीभीत को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों की ज्वलंत समस्याओं को रखते हुए नीतिगत कानून बनाने की पुरजोर मांग की गई।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि व्यापारियों ने स्वयं के स्तर पर बाजार विकसित कर समाज और देश की आर्थिक तरक्की में अमूल्य योगदान दिया है। व्यापारी नियमित रूप से कमर्शियल बिजली बिल, कमर्शियल हाउस टैक्स, जीएसटी, इनकम टैक्स और अन्य सरकारी करों का भुगतान करते हैं। इसके बावजूद पुराने शहरों के बिल्ड-अप एरिया और आवासीय कॉलोनियों में काम कर रहे व्यापारियों को नोटिस, सीलिंग और ध्वस्तीकरण (बुलडोजर कार्रवाई) की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि आवास विकास और प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सही तथ्यों को प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसकी आड़ में अब निर्दोष व्यापारियों पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की गाज गिराई जा रही है। इसको लेकर व्यापारियों ने मांग की कि व्यापारियों को अपने आवास में दुकान खोलकर सम्मानपूर्वक व्यापार करने हेतु नया कानून बनाया जाए, वर्षों से विकसित हो चुके बाजारों और कॉलोनियों को कानून बनाकर तुरंत नियमित किया जाए, जिन दुकानों या बाजारों का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है, उन पीड़ित व्यापारियों के पुनर्वास के लिए ठोस व्यवस्था व कानून बनाया जाए, कोई भी अवैध निर्माण बिना विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के संभव नहीं है। ज्ञापन में अवैध निर्माण के नाम पर भवन स्वामियों को प्रताड़ित करने के बजाय दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर उन पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि जनहित और व्यापार हित को ध्यान में रखते हुए इस मांग पत्र पर शीघ्र एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी करें। ज्ञापन देने के दौरान व्यापार मंडल युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, नाहिद खान, युवा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, हरीश सिंह नगर उपाध्यक्ष, साहिल अदनानी, शहबाज़ अहमद नगर महामंत्री, गौतम गौहा नगर कोषाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

जिला कार्यालय पर संपन्न हुई भाजपा के आईटी विभाग की महत्वपूर्ण बैठक

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी के आईटी विभाग की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। साथ ही बैठक के मुख्य वक्ता जिला प्रभारी अभिमन्यु गंगवार है। बैठक की अध्यक्षता जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा ने की। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन से हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने आईटी के सभी पदाधिकारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। मुख्य वक्ता जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार ने बताया कि आईटी विभाग संगठन का एक बहुत महत्वपूर्ण विभाग है। आज देश विरोधी ताकतें भीड़तंत्र के माध्यम से देश के विकास में बाधा डालने का प्रयास कर रही हैं। ऐसी ताकतों को आईटी और सोशल मीडिया पर जवाब देते हुए संगठन का कार्य करना है। जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा ने कहा कि आईटी विभाग के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन के हित में कार्य करेंगे और सोशल मीडिया पर भी राष्ट्रवाद के मुद्दे पर प्रखर होकर प्रतिभाग करेंगे। बैठक में इन्द्रपाल वर्मा, जय जय नारायण, गौरीश राठौर, शशि भूषण, चंद्रपाल वर्मा, हर प्रसाद, राम सिंह, शांतिस्वरूप, राजेश्वर गौतम, सुखदेव वर्मा, रवि कुमार प्रमुखता से उपस्थित रहे।

गांव की सुख शांति के लिए हुई सामूहिक पूजा अर्चना में पहुंचे भक्तों ने परिक्रमा कर मांगी मनौतियां

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। गांव के देवी स्थान पर सामूहिक दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमे पहुंचे लोगों व महिलाओं ने पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की।महिलाओ व लोगों की टीम ने देवी छंद और गीत गाये। ग्राम पंचायत घुंघचाई के देवी स्थान मंदिर पर हर साल की तरह इस बार भी सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। इससे पहले गोमती नदी से जलभर कर लाया गया। इसके बाद हवन पूजन में बैठे व्रतधारियों को खुटार से आए पंडित चैतन्य देव मिश्रा ने आहुति डलवाईं। दुर्गा पूजा में गांव के अलावा आसपास के गांव के महिलाएं बच्चे बुजुर्ग सभी ने भारी संख्या में पहुंचकर देवी स्थान के हवन कुंड के परिक्रमा कर पूजन कर गांव की सुख शांति के लिए कामनाएं कीं,बताया जाता है कि यह पूजा गांव की सलामती के लिए की जाती है। इस पूजा में नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी तिथि को होती है। समापन के बाद भक्तों ने गांव के चारों ओर परिक्रमा कर मां के जयकारे लगाए।जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। हवन कुंड के परिक्रमा करने से सारे दुख तकलीफ दूर हो जाते हैं। इस दौरान देवी स्थान पर भारी मेले का आयोजन हुआ। देवी स्थान पर गांव की महिलाओ व ग्रामीणो ने अलग अलग टोलियां बनाकर भजन और देवी मां के छंद गए। उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बडी संख्या में लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।नंदकिशोर शुक्ला, अरुण शंकर शुक्ला, संजीव त्रिवेदी,विवेक मिश्रा, ड्रोनपाल सिंह, संजय अवस्थी, राम प्रकाश त्रिवेदी, परविंदर त्रिवेदी, राजकुमार शुक्ला, सुजीत, आदर्श आदि लोग मौजूद रहे।

एनएसयूआई ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, पुलिस पर लगाये गंभीर आरोप

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत) एनएसयूआई के राष्ट्रीय आह्वान पर जिला इकाई ने कलीनगर नगर पंचायत चौराहे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीलीभीत पुलिस पर लोकतंत्र को दबाने और भाजपा सरकार के दबाव में काम करने का गंभीर आरोप लगायर। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा का आरोप है कि उनके नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम से पहले पुलिस ने उनकी तलाश में कई जगहों पर दबिश दी और परिजनों को थाने में बैठाया, वहीं मोहम्मद अज़िम को नजरबंद किया गया। इसके बावजूद राजेश वर्मा पुलिस को चकमा देकर कलीनगर पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर कमलेश लोधी, जाहिद खान, गुड्डू खान समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आशा वर्कर्स और संगिनी ने लखनऊ आंदोलन की तैयारी को लेकर बनाई रणनीति

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। गांधी पार्क में उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन से जुड़ी आशा वर्कर्स और संगिनी ने बैठक कर आगामी 23 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले महापड़ाव में शामिल होने की रणनीति तैयार की। बैठक में लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई।

यूनियन की ओर से जारी मांगपत्र के अनुसार, 7 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री और यूनियन पदाधिकारियों के बीच हुई समझौता वार्ता में 13 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन उनका पूरी तरह पालन नहीं होने का आरोप लगाया गया है। इसी के विरोध में राजधानी लखनऊ के इको गार्डन में महापड़ाव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। आशा कर्मियों ने राज्यांश बढ़ाने, आशा और संगिनी को न्यूनतम वेतन देने, मातृत्व अवकाश, स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, ईपीएफ, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी और विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों में किए गए कार्यों की लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराने की मांग भी शामिल है।यूनियन ने आशा कर्मियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, संगिनी को यात्रा भत्ता देने और डाटा फीडिंग के लिए बेहतर मोबाइल व इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष इदरीशन बेगम, राखी, सुमन, सीता, रिंकी, विमला, मीना, सौभा रानी, सविता, बेबी सहित अन्य वर्कर्स मौजूद रहीं।

युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ले गया युवक, मुकदमा

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बीएड की छात्रा बेटी को नौकरी दिलाने का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायत के अनुसार युवती 14 अक्टूबर को रोज की तरह ट्रेन से पूरनपुर स्थित एक महाविद्यालय पढ़ने आई थी। छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कॉलेज से पता चला कि वह पढ़ने नहीं आई थी, जबकि साथ पढ़ने वाली छात्राओं से जानकारी मिली कि वह फार्म जमा करने के बहाने पूरनपुर में रुक गई थी। पिता ने आरोप लगाया कि प्रसादपुर निवासी उत्सव मौर्य नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती को अपने साथ ले गया। उन्होंने उत्सव के पिता, मां और भाइयों पर भी सहयोग करने का आरोप लगाया है। पिता के मुताबिक, युवती सोने के कुंडल, सोने की चेन और चांदी की पायल पहने थी। उन्होंने बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में उत्सव मौर्य, श्रीपाल, सुशीला देवी और आरोपी युवक के भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

व्हाट्सएप पर जातिसूचक टिप्पणी कर धमकाने के मामलें में दो नामजद सहित 22 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। व्हाट्सएप पर कथित जातिसूचक टिप्पणी करने, जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो नामजद और करीब 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

हजारा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर गांव निवासी प्रियंका पत्नी सूरज भारती ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 14 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे गांव की पूजा चौहान के व्हाट्सएप नंबर से उनके पति के मोबाइल पर संदेश भेजा गया। आरोप है कि संदेश में 'नीला कबूतर' लिखकर जातिसूचक टिप्पणी की गई। साथ ही सुधर जाने की चेतावनी देते हुए जान से मारने और जेल भिजवाने की धमकी दी गई।प्रियंका का आरोप है कि विरोध करने पर पूजा चौहान, नंद किशोर गुप्ता और करीब 20 अज्ञात लोगों ने उनके परिवार को जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दीं। पीड़िता ने पुलिस से परिवार की सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पहले तो पुलिस मुकदमा लिखने में हीला हवाली करती रही लेकिन जब मामला भीम आर्मी एकता मिशन को चला तो संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई करने की पुरजोर पैरवी की। जिसके बाद पुलिस ने पूजा चौहान, नंद किशोर गुप्ता समेत 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

किराना दुकान खोलने को लेकर हुए विवाद में खूनी संघर्ष, महिलाओं सहित कई लोग घायल

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। किराना दुकान खोलने की बात को लेकर उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और हंगामा हुआ, जिसमें एक पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कलीनगर अंतर्गत आने वाले ग्राम माधोटांडा फैयाज़ पुत्र कल्लू खां दिनांक- 20 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब साढ़े छः बजे अपनी किराना दुकान खोल रहा था, तभी पड़ोसी निजाम पुत्र लल्लू खां ने गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि ब फैयाज़ के पिता बीच-बचाव करने गए, तो निजाम, उसकी पत्नी तन्नुम, सहित अन्य लोग एक राय होकर लाठी-डंडों से लैस होकर आ गए और हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में पीड़ित के भाई की उंगली, हड्डियों जोड़ टूट गया साथ ही उसकी पुत्री के सिर पर चोट आई तथा अन्य लोगों की पीठ पर भी गंभीर चोटें लगी हैं। आस-पास के लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने थाना माधोटांडा में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

नाला पाटकर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने की शिकायत



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। शेरपुर कलां गांव में नाले और ग्राम समाज की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी पूरनपुर को शिकायती पत्र देकर राजस्व विभाग से पैमाइश कराने और नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी से की गई शिकायत के अनुसार गांव टंडोला रोड स्थित गाटा संख्या 1005 के बाग में प्लाटिंग के दौरान पुराने नाले को पाटकर बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाग में लगे आम के हरे-भरे पेड़ों को भी बिना अनुमति काट दिया गया। नाला बंद होने से हरिजन बस्ती के पानी का निकास बाधित हो गया है।इससे गंदा पानी मस्जिद के रास्ते, कब्रिस्तान और श्मशान घाट की ओर भर रहा है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नाले पर कब्जे का विरोध करने पर संबंधित लोगों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। रामकिशोर, किस्मत नूर खां, कल्लू और शीबू खां सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले की पैमाइश कराकर ग्राम समाज की भूमि को कब्जामुक्त कराने और मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि 26 अक्टूबर 2026 तक समस्या का समाधान नहीं होने पर मुख्यमंत्री के दरबार में शिकायत लेकर जाएंगे। शिकायती पत्र पर रामकिशोर, किस्मत नूर खान, कल्लू, शीबू खान, मोहम्मद कासिम खान सहित दर्जनों ग्रामीणों के अंगूठा निशानी मौजूद थे।

आवासीय कॉलोनियों में व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई का विरोध, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने आवास विकास परिषद और विकास प्राधिकरण की ओर से विकसित कॉलोनियों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले व्यापारियों के खिलाफ नोटिस और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर विरोध जताया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बुधवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे एसडीएम के माध्यम से भेजकर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद द्वारा विकसित कॉलोनियों में पर्याप्त बाजारों की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में व्यापारियों ने अपने स्तर पर प्रतिष्ठान स्थापित कर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराईं और रोजगार के अवसर पैदा किए। व्यापारी कमर्शियल बिजली बिल, हाउस टैक्स, जीएसटी, आयकर समेत विभिन्न करों के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं इसके बावजूद पुराने शहर के विकसित क्षेत्रों, आवासीय कॉलोनियों और नई विकसित बस्तियों में व्यावसायिक गतिविधियों को अवैध बताकर नोटिस जारी करने तथा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किए जाने पर व्यापार मंडल ने आपत्ति जताई है ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि आवास विकास के अधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष मामले से जुड़े तथ्यों को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किया। व्यापार मंडल ने सरकार से व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित समाधान निकालने और कार्रवाई पर पुनर्विचार कराने की मांग की है।

धान खरीद में हो रही लूट को लेकर किसान संगठन ने मंडी का मेन गेट बंद कर जताया प्रदर्शन करते हुए विरोध

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सरकारी धान खरीद व धान खरीद में हो रही लूट को लेकर मंडी समिति पूरनपुर के मेन गेट को बन्द करके विरोध प्रदर्शन किया व जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन मंडी सचिव पूरनपुर को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन पीलीभीत को चेतावनी दी कि अगर सरकारी धान खरीद पूरी पारदर्शिता से जल्द शुरु न हुई तो धान किसानों के उत्पीड़न व शोषण को लेकर अतिशीघ्र उग्र आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा। उधर राइस मिलों पर मुद्दत के नाम पर अवैध कटौतियों पर भी संगठन कढा विरोध दर्ज कराया तथा धान किसानों की समस्याओं के हल न होने पर आदोलन किया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन पीलीभीत की होगी। किसी भी दशा मे धान किसानों का शोषण नही होने दिया जाएगा। ज्ञापन दिए जाने के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाकियू (टिकैत) ने धान खरीद में अनियमितताओं पर जताई नाराज़गी, राइस मिलों के स्टॉक की जांच की उठाई मांग

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। अनिश्चितकालीन घेराव, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने जनपद में धान खरीद व्यवस्था में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रशासन से सभी राइस मिलों के धान स्टॉक की निष्पक्ष जांच कराने तथा किसानों के शोषण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन की ओर से मंडी सचिव एवं सिटी मजिस्ट्रेट, पीलीभीत को ज्ञापन सौंपकर पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद की सभी संबंधित राइस मिलों में उपलब्ध धान के स्टॉक की जांच कराई जाए तथा सरकारी और निजी धान का विवरण स्पष्ट किया जाए। प्रत्येक राइस मिल को सरकारी खरीद के अंतर्गत आवंटित धान की जानकारी भी सार्वजनिक की जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। भाकियू (टिकैत) के जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने कहा कि किसानों की मेहनत और उनकी फसल की कीमत से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धान खरीद में यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और सम्मान दिलाना भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की प्राथमिकता है।सतविंदर सिंह कहलों जी मंडल अध्यक्ष उन्होंने प्रशासन से मांग की कि धान खरीद केंद्रों की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। किसानों का शोषण बंद हो, वरना आंदोलन होगा तेज- गुरजीत सिंह विर्क जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह विर्क ने कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राइस मिलों के स्टॉक की पारदर्शी जांच कराना और किसानों की शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि धर्मकांटे के नाम पर प्रति क्विंटल एक किलोग्राम की कथित कटौती, सी-डी के नाम पर कटौती तथा मॉइस्चर मशीन के माध्यम से धान में नमी को लेकर किसानों को होने वाली परेशानी जैसे मामलों की जांच होनी चाहिए। यदि जांच में अनियमितताएं सामने आती हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। यदि प्रशासन ने समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों के हक और सम्मान के लिए आंदोलन तेज करेगी। पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने की मांग संगठन ने मांग की कि पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर राइस मिलों के स्टॉक, खरीद अभिलेखों और किसानों से धान खरीदने की प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में पारदर्शिता बरती जाए तथा जांच रिपोर्ट की एक प्रति संगठन को भी उपलब्ध कराई जाए। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि किसानों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि मांगों पर कार्रवाई न होने की स्थिति में जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी के नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों का अनिश्चितकालीन घेराव किया जाएगा। इस दौरान सतविंदर सिंह कहलों मंडल अध्यक्ष बरेली जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, प्रदेश सचिव वेदप्रकाश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह विर्क, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, मुन्ना गौतम, दसरथ ठाकुर, बीरपाल राजपूत, महेंद्र कुमार कनौजिया, अनिल सिंह चौहान, निर्मल भोजवाल, रूपलाल, नेमचंद वर्मा, नरेश मिश्रा, शकावत, सतनाम सिंह, महेंद्र कुमार एवं ओमकार गंगवार सहित अन्य किसान साथी मौजूद रहे।

घर के बाहर घूम रहे कुत्ते को गन्ने के खेत की ओर खींच कर ले गया जंगली जानवर

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। आये दिन वन्य जीव जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र का रुख कर रहे हैं। ऐसे में इंसान हो या पालतू जानवर हर कोई असुरक्षित महसूस कर रहा है। बीते मंगलवार को भी घर के बाहर घूम रहे एक कुत्ते को जंगली जानवर खींचकर जंगल की ओर ले गया। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बारीबुझिया में मंगलवार शाम एक जंगली जानवर ने घर के बाहर घूम रहे कुत्ते पर हमला कर दिया और उसे खींचकर गन्ने के खेत की ओर ले गया। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आबादी के नजदीक हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। गांव निवासी शमशेर सिंह के घर के बाहर मंगलवार शाम उनका कुत्ता घूम रहा था। इसी दौरान अचानक एक जंगली जानवर वहां पहुंचा और कुत्ते पर हमला कर दिया। कुत्ते की आवाज सुनकर घर के सदस्य बाहर निकले और आसपास के लोग भी मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक जानवर कुत्ते को लेकर गन्ने के खेत की ओर जा चुका था।घटना के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई। फुटेज में जंगली जानवर के कुत्ते पर हमला करने और उसे खींचकर ले जाने की गतिविधि दिखाई देने की बात सामने आई है। इसके बाद गांव में घटना को लेकर चर्चा शुरू हो गई। ग्रामीणों को आशंका है कि आस-पास के गन्ने के खेतों में जंगली जानवर की मौजूदगी हो सकती है।ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के नजदीक जंगली जानवर की गतिविधि सामने आने से बच्चों, किसानों और खेतों की ओर जाने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों को पालतू पशुओं की सुरक्षा की भी फिक्र है। ग्रामीणों ने शाम और रात के समय सावधानी बरतने की बात कही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कराने और आसपास के खेतों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवर की मौजूदगी का पता लगाया जाए, ताकि ग्रामीणों को स्थिति की सही जानकारी मिल सके और किसी संभावित खतरे से बचाव के लिए समय रहते जरूरी कदम उठाए जा सकें।

जनगणना-2027 के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन रवाना



पीलीभीत। जनपद में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आलोक कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनगणना के निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि स्व-गणना की अवधि 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक निर्धारित है। इस दौरान परिवार इंटरनेट के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर जनगणना का कार्य 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति की गणना करेंगे तथा निर्धारित प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। इसके उपरांत 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण राउंड संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा उनके द्वारा मांगी गई आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके सफल संचालन में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रसून द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्याम रस्तोगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विकसित भारत युवा संसद 2026-27 में युवाओं को मिलेगा भागीदारी का अवसर, 18 से 25 वर्ष तक के युवा कर सकेंगे आवेदन

पीलीभीत। युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विकसित भारत युवा संसद 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माई भारत) की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिला युवा अधिकारी ने पीलीभीत के पात्र युवाओं, विद्यार्थियों और युवा संगठनों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने की अपील की है। युवा संसद का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से परिचित कराना और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर उनके विचारों को मंच प्रदान करना है। इसके तहत युवा संवाद, विचार-विमर्श और रचनात्मक सुझावों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। कार्यक्रम में तार्किक चिंतन, निर्णय लेने की क्षमता और सार्वजनिक मुद्दों पर प्रभावी ढंग से विचार रखने जैसे गुणों के विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। विकसित भारत युवा संसद 2026-27 का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी, जो देश के सभी 786 जिलों में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रतिभागियों को निर्धारित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। दूसरे चरण में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें जिला स्तर से चयनित युवा प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाएगा। तीसरे और अंतिम चरण में राज्य स्तर से चयनित कुल 108 प्रतिभागियों को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। यहां प्रतिभागी संसदीय प्रक्रिया के अनुरूप संवाद और विचार-विमर्श में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए युवाओं की आयु 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। पात्र युवा आधिकारिक माई भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का प्रस्तावित विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रखा गया है। वहीं, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विषयों की घोषणा बाद में की जाएगी। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, दूसरों के विचारों के प्रति सम्मान, सहिष्णुता और तार्किक ढंग से अपनी बात रखने की क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। मेरा युवा भारत, पीलीभीत के जिला युवा अधिकारी ने जनपद के सभी पात्र युवाओं, विद्यार्थियों और युवा संगठनों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इच्छुक युवा आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण और कार्यक्रम से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पीलीभीत पुलिस लाइन में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस, शहीद जवानों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



पीलीभीत। रिजर्व पुलिस लाइन पीलीभीत स्थित शहीद स्मृति स्थल पर बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने शहीद स्मृति स्थल पर सलामी देकर शहीद जवानों को याद किया और पुष्पचक्र अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में नियमित गश्त के दौरान चीनी सैनिकों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवान शहीद हो गए थे। इन वीर जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने शहीद पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया। इस दौरान उनके साहस, वीरता, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्र व समाज की सुरक्षा के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक की अवधि में देशभर में 154 पुलिसकर्मियों ने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई तथा उनके सम्मान, कल्याण और सहायता के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद जवानों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और जनसुरक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, विभिन्न शाखाओं के प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लखीमपुर में रावण नहीं, सिस्टम जला!

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर शहर का दशकों पुराना ऐतिहासिक दशहरा मेला इस बार अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कभी दूर-दूर से दुकानदारों और हजारों दर्शकों की भीड़ से गुलजार रहने वाला यह ऐतिहासिक मेला इस बार वीरान पड़ा है। वजह है नगर पालिका परिषद लखीमपुर और विपुल सेठ की कथित मनमानी और तानाशाहीपूर्ण रवैया। मनमाने तरीके से दुकानों का किराया कई गुना बढ़ाने और बिजली के नाम पर मोटी वसूली ने छोटे दुकानदारों की कमर तोड़ दी है, जिससे आक्रोशित दुकानदारों ने इस बार मेले का बहिष्कार कर दिया है।

विपुल सेठ और नगर पालिका परिषद लखीमपुर की मनमानी के चलते दशहरा मेला दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। दोनों की मनमानी के चलते मेले का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। आलम यह है कि आज रावण दहन के दिन भी मेले में एक भी दुकान नहीं लगी।

मेला दुकानदारों ने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक किराया और बिजली की दरें कम नहीं की जाएंगी, वे दुकानें नहीं लगाएंगे। दुकानदारों का कहना है कि मेले की दुकान का किराया और बिजली बेहद महंगी कर दी गई है, जिसके कारण दुकान लगाना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। बताया जाता है कि पहले जहां मेले में सैकड़ों दुकानें सजती थीं और बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए आकर्षण का केंद्र रहता था, वहीं अब मनमानी से मेले की रौनक पूरी तरह खत्म हो गई है। स्थानीय लोगों ने भी नगर पालिका की इस कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं और जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर मेले की परम्परा को बचाने की मांग की है।

21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान, मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम

लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत जिले में चार विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए 21, 22, 28 और 29 नवंबर की तिथियां निर्धारित की गई हैं। इन दिनों सभी निर्धारित मतदेय स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी उपस्थित रहेंगे और मतदाता पंजीकरण के लिए आवश्यक फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के 19 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के अनुसार, एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जा रहा है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में 21 नवंबर (शनिवार), 22 नवंबर (रविवार), 28 नवंबर (शनिवार) और 29 नवंबर (रविवार) को विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिक निर्धारित विशेष अभियान दिवसों पर अपने मतदेय स्थल पहुंचकर फार्म-6 भरकर संबंधित पदाभिहित अधिकारी को उपलब्ध करा दें। अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना है, ताकि कोई भी योग्य मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे।

इश्तहार मुजरिया

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (सी0डि0) महोदय, पीलोभीत

उत्तराधिकार वाद संख्या- 161 सन् 2026

श्रीमती शान्ती देवी आयु करीब 42 वर्ष पत्नी स्व0 तेजराम निवासी ग्राम मोहम्मदगंज अमखिड़िया तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत।
.....प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम

राकेश कुमार वर्मा आयु करीब 21 वर्ष पुत्र स्व0 तेजराम निवासी ग्राम मोहम्मदगंज अमखिड़िया तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत। ...प्रतिवादीगण

हरगाह मुसम्मी श्रीमती शान्ती देवी आयु करीब 42 वर्ष पत्नी स्व0 तेजराम निवासी ग्राम मोहम्मदगंज अमखिड़िया तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत ने दरख्वास्त हुसूल सर्टिफिकेट और तारीख- 9/11/26 वास्ते समायत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर को है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि मृतक स्व0 तेजराम पुत्र स्व0 भोलेराम निवासी ग्राम मोहम्मदगंज अमखिड़िया तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत के सम्बन्ध में जिस किसी भी दरख्वास्त हाजा के निसवत कोई उजर हो असालतन या वकालतन बतारीख - पेश होकर दरख्वास्त हाजा की निसवत उजर पेश करे दरसूरत इनकाये तारीख मुकर्रर कोई उजर निसवत दरख्वास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुक्म निसवत दरख्वास्त हाजा सादिर होगा।

आज तारीख 17/10/26 मेरे दरख्वास्त व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

सिविल जज (सी0डि0)
पीलीभीत

पीलीभीत में मतदान केंद्रों की प्रस्तावित सूची का आलेख्य प्रकाशन, 26 अक्टूबर तक दर्ज कराएं आपत्ति

पीलीभीत। आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जनपद में मतदान केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने पीलीभीत संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की प्रस्तावित सूची का आलेख्य प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 को किया है। यह सूची एक सप्ताह की अवधि के लिए प्रकाशित की गई है। जारी सूचना के अनुसार, 26-पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में शामिल 127-पीलीभीत, 128-बरखेड़ा, 129-पूरनपुर (अनुसूचित जाति) और 130-बीसलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न मतदान क्षेत्रों के मतदाताओं के समूह के लिए मतदान केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों की सूची में संबंधित मतदान क्षेत्रों का विवरण भी शामिल है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने जनसामान्य तथा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची का अवलोकन करें। सूची जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल को प्रस्तावित मतदेय स्थलों के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव देना है, तो वह 26 अक्टूबर 2026 तक लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, पीलीभीत के साथ-साथ संबंधित उप जिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में आपत्ति और सुझाव जमा कराए जा सकते हैं। प्रशासन ने संबंधित नागरिकों और राजनीतिक दलों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अपील की है, ताकि मतदान केंद्रों की प्रस्तावित सूची पर प्राप्त सुझावों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

जिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की अध्यक्षता में बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के लिए प्रशिक्षण संपन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर आलोक कुमार की अध्यक्षता में गांधी सभागार में बरेली मुरादाबाद-खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के लिए मतदान 23 अक्टूबर 2026 को जनपद में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, मतपेटी के रखरखाव, सीलिंग, तकनीकी औपचारिकताओं तथा मतदान केंद्र पर बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सतीश प्रसाद मिश्र, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सतर्कता और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया, ताकि आगामी 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले मतदान को पूर्णतः शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया जा सके।

किसान दिवस में उठीं किसानों की समस्याएं, सीडीओ ने अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

पीलीभीत। गोमती सभागार, विकास भवन में सतीश प्रसाद मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कृषकों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निरंजन लाल एवं डालचन्द निवासी ग्राम विषेन ने अवगत कराया कि उनकी कृषि भूमि पर बिजली के तार काफी नीचे लटक रहे है जिनसे कभी भी दुर्घटना हो सकती है, बिजली के तारों का ऊँचा किया जाये। गुरदीप सिंह अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन के द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान समय में गेहूँ की बुवाई का समय आ गया है परन्तु समितियों पर डी0ए0पी0 खाद उपलब्ध नहीं है, जिस पर श्रीमती इन्दु सिंह, सहायक आयुक्त/सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया है कि जिन समितियों पर डी0ए0पी0 खाद उपलब्ध नहीं है उन पर आज ही डी0ए0पी0 खाद की आपूर्ति की जा रही है। बालमुकुन्द ग्राम नावकूंड़ ब्लाक मरौरी, जिला सचिव, भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने अवगत कराया है कि ग्राम नावकूंड़ विकास मरौरी में लगभग 30-40 छुट्टा पशु घूमते रहते है जोकि फसलों को हानि पहुँचाते हैं जिन्हें पकड़वाकर गौशाला में भेजा जाये। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। किसान दिवस में कृषकों को विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं एवं देय अनुदान के बारे में जानकारी दी गई। उक्त किसान दिवस में राममिलन सिंह परिहार उप कृषि निदेशक, श्रीमती इंदु सिंह सहायक निबन्धक सहकारिता, मनोज कुमार सहायक अभियंता विद्युत, पी0पी0 गौतम अधिशासी अभियंता शारदा सागर खण्ड, डा0 मनीशा चैधरी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खुशीराम जिला गन्ना अधिकारी, आशुतोष वर्मा लीड बैंक मैनेजर ऑफ बडौदा, विनीत कुमार जिला कृषि अधिकारी अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

आर.बी.एस.के की पहल से बच्चों को क्लबफुट की बीमारी से मिली राहत, निःशुल्क उपचार बना सहारा

पीलीभीत। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान दो बच्चों में जन्मजात क्लब फुट की समस्या की पहचान की गई। टीम ने परिजनों को बीमारी के संबंध में जानकारी देते हुये उपचार की प्रक्रिया समझाई और बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत भेजा। आर.बी.एस.के. टीम की स्क्रीनिंग के दौरान अदीबा, पुत्री फारूख विकासखण्ड पूरनपुर के गांव माधौटांडा तथा समर्थ पुत्र राजेन्द्र सिंह विकासण्डा ललौरीखेडा के ग्राम नानपसिया में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान क्लब फुट की बीमारी से ग्रसित बच्चों की समस्या सामने आयी। टीम ने बच्चों के उनके परिजनों जिला अस्पताल में ही उपचार कराने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों में जन्मजात विकारों सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की समय से पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं उच्च स्वास्थ्य संस्थानों तक रेफर किया जाता है। इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से जनपद में क्लबफुअ की बीमारी (जन्म से टेढे पैरों) की बीमारी से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क उपचार करा रहा है, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बच्चे में जन्मजात क्लबफुट (जन्म से टेढे मेढे पैर) की पहचान कर उसके उपचार की राह आसान की। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस सफलता में ब्लाक पूरनपुर की आर.बी.एस.के. टीम ए से डॉ रंजीत रंजन एवं शिखा सरन स्टाफ नर्स एवं ब्लाक ललौरीखेड़ा से डॉ हरजिंदर, डॉ दीपा बाजपेई, महविश जहाँ स्टाफ नर्स एवं देवेन्द्र अस्थाना फिजियोथेरेपिस्ट की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। परिजनों ने आर.बी.एस. टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर बीमारी की पहचान और सरकारी स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी मिलने से बच्चे के उपचार की उम्मीद जगी है। आर.बी.एस.के. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है।

विधान परिषद चुनाव के लिए 23 अक्टूबर को शराब की दुकानें रहेंगी बंद

लखीमपुर खीरी। विधान परिषद निर्वाचन-2026 के मद्देनजर जिले में 23 अक्टूबर को शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया गया है। इस दिन जनपद में स्थित देशी और विदेशी मदिरा, बीयर तथा भांग की सभी थोक एवं फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। इसके साथ ही सभी बार अनुज्ञापन भी बंद रहेंगे। जिलाधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा-59 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से 23 अक्टूबर को जिले में मदिरा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। डीएम ने स्पष्ट किया है कि बंदी दिवस के लिए किसी भी अनुज्ञापी को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा। आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अनुज्ञापियों अथवा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

जनपद के चयनित 11 परीक्षा केंद्रों पर होगी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारंभिक अर्हता परीक्षा -2026



पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (च्म्ज्)-2026 को सकुशल व निर्विघ्न ढ़ंग से सम्पन्न कराने हेतु नामित स्टैटिक मजिस्टेªट, सेक्टर मजिस्टेªट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारंभिक अर्हता परीक्षा दिनांक 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर 2026 को आयोजित की जायेगी। उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारंभिक अर्हता परीक्षा जनपद में 11 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जायेगी। जनपद में प्रतिदिन 9600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में अभ्यर्थियों को प्रवेश समय प्रातः 8:00 बजे से 9:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अभ्यर्थियों को प्रवेश समय अपराह्न 1:00 बजे से 2:30 बजे तक दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में मोबाइल, घड़ी, ए0टी0एम0कार्ड, किसी भी तरह की डिवाइस (विद्युत उपकरण), इत्यादि उपकरण न लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि समस्त केन्द्र व्यवस्थापक आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये, बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी परीक्षा परिसर में बिना आईडी कार्ड के प्रवेश न करें और परीक्षा के समय आईडी कार्ड लगाना अनिवार्य रहेगा। ड्यूटी पर लगाये गये सभी अधिकारी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचे। उन्होंने कहा परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण अवश्य कर लें जो भी कमी हो उसे तुरन्त पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा यह बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा है, सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा की सारी तैयारियां गुणवत्तापूर्ण हों, प्रश्न पत्रों की सील्ड पैक परीक्षा कक्ष में ही सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में निर्धारित समय पर खुलवाना सुनिश्चित करेंगे व परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त परीक्षा कक्ष में ही सील्ड पैक कराना सुनिश्चित करें। समस्त परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकध्अधिकारी परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए टीम भावना से कार्य करें। समस्त परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दशहरा के पावन पर्व पर पीलीभीत वृद्धाश्रम में पुलिस प्रशासन ने वृद्धजनों को परोसा भोजन, बांटे उपहार

पीलीभीत। दशहरा के पावन पर्व के अवसर पर पीलीभीत स्थित वृद्धाश्रम में एक विशेष और भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा संचालित इस वृद्धाश्रम में आज का दिन वहां रहने वाले बुजुर्गों के लिए बेहद खास और आनंदमय रहा। त्यौहार की खुशियां समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से पीलीभीत पुलिस प्रशासन की टीम आज वृद्धाश्रम पहुंची। पुलिस टीम ने पूरी आत्मीयता और सम्मान के साथ अपने हाथों से सभी वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन परोसा। आज के इस विशेष भोज में मुख्य रूप से पारंपरिक दाल, बाटी, चोखा और चावल शामिल थे, जिसका सभी बुजुर्गों ने भरपूर आनंद लिया। भोजन के उपरांत पुलिस टीम द्वारा सभी वृद्धजनों को उपहार भी भेंट किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान से अजय प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ आश्रम के स्टाफ से परमजीत कौर, अनीता, जमाल जी और सानू भी इस गरिमामयी अवसर पर मौजूद रहे और व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। त्यौहार के इस अवसर पर पुलिस प्रशासन का यह मानवीय रूप देखकर वृद्धाश्रम के निवासियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने सभी को अपना आशीर्वाद दिया। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि त्यौहारों की असली खुशी अपनों से दूर रहने वाले बुजुर्गों के साथ समय बिताने और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने में है।

भाजपा पीलीभीत की आईटी विभाग की बैठक संपन्न, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के तत्वावधान में जिला कार्यालय पर आईटी विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा ने की। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद आईटी विभाग की भूमिका, संगठन की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने आईटी विभाग के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों के जरिए सरकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सकती है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। मुख्य वक्ता जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार ने कहा कि आईटी विभाग संगठन का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतें भीड़तंत्र के माध्यम से देश के विकास में बाधा डालने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे में आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर तथ्यों और तर्कों के आधार पर जवाब देते हुए संगठन के कार्यों एवं विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए। जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा ने कहा कि विभाग के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन के हित में कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया। बैठक में इन्द्रपाल वर्मा, जय जय नारायण, गौरीश राठौर, शशि भूषण, चंद्रपाल वर्मा, हर प्रसाद, राम सिंह, शांतिस्वरूप, राजेश्वर गौतम, सुखदेव वर्मा और रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने थाना बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मेले का किया भ्रमण



पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव ने अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के साथ थाना बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत आयोजित रामलीला मेले का भ्रमण कर रावण दहन कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मेला परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा रावण दहन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ को व्यवस्थित रखने तथा यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, मेला परिसर में निरंतर निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा इंतजाम तैयार रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित पुलिस अधिकारियों को रावण दहन कार्यक्रम के दौरान व समाप्ति पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, तथा संपूर्ण कार्यक्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दिशा निर्देश दिये गये।

सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है **शत्रुहनपुरी कालोनी सेवा समिति, ग्राम उग्राह मुस्त0 पोस्ट कैलाशपुर तहसील व जिला-सहारनपुर** के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है:-1. **श्री राजेन्द्र सिंह अध्यक्ष 2. श्री कुंवर पाल सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष 3. श्री विकास राणा उपाध्यक्ष 4. श्री विजय धुडीया महासचिव 5. श्री अभिषेक शर्मा सचिव 6. श्री प्रवेश सिंह पंवार कोषाध्यक्ष 7. श्री रितीक शर्मा उपकोषाध्यक्ष 8. श्री विवेक त्यागी संगठनमन्त्री 9. सुरेन्द्र भानु प्रताप सिंह सलहाकार 10. श्री देवेन्दर रावत प्रचारमन्त्री 11. श्री अनमोल कुमार आडिटर 12. श्री अरविन्द सदस्य 13. श्री दीपक सदस्य 14. रंजना देवी सदस्य 15. गीता देवी सदस्य 16. श्री कौशल सदस्य** सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

आज्ञा से
(नीरज उर्फ यादवेन्द्र पाठक)
सहायक रजिस्ट्रार,
फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स
सहारनपुर

सुभाषित *पिता, गुरु एवं ज्येष्ठ भ्राता, जो धर्म पालनका ज्ञान देते हैं, वे सभी पिता सामान होते हैं।* ❒ *वाल्मिकी रामायण*

रिश्तोंका नया सन्तुलन

वर्तमान वैश्विक सन्दर्भमें अमेरिकाके विदेशमंत्री मार्को रुबियोकी भारत यात्रा और परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरके साथ मंगलवारको मुम्बईमें हुई वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जायगी। इसे केवल एक नियमित कूटनीतिक भेंटके रूपमें देखना उचित नहीं होगा। रुबियोकी यात्रा ऐसे समयमें हुई है जब भारत-अमेरिकी सम्बन्धोंमें एक ओर जहां रणनीतिक निकटता बढ़ रही है तो दूसरी ओर टैरिफ, रूसी तेल, व्यापार समझौते और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दोंपर मतभेद भी बने हुए हैं। एक अच्छी बात यह है कि दोनों देशोंने व्यापार समझौतेको यथाशीघ्र पूरा करनेकी प्रतिबद्धता जतायी है। रुबियोने स्वीकार किया है कि हम बहुप्रतीक्षित समझौतेके काफी करीब पहुंच गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रीकी यात्रा ऐसे अन्तरराष्ट्रीय माहौलमें हुई है, जिसमें यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, ऊर्जा बाजारमें अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा विश्व राजनीतिको काफी प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियोंमें भारतकी सामरिक स्थिति अमेरिकाके लिए काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। ऊर्जा संकटने दोनों देशोंके हितोंको एक-दूसरेके निकट ला दिया है। रुबियोने भारतकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलामें अमेरिकी ऊर्जाकी भूमिका बढ़ानेको महत्वपूर्ण बताया है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष हिन्द-प्रशान्त और चीन है। अमेरिका भारतको, क्षेत्रीय शक्ति-सन्तुलनमें एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्वाडके सन्दर्भमें भी भारतकी भूमिका अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियाके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए अमेरिका भारतके साथ मतभेदोंको इतना बढ़ाना नहीं चाहेगा जिससे कि व्यापारिक रणनीतिक साझेदारी प्रभावित हो। रुबियोकी यात्राको टैरिफ-आधारित टकरावसे बातचीत और समझौतेकी ओर लौटनेकी कोशिशके रूपमें भी देखा जा सकता है। भारत-अमेरिका सम्बन्धोंमें सबसे संवेदनशील मुद्दोंमें एक रूसी ऊर्जा खरीद है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूसी ऊर्जापर निर्भरता कम करे। इसका समाधान किसी एक पक्षकी पूर्ण जीतके रूपमें नहीं, अपितु ऊर्जा स्रोतोंके विविधीकरणके रूपमें खोजनेका प्रयास दिखायी देता है। भारतके लिए चुनौती यह है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखते हुए अमेरिकाके साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाये। यह सन्तुलन आने वाले समयमें भी भारतीय विदेश नीतिकी प्रमुख कसौटी रहेगा। वार्तामें रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक तथा नागरिक परमाणु सहयोग भी विशेष मुद्दे रहे। इसलिए दोनों देशोंका सम्बन्ध अब रक्षा सहयोगसे आगे बढ़कर तकनीकी तथा औद्योगिक साझेदारीकी दिशामें जा रहा है। दोनों देशोंके बीच सम्बन्धोंका भविष्य साझा हितों और असहमतियोंके प्रबन्धनपर निर्भर करेगा। रुबियोकी यात्राको व्यावहारिक कूटनीतिक मोड़के रूपमें देखा जाना चाहिए और यह आपसी सम्बन्धोंका नया सन्तुलन है।

मणिपुरके हालात चिन्तनीय

देशके पूर्वोत्तर राज्य मणिपुरमें लम्बे समयमें जारी हिंसक घटनाएं थमनेका नाम नहीं ले रही है। बार-बार हिंसाका भड़कना लोगोंकी जान-मालकी सुरक्षा और शान्ति व्यवस्थाके लिए केन्द्र और राज्य सरकारके लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। लोगोंमें भारी आक्रोश है और अब वे मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंहकी सरकारके खिलाफ सड़कोंपर उतर आये हैं जिससे स्थिति बदसे बदतर हो चुकी है। सोमवारको उग्रवादियोंकी गोलीबारीमें मैतेई समुदायके तीन लोगोंकी हत्याके विरोधमें मंगलवारको २४ घण्टेके बन्दके चलते घाटीके पांच जिलोंमें जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व और पश्चिम, विष्णुपुर, थौबल और काकचिंगमें बाजार, शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांतक कि सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा, जिससे लोगोंको आने-जानेमें भारी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोमवारको सुबह इंफाल पूर्वी और कागपोकपी जिलोंकी सीमापर सुनरोक क्षेत्रमें जलावनकी लकड़ी बीन रहे मैतेई समुदायके १६ लोगोंपर संदिग्ध उग्रवादियोंने घात लगाकर हमला कर दिया। इस गोलीबारीमें तीन लोगोंकी मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस कायरतापूर्ण और बर्बर हत्याके विरोधमें नेटिव पीपुल्स कमेटी मणिपुरने मंगलवार और बुधवारको बन्दका आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियोंने मंगलवारको मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंह, उपमुख्य मंत्री नेमचा किपजेन, गृहमंत्री गोविन्द कोंथौजमका इस्तीफा मांगा और उनके पुतले फूंके। इस दौरान पुलिस और सुरक्षाबलोंके संयुक्त तलाशी अभियानमें तीन संदिग्धोंको गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दोने हमला करनेकी बात स्वीकार की है। इनकी निशानदेहीपर पहाड़ी इलाकोंसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि तीन मई २०२३ से जारी मैतेई और कुकी समुदायके बीच भड़की हिंसा अबतक जारी है। केन्द्र और राज्य सरकारको जातीय समूहोंके बीच पनप रहे विद्वेषको समझना होगा और एक सर्वमान्य हल निकालना होगा, तभी शान्तिका माहौल बनाया जा सकता है।

लोक संवाद

चाय और कॉफीसे हानि

महोदय,-कई लोगोंके लिए दिनकी शुरुआत बिना चाय या काफीके होती ही नहीं है। परन्तु वह इस बातसे अनजान होते हैं कि इसकी ज्यादा लत किडनीको नुकसान पहुंचा सकती है। स्वस्थ लोगोंके लिए इनका सीमित मात्रामें सेवन आम तौरपर सुरक्षित होता है, लेकिन इनकी मात्रा इन्हें बनानेके तरीके और पहलेसे मौजूद स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां यह तय कर सकती हैं कि ये पेय पदार्थ किडनीकी सेहतपर कैसा असर डालते हैं। कैफीन, हाइड्रेशन और किडनीके काम करनेकी प्रक्रियाको समझते हैं विस्तारसे। गुर्दा रोग विशेषज्ञने बताया कि कैफीनका हल्का डाययुरेटिक असर होता है। इसका मतलब है कि यह कुछ समयके लिए पेशाब बननेकी मात्राको बढ़ा सकता हैए खासकर उन लोगोंमें जो इसके सेवनके आदी नहीं हैं। हालांकि चाय और काफीका सीमित मात्रामें सेवन करनेसे शरीरमें तरल पदार्थकी मात्रा बढ़ती है और इससे अपने आप डिहाइड्रेशन नहीं होता। ज्यादातर स्वस्थ वयस्कोंके लिए सीमित मात्रामें इन पेय पदार्थोंका सेवन करनेसे किडनीको नुकसान पहुंचनेकी संभावना नहीं होती है। चिन्ताका विषय अक्सर कैफीनका अत्यधिक सेवन और व्यक्तिकी अपनी शारीरिक संवेदनशीलता होती है। कैफीनकी अधिक मात्रा अस्थायी रूपसे ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है, जबकि लम्बे समयतक अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर क्रोनिक किडनी डिसीज (गुर्दे की दीर्घकालिक बीमारी) के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। डाक्टरने सलाह दी, 'जिन लोगोंको पहलेसे ही हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) या किडनीसे जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें अपने कैफीन सेवनके बारेमें अपने डाक्टरसे बात करनी चाहिए।' एक और चिन्ताका विषय किडनी स्टोन (पथरी) का बनना है। दरसअल चायमें ऑक्सालेट होते हैं। ये प्राकृतिक रूपसे पाये जाने वाले यौगिक हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका अधिक मात्रामें सेवन करता है तो उनमें कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन बननेका खतरा हो सकता है। यह जोखिम व्यक्तिके खान-पान, तरल पदार्थोंके सेवन और पहले कभी पथरी होनेके इतिहासपर निर्भर करता है। चाय और कॉफीमें बहुत अधिक चीनी, फ्लेवर्ड सिरप या मीठी क्रीम मिलानेसे वजन बढ़ सकता है और टाइप २ डायबिटीजका खतरा भी बढ़ सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर, दोनों ही क्रॉनिक किडनी डिसीज (लम्बे समयतक चलने वाली किडनीकी बीमारी) के प्रमुख कारण हैं। किडनीकी बीमारीसे जूझ रहे लोगोंको, उनकी पोषण संबंधी जरूरतों और लैब टेस्टके नतीजोंके आधारपर, दूध और अन्य चीजोंके सेवनको लेकर अलग-अलग डाइट सलाह की जरूरत पड़ सकती है। एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनके अनुसार ज्यादातर वयस्कोंके लिए रोजाना ४०० मिलीग्राम कैफीनका सेवन करनेसे आम तौरपर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, हालांकि हर व्यक्तिकी सहनशक्ति अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही शरीरमें पानीकी पर्याप्त मात्रा बनाये रखना, चीनीका सेवन कम रखना और ब्लड प्रेशर तथा ब्लड ग्लूकोजको नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है। **-वसुधा त्रिवेदी, वाया ईमेल।**

वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां

विश्व अर्थव्यवस्था ऐसे दौरसे गुजर रही है, जहां विकासकी संभावनाओंके साथ अनिश्चितताओंका दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। एक ओर तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियां आर्थिक वृद्धिको गति दे रही हैं तो वहीं, युद्ध, ऊर्जा संकट और वित्तीय बाजारोंमें अस्थिरता वैश्विक आर्थिक व्यवस्थाकी परीक्षा ले रहे हैं।

❒ **महेन्द्र तिवारी**

बैंकाकमें १३ से १७ अक्तूबर २०२६ के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंकको वार्षिक बैठकोंमें वैश्विक चुनौतियोंपर गम्भीर विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर २०२६ की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्टके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि दर २०२६ में ३.१ प्रतिशत रहनेका अनुमान है, जबकि २०२७ में इसके बढ़कर ३.४ प्रतिशत होनेकी सम्भावना व्यक्त की गयी है। इसके बावजूद संस्थाने चेतावनी दी है कि मौजूदा आर्थिक मजबूतीको स्थायी मान लेना उचित नहीं होगा। युद्ध, महंगी, ऋण और तकनीकी निवेशसे जुड़े जोखिम इस वृद्धिको प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी पहली बड़ी चुनौती युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट है। पश्चिम एशियामें जारी संघर्षने कच्चे तेलकी आपूर्ति, समुद्री परिवहन और अंतरराष्ट्रीय व्यापारके सामने नयी कठिनाइयां पैदा की हैं। विशेष रूपसे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गमें किसी भी प्रकारका व्यवधान दुनियाके अनेक देशोंकी अर्थव्यवस्थाको प्रभावित कर सकता है। इस मार्गसे होने वाला ऊर्जा व्यापार बाधित होनेपर तेल और गैसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका प्रभाव केवल पेट्रोल और डीजलतक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, बिजली उत्पादन, कृषि, उर्वरक निर्माण और औद्योगिक उत्पादनकी लागतपर भी पड़ता है। ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धिका सबसे अधिक बोझ उन देशोंपर पड़ता है, जो अपनी आवश्यकताओंके लिए दूसरे देशोंसे तेल और गैस आयात करते हैं। भारत भी इस श्रेणीमें आता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजारमें कच्चा तेल महंगा होता है तो देशका आयात व्यय बढ़ सकता है। इससे व्यापार संतुलन, रुपयेकी विनिमय दर और घरेलू महंगीपर दबाव पड़नेकी आशंका रहती है। वस्तुओंके परिवहनकी लागत बढ़नेसे खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंके दाम भी प्रभावित हो सकते हैं। इस प्रकार युद्धका प्रभाव युद्धक्षेत्रसे हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले सामान्य नागरिकोंकी रसोईतक पहुंच जाता है।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने अक्तूबरकी अपनी रिपोर्टमें २०२६ के लिए वैश्विक महगी दर ४.७ प्रतिशत रहनेका अनुमान लगाया है। इसके बाद २०२७ में इसके घटकर ४.१ प्रतिशत होनेकी संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि ये अनुमान उपलब्ध आंकड़ों और मौजूदा परिस्थितियोंपर आधारित हैं। यदि संघर्ष बढ़ता है, ऊर्जा आपूर्तिमें लम्बे समयतक बाधा आती है या व्यापारिक तनाव गहराता है तो महंगीपर दबाव अनुमानसे अधिक हो सकता है। इसलिए सरकारोंके सामने चुनौती केवल आर्थिक वृद्धि बनाये रखनेकी नहीं, बल्कि आम लोगोंकी क्रयशक्तिकी रक्षा करनेकी भी है। दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ता सार्वजनिक ऋण है। अनेक देशोंने महामारी, आर्थिक मंदी, युद्ध और सामाजिक कल्याण योजनाओंके प्रभावोंसे निबटनेके लिए भारी उधारी ली है। अब बढ़ती ब्याज दरों और महंगी होती उधारीके कारण उनके लिए ऋण चुकाना कठिन होता जा रहा है। जब सरकारी आयका बड़ा हिस्सा ब्याज और पुराने कर्जकी अदायगीमें खर्च होता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाओंके लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं।विकासशील देशोंकी स्थिति विशेष रूपसे चिन्ताजनक है। इन देशोंको एक ओर अपने नागरिकोंकी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकासके लिए निवेश भी करना है। यदि विदेशी मुद्रामें लिया गया ऋण महंगा हो जाय या उनकी मुद्राका मूल्य गिर जाय तो ऋण चुकानेका बोझ और बढ़ जाता है। ऐसेमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जरूरतमंद देशोंको वित्तीय सहायता उपलब्ध करानेके साथ उन्हें ऐसी नीतियां अपनानेमें सहयोग देना आवश्यक है, जिनसे आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और भविष्यमें अत्यधिक उधारीकी आवश्यकता कम हो। १७ अक्तूबरको बैंकांकमें हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समितिकी बैठकके बाद जारी वक्तव्यमें युद्धसे उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों और ऊंची ऊर्जा कीमतोंका सामना कर रहे देशोंको अधिक सहायता देनेकी आवश्यकतापर जोर दिया गया। समितिने यह भी स्वीकार किया कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक विभाजनसे वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकटका समाधान केवल अलग-अलग देशोंकी नीतियोंसे सम्भव नहीं है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है। तीसरी बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें तेजीसे बढ़ता निवेश है। इस तकनीकने उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग और संचारके क्षेत्रमें नयी संभावनाएं पैदा की हैं। बड़ी कम्पनियां आंकड़ा केन्द्रों, उन्नत संगणक उपकरणों और नयी तकनीकोंपर भारी धन खर्च कर रही हैं। इससे निवेश, उत्पादन और व्यापारको प्रोत्साहन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने भी माना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशने वैश्विक आर्थिक वृद्धिको सहारा दिया है। लेकिन इस विकासके साथ वित्तीय जोखिम भी जुड़े हैं। यदि निवेशकोंकी उम्मीदें वास्तविक उपलब्धियोंसे बहुत आगे निकल जाती हैं तो कम्पनियोंके मूल्यांकनमें असंतुलन पैदा हो सकता है। मान लीजिए कि किसी कम्पनीमें इस उम्मीदसे भारी निवेश किया जाता है कि उसकी नयी तकनीक भविष्यमें बहुत अधिक लाभ देगी। यदि अपेक्षित लाभ नहीं मिलता तो निवेशकोंका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप कम्पनियोंके शेयरोंकी कीमतें गिर सकती हैं, निवेश घट सकता है और वित्तीय बाजारोंमें व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर रिपोर्टमें कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशकी संभावित गिरावटको वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम बताया गया है। संस्थाने यह भी संकेत दिया है कि यदि इस तकनीकसे अपेक्षित उत्पादकता लाभ मिलता है तो आर्थिक वृद्धिको अतिरिक्त गति मिल सकती है। अर्थात् इसके परिणाम दोनों दिशाओंमें जा सकते हैं। समस्या तकनीकी विकासमें नहीं, बल्कि वास्तविक क्षमतासे अधिक उम्मीदें लगाने और जोखिमोंकी उपेक्षा करनेमें है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताका एक दूसरा पक्ष रोजगार और आर्थिक असमानतासे संबंधित है। नयी तकनीक अनेक कामोंको सरल और तेज बना सकती है, लेकिन कुछ पारम्परिक कार्योंकी आवश्यकता भी घट सकती है। यदि श्रमिकोंको समयपर प्रशिक्षण और नये कौशल प्राप्त करनेके अवसर नहीं मिलते तो रोजगार संबंधी कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। तकनीकी निवेशका लाभ उन देशों और कम्पनियोंको अधिक मिल सकता है, जिनके पास पर्याप्त पूंजी, बिजली, डिजिटल आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। दूसरी ओर कमजोर अर्थव्यवस्थाएं इस परिवर्तनके साथ कदम मिलानेमें पीछे रह सकती हैं। इसलिए तकनीकी प्रगतिके साथ शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षापर भी निवेश करना आवश्यक है।भारतके लिए इन चुनौतियोंमें जोखिमके साथ अवसर भी छिपे हुए हैं। देशको ऊर्जाके विभिन्न स्रोतोंका विकास करना चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र या आपूर्तिकर्तापर अत्यधिक निर्भरता न रहे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा विकल्पोंको बढ़ावा देनेसे दीर्घकालमें आयात संबंधी जोखिम कम किये जा सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक व्ययमें अनुशासन बनाये रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अनुसंधान और रोजगार सृजनके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें भारत अपनी युवा आबादी, तकनीकी प्रतिभा और व्यापक घरेलू बाजारका लाभ उठा सकता है। इसके लिए केवल नयी तकनीक खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। देशमें अनुसंधान, कौशल विकास, सुरक्षित आंकड़ा व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओंके अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करनेपर भी ध्यान देना होगा। छोटे उद्योगों और सामान्य नागरिकोंतक तकनीकी लाभ पहुंचाना जरूरी है, ताकि इसका लाभ कुछ बड़ी कम्पनियोंतक सीमित न रहे।अंततः वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति यह संदेश देती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है। सहयोग, दूरदर्शिता और संतुलित नीतियोंके माध्यमसे ही आर्थिक विकासकी सम्भावनाओंको सुरक्षित रखा जा सकता है।



वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति कहती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है।

अंधाधुंध विकास से भीषण संकट

हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है कि स्वयंको बदलो या बर्बाद हो जाओ। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

❒ **सुनीता नारायण**

नेपालमें बाढ़से १४१० से अधिक व्यक्तियोंकी मौतकी पुष्टि हो चुकी है और अभी भी हजारों लोग लापता हैं। यह एक बेहद बड़ी एव दर्दनाक मानवीय त्रासदी है लेकिन एक तरहसे मनुष्यके जान-बूझकर किये गये कार्यों और हाथ-पर-हाथ धरे रहनेके कारण भी है। असलियतमें यह त्रासदी हमारी सोचका परिणाम है। मनुष्य का यह विश्वास है कि वह कुछ भी फिरसे बना या बदल सकता है। हम ब्रह्मांड और इसमें मौजूद सभी वस्तुओंको नियंत्रित कर सकते हैं। हम ही सबसे ताकतवर जीव हैं जो जलवायु परिवर्तनका सामना कर सकते हैंए आखिर यह तो मौसमसे जुड़ी एक छोटी और मामूली-सी बात है। दरअसल यह सब हमारी वजहसे हो रहा है। मुझे इसे सिलसिलेवार ढंगसे समझाने दें। पहला सवाल यह है कि नेपालमें २६ अगस्तको क्या हुआ। हम सभीने जो तस्वीरें देखी होंगी, वे पहाड़के गिरनेकी हैं-बस ढहनेकी-जब अचानक बाढ़ और ढेरों मलबेने अपने रास्तेमें आने वाली सभी वस्तुओंको दफन कर दिया। इसमें चीनके आव्रजन कार्यालयकी विशाल इमारत भी शामिल थी। यह डरावना दृश्य-सा है, जैसे किसी वैज्ञानिक कल्पनापर आधारित फिल्मसे निकला हो।अब हम जानते हैं कि यह अचानक आयी बाढ़ अत्यधिक बादल फटनेसे नहीं हुई थी। यह लांगटांग लिरुंग चोटीके पास ऊंचे हिमखंडके ढहनेसे शुरू हुई थी। इसमें अनुमानित १४.२ करोड़ घन मीटर बर्फ और चट्टानें खिसकीं और इससे ५.२ तीव्रताकी भूकम्पीय घटना हुई। इससे प्राकृतिक बांधोंका निर्माण हुआ, जिनमें पानी एवं हिमनदसे बहाकर लायी गाद जमा हो गयी। फिर जब यह बांध टूटा तो इससे निचले इलाकेमें और भी विनाशकारी बाढ़ आयी। इसका कोई मुख्य कारण नहीं है लेकिन दो घटनाओंने इस क्षेत्रमें इस और इसी तरहकी अन्य त्रासदियोंमें बहुत योगदान दिया है। एक है जलवायु परिवर्तनके कारण होने वाली गर्मी। तापमान बढ़नेसे हिमनद पिघलते हैं। यह पिघलकर जब पहाड़से नीचेकी ओर आते हैं तो इससे हिमोढ़ ढलानें कटने लगती हैं। यह बम है जो फटनेके लिए तैयार है। ऐसा नेपालमें भी हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तनके कारण बेहद मुश्किल मौसम वाली घटनाओंकी आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है और इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी भीषण आपदाएं आती हैं। ऐसी घटनाएं २०२५ में हिमाचल प्रदेश, २०२४ में सिक्किम और २०२१ में चमोलीमें देखी गयीं। लिहाजा हम जिम्मेदार हैं, हम सभी। इसमें विशेष रूपसे वे देश भी हैं, जिन्होंने वायुमंडलमें ग्रीनहाउस उत्सर्जनके बढ़नेमें सबसे अधिक योगदान दिया है। ग्रीनहाउसके कारण तापमान बढ़ा रहा है और इससे बेकाबू विनाश हो रहा है। लोगोंकी मौतकी ऐतिहासिक जिम्मेदारीसे सर्वाधिक अमीर और सबसे विकसित देश भी पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं।

नेपालमें मरने वालोंकी संख्या बढ़ रही थी लेकिन विश्व १८७० के औद्योगिक कालकी तुलनामें १.५ डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धिकी सीमासे नीचे रहनेके परिकल्पित रास्तेपर आगे बढ़नेको तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रमका अनुमान है कि दुनिया कुछ ही वर्षोंमें इस दायरेको लांघ जायगी। वैज्ञानिकोंको पता है कि १.५ डिग्री सेल्सियससे परे तापमान बढ़नेके प्रभाव बढ़ते जायंगे। इसके प्रभाव कहीं अधिक विनाशकारी होंगे- बर्फकी चादरोंके ढहनेसे लेकर अटलांटिक मेरिडियल ओवरटेकिंग सर्कुलेशन जैसी समुद्री धाराओंमें व्यवधान और बहुत कुछ। इस गर्मीमें हमने जो बेहद गर्मी, आग और अन्य मौसमकी असामान्यताएं देखीं, वे केवल उसकी झांकियां थी। काफी घटनाएं होनेका इंतजार कर रही हैं। फिर भी हम अपने पृथ्वीके तंत्रमें टूटनको लेकर शांत दिखते हैं। आज हम इंसानके अनुचित कृत्यों, जैसे बेवजह युद्धोंके कारण आर्थिक और आजीविकाकी चिन्ताओंसे बेहद विचलित हैं और यह मौजूदा संकट महत्वहीन लगता है। हम उत्सर्जनपर महज पैबंद लगा रहे हैं और प्रकृतिके दायरेमें रहनेके लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं।हिमालयके मुद्देपर वापस आते हैं। हम जानते हैं कि पारिस्थितिकीतंत्रके इन ज्वलंत स्थानोंपर कभी भी फटने वाले बमोंको विकासकी प्रकृतिने और बदहाल कर दिया है। हम प्रकृतिका ध्यान रखनेके बारेमें बढ़ चढ़कर बातें करते हैं लेकिन उसपर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। हमें बदलती जलवायुपर अनिवार्य रूपसे जितना ध्यान रखना चाहिए, उतना रखते नहीं हैं। हम असलियतमें यह विश्वास करते हैं कि हम जो कर सकते हैं, उसे करते रहेंगे और उसका कोई प्रभाव भी उजागर नहीं होगा। जैसे संकीर्ण नदियोंपर बांध बनाकर तैयार होने वाली जलविद्युत परियोजनाओंको लें। मैंने पहले भी कहा है और इसे दोहराऊंगी, यह बांध विकासके नहीं है, बल्कि लापरवाहीके साथ किया विकास है। भारतके हिमालय क्षेत्रमें एकके बाद एक परियोजनाएं आ रही हैं, ताकि गंगाका स्वरूप ही बदल दिया जाय। गंगा स्वाभाविक रूपसे प्रवाहित होना बंद कर देंगी। इसका कारण यह है कि ये परियोजनाएं गंगाके पानीको नियंत्रित करेंगी, इसे बिजली उत्पन्न करनेके लिए ले जायंगी और फिर इसे वापस छोड़ देंगी। इसके साथ ही, हम पहाड़ोंमें सुरंगें बना रहे हैं और सड़कें बना रहे हैं, अक्सर ढलान प्रबंधनके प्रावधानके बिना। मैं और भी बहुत कुछ बता सकती हूं। सचाई यह है कि हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका यह संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है-अपनी मानसिकता बदलोय यह सोच कि तुम मुझे वशमें कर सकते हो और मुझे घुटनोंपर ला सकते हो, काम नहीं करेगी। संदेश है 'बदलो या बर्बाद हो जाओ'। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

आत्मबोध

भरत मिलाप

❒ **सदानन्द शास्त्री**

भरतको जब पता चला कि माता कैकेयीने उन्हें राजसिंहासनपर बैठानेके लिए रामको १४ वर्ष का वनवास दिलाया है तो वह मातासे भला-बुरा कहने लगे और रामको वापस लानेके लिए वनकी ओर चल दिये। उधर वनमें प्राकृतिक शोभासे युक्त दर्शनीय स्थल चित्रकूट पर्वतपर निवास करते हुए राम-सीता प्राकृतिक छटाका आनन्द ले रहे थे, सहसा उन्हें चतुरंगिणी सेनाका कोलाहल सुनाई दिया और वन्य पशु इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिये। यह देखकर राम लक्ष्मणसे बोले, ऐसा प्रतीत होता है कि इस वन-प्रदेशमें वन्य पशुओंके आखेट हेतु किसी राजा या राजकुमारका आगमन हुआ है। तुम जाकर इसका पता लगाओ। लक्ष्मण तुरन्त एक ऊंचे वृक्षपर चढ़ गये। उन्होंने देखा, उत्तर दिशासे एक विशाल सेना हाथी, घोड़ों और अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित सैनिकोंके साथ चली आ रही है जिसके आगे अयोध्याकी पताका लहरा रही थी। लक्ष्मण समझ गये कि वह अयोध्याकी सेना है। रामके पास आकर क्रोधसे लक्ष्मणने कहा, भैया! कैकेयीका पुत्र भरत सेना लेकर इधर चला आ रहा है। वह वनमें अकेला पाकर हमारा वध कर देना चाहता है जिससे निष्कंटक होकर अयोध्यापर राज्य कर सके। मैं इस भरतको उसके पापोंका फल चखाऊंगा। रामने कहा, लक्ष्मण! तुम ये कैसी बातें कर रहे हो। भरत तो मुझे प्राणोंसे भी प्रिय है। अवश्य ही वह मुझे अयोध्या वापस ले जानेके लिए आया होगा। बादमें लक्ष्मण अपने कठोर शब्दोंके लिए क्षमा मांगते हैं और भरत राम जीकी चरण पादुकाएं अयोध्या ले जाते हैं एवं राजकाज संभालते हैं। लखन राम सियं सुनि सुर बानी। अति सुखु लहेउ न जाइ बखानी॥ इहां भरतु सब सहित सहाय। मंदाकिनीं पुनीत नहाय॥ सरित समीप राखि सब लोगा। मागि मातु गुर सचिव नियोगा॥ चले भरतु जहं सिय रघुराई। साथ निषादनाथु लघु भाई॥ लक्ष्मणजी, श्री रामचंद्रजी और सीताजीने देवताओंकी वाणी सुनकर अत्यंत सुख पाया, जो वर्णन नहीं किया जा सकता। यहां भरतजीने सारे समाजके साथ पवित्र मंदाकिनीमें स्नान किया। फिर सबको नदीके समीप ठहराकर तथा माता, गुरु और मंत्रीकी आज्ञा मांग कर निषादराज और शत्रुघ्नको साथ लेकर भरतजी वहां चले जहां श्री सीताजी और श्री रघुनाथजी थे।

हड्डियों के बदलाव को गम्भीरता से लें

❒ **ऋतुपर्ण दवे**

हड्डी गतिशील ऊतक है जो अस्थि निर्माण, मॉडलिंग और रीमॉडलिंग जैसी कई प्रक्रियाओंके माध्यमसे लगातार बदलती और अनुकूलित होती रहती है। इसमें आम तौरपर अस्थि क्लास्ट और अस्थि ब्लास्टकी समन्वित गतिविधियां शामिल होती हैं। अस्थि ब्लास्ट वह प्रक्रिया है, जिसमें विशेष कोशिकाएं नयी हड्डीके निर्माण और हड्डीके विकासमें मदद करती हैं। यह हड्डीमें कैल्शियम और अन्य खनिजोंको जमा करके नया अस्थि ऊतक तैयार करती हैं। ब्लास्ट कोशिकाएं अपरिपक्व या शुरुआती स्तरकी कच्ची कोशिकाएं होती हैं जो अस्थि मज्जामें बनती हैं और बादमें परिपक्व होकर लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं या प्लेटलेट्समें बदल जाती हैं। सामान्य अस्थि मज्जामें इनकी संख्या बहुत कम (पांच प्रतिशतसे कम) होती है। यदि अस्थि मज्जा या रक्तमें ब्लास्ट कोशिकाओंकी संख्या बीस प्रतिशत या उससे अधिक हो जाय तो यह ल्यूकेमिया यानी रक्त कैंसर या अन्य अस्थि मज्जा विकारोंका संकेत हो सकता है। जबकि अस्थि क्लास्ट विशेष प्रकारकी अस्थि कोशिकाएं होती हैं, जिनका मुख्य काम पुरानी, क्षतिग्रस्त या अनावश्यक हड्डीके ऊतकोंको तोड़ना और अवशोषित करना होता है। इस चक्रमें गड़बड़ीसे हड्डियोंके स्वास्थ्यमें जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनमेंसे एक जटिलता ऑस्टियोपोरोसिस है, जिससे विश्व स्तरपर लाखों लोग प्रभावित हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे अमूमन प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगोंकी हड्डियां टूटती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक जटिल विकार है जो जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियां, आनुवंशिकी, हार्मोनल और अंत:स्रावी तंत्र, सह-रुग्णता यानी पूर्वसे मौजूदा रोग और कुछ दवाओंके उपयोग सहित कई कारकोंसे प्रभावित होता है। इसीसे बचाव, निदान और उपचारके लिए जागरूक करनेके हेतु हर वर्ष २० अक्तूबरको विश्व ऑस्टियोपोरोसिस-डे अलग-अलग थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्षकी थीम है 'बिल्ड, प्रोटेक्ट, स्ट्रेनदन योर बोन्स फॉर लाइफ' यानी जीवनभरके लिए अपनी हड्डियोंका निर्माण करें, रक्षा करें और उन्हें मजबूत बनायें। ऑस्टियोपोरोसिसको साइलेंट यानी 'खामोश बीमारी' कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौरमें इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं। प्राय: इसका पता तब चलता है जब मामूली झटके, छींकने या गिरनेसे हड्डी टूट जाती है। इसके कारण कूल्हे, रीढ़ और कलाईकी हड्डियां टूटनेका खतरा सबसे ज्यादा रहता है।विश्व आस्टियोपोरोसिस दिवसका मुख्य उद्देश्य लोगोंमें हड्डियोंकी कमजोरी और नाजुक होनेकी बीमारीके कारणों, इसकी रोकथाम और शुरुआती निदान एवं इलाजके प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियानका नेतृत्व वैश्विक स्तरपर इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन यानी आईओएफ द्वारा किया जाता है। सच तो यह है कि उम्र बढ़नेके साथ नयी हड्डियोंके बननेकी तुलनामें पुरानी हड्डियोंके नष्ट होनेकी गति तेज हो जाती है। हार्मोनल बदलावके चलते महिलाओंमें मेनोपॉज यानी महावारी बंद होनेके बाद एस्ट्रोजन हार्मोनकी कमीसे यह समस्या तेजीसे बढ़ती है। वहीं पुरुषोंमें ५०-६० वर्षकी आयुके बाद जोखिम बढ़ जाता है। पोषणकी कमी होनेसे भी शरीरमें कैल्शियम और विटामिन-डी की भारी कमी हो जाती है जिससे भी हड्डी कमजोर हो जाती है और इसके टूटनेका खतरा बढ़ जाता है। अन्य कारणोंसे भी हमारी हड्डियां कमजोर और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियोंमें सक्रिय न रहना, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना और कुछ खास दवाओं (जैसे स्टेरॉयड) का लम्बे समयतक इस्तेमालका भी प्रभाव पड़ता है। इसका पता लगानेके लिए आम तौरपर प्रचलित साधारण एक्स-रे की जगह डेक्सा स्कैन कराया जाता है जिसे चिकित्सकीय भाषामें बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस इसलिए भी बहुत खतरनाक हो जाता है, क्योंकि इसके कोई शुरुआती लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीमारीमें कोई संकेत भी नहीं मिलता है जिससे महसूस हो सके कि आस्टियोपोरोसिससे व्यक्ति घिरता जा रहा है। इस बीमारीमें सिरदर्द, बुखार या पेट दर्द भी नहीं होता जिससे पता चल सके कि शरीरमें कुछ गड़बड़ी है। हां बहुत ही मामूली तौरपर शरीरमें कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं जो यह संकेत दे सकते हैं कि हड्डियां कमजोर या घनी हो रही हैं। ऑस्टियोपोरोसिसके संकेतोंके लिए कुछ चेतावनियां भी हैं जैसे कि लम्बाईमें इंच-सवाइंच या उससे अधिककी कमी होना। स्वाभाविक शारीरिक मुद्रामें परिवर्तन, जैसे झुकना या आगेकी ओर अधिक मुड़ना, सांस लेनेमें तकलीफ होती है जिसकी वजह रीढ़की हड्डीमें डिस्कके संकुचित होनेसे फेफड़ोंकी क्षमता कम हो जाती है।किसी व्यक्ति द्वारा अपने शारीरिक रूपमें होने वाले बदलावोंको पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसको स्वजन या अन्य लोग जिनसे आप कुछ अन्तरालसे मिल रहे हैं वही बता सकते हैं कि शरीरमें क्या बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए एक सुझाव यह भी दिया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदातासे मिलकर अस्थि घनत्व परीक्षण करवाना चाहिए। ५० वर्षसे अधिक आयुके लगभग एक-तिहाई वयस्कोंमें, जिन्हें ऑस्टियोपोरोसिस नहीं है, ऑस्टियोपेनिया पाया जाता है। इसका अर्थ यह है कि उनकी हड्डियोंका घनत्व उनकी उम्रके हिसाबसे कम है। यह भी ऑस्टियोपोरोसिसके प्रारंभिक लक्षण हैं। यदि ऑस्टियोपेनियाका इलाज समयपर न किया गया तो यह ऑस्टियोपोरोसिसमें परिवर्तित हो सकता है। इसलिए बढ़ती उम्रमें ऐसी बीमारियोंसे बचनेके लिए सचेत रहते हुए समय-समयपर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना आवश्यक होता है।

सहारनपुर में 34 केंद्रों पर 87,984 अभ्यर्थी देंगे पीईटी परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर को छह पालियों में होगी परीक्षा

केंद्रों पर मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को आयोजित होगी। जनपद के 34 परीक्षा केंद्रों पर कुल 87,984 अभ्यर्थी छह पालियों में परीक्षा देंगे। प्रत्येक पाली में 14,664 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में परीक्षा तैयारियों को लेकर बैठक हुई। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र पर्यवेक्षकों और संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। नकल या परीक्षा की व्यवस्था बाधित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा।

बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आवागमन को देखते हुए रोडवेज, रेलवे, एआरटीओ, एसपी यातायात और सिटी मजिस्ट्रेट को विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। रोडवेज को अतिरिक्त बसें चलाने तथा रेलवे और परिवहन विभाग को समय रहते तैयारियां पूरी करने को कहा गया। होटल संचालकों, टेंपो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा अभ्यर्थियों से निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा और उनके बैग आदि रखने की उचित व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया।

जनपद में परीक्षा के लिए निर्धारित केंद्रों में एएचपी इंटर कॉलेज छुटमलपुर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज मटिया महल खालापार, आशा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल जनता रोड, बीडी बाजोरिया इंटर कॉलेज बेहट रोड, बीएचएस इंटर कॉलेज मिशन कंपाउंड, डीएवी पब्लिक स्कूल रसूलपुर बेहट रोड, दयाचंद जैन इंटर कॉलेज सरसावा, गौरी शंकर इंद्रपाल सिंह इंटर कॉलेज हसनपुर, गोचर कृषि इंटर कॉलेज रामपुर मनिहारान, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान, राजकीय इंटर कॉलेज कैलाशपुर, राजकीय इंटर कॉलेज कमेला रोड, राजकीय इंटर कॉलेज नेहरू मार्केट, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज गांधी पार्क, गुरु नानक इंटर कॉलेज अंबाला रोड, एचएवी इंटर कॉलेज मातागढ़, इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज आतिशबाजान, इस्लामिया इंटर कॉलेज ईदगाह रोड, जेबीएस हिंदू कन्या इंटर कॉलेज रायवाला, जेवी जैन कॉलेज प्रद्युम्न नगर, जेवी जैन इंटर कॉलेज मातागढ़-कलसिया रोड, जगदीश प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मड़की रोड, जनता इंटर कॉलेज अहमदपुर ब्राह्मण, जनता इंटर कॉलेज स्टेशन रोड नागल, केसीसीपी आर्य कन्या इंटर कॉलेज गिल कॉलोनी, खालसा पब्लिक स्कूल सड़क दूधली, किसान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दाउदपुरा, महाराज सिंह कॉलेज चकराता रोड, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लिंक रोड, रमाबाई राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज कोटा, एसबीबीए इंटर कॉलेज धोबी घाट, श्री दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज छाता बारूमल, सियाराम इंटर कॉलेज गागलहेड़ी और सेंट मैरी स्कूल चिलकाना रोड हलालपुर शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, एंड्रॉयड फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा। कक्ष निरीक्षकों की ब्रीफिंग और प्रशिक्षण कराने के साथ मजिस्ट्रेटों को लगातार केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र पर्यवेक्षक और संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

दिल्ली रोड के फल व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा: मंसूर बदर

आज समाचार सेवा

● पार्षद दल ने मेयर और नगर आयुक्त को कराया अवगत, व्यापारियों को नियमों के दायरे में रहकर रोजगार करने का अधिकार



सहारनपुर। दिल्ली रोड पर फल का कारोबार करने वाले व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य मंसूर बदर के नेतृत्व में पार्षद दल ने संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों की शिकायतों से मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह और नगर आयुक्त शिपू गिरि को भी अवगत कराया गया। मेयर और अधिकारियों ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि किसी को भी बिना कारण परेशान नहीं किया जाएगा।

व्यापारियों ने पार्षद दल को बताया कि दिल्ली रोड के एक तरफ फल का कारोबार करने वालों को कोई परेशानी नहीं होती, जबकि दूसरी तरफ ठिए लगाने वाले व्यापारियों को नगर निगम का अतिक्रमण विभाग आए दिन कारोबार बंद करने के लिए कहता है। व्यापारियों ने सवाल उठाया कि एक ही सड़क पर अलग-अलग नियम कैसे लागू हो सकते हैं।

पार्षद मंसूर बदर ने मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह और नगर आयुक्त शिपू गिरि को फोन पर पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि फल व्यापारियों ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू किया है। इसके अलावा वे नगर निगम के फड़ ठेकेदार को प्रतिमाह निर्धारित शुल्क देकर पर्ची भी कटवाते हैं। ऐसे में उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव या उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। मंसूर बदर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमों के दायरे में रहकर रोजगार करने का पूरा अधिकार है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने फल व्यापारियों से भी अपील की कि वे सड़क और आवागमन के रास्तों पर अतिक्रमण न करें, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि यदि नियमों का पालन करने के बावजूद किसी व्यापारी को बेवजह परेशान किया गया तो पार्षद दल उनकी समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाएगा। इस दौरान पार्षद रईस पप्पू, गुलजेब खान, सईद सिद्दीकी, इजहार मंसूरी, महमूद हसन, समीर अंसारी और जफर अंसारी सहित फल व्यापारियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीता की लंका से वापसी के बाद अयोध्या लौट राम, राज्याभिषेक

गंगोह- राम के राज्याभिषेक के साथ ही एक पखवाड़े से जारी रामलीला महोत्सव का समापन हो गया। अनेक संस्थाओं का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।



एक पखवाड़े से जारी रामलीला महोत्सव के दौरान दर्शकों द्वारा इस वर्ष आयोजकों के लीला में होने वाले दृश्यों को परिवर्तन कर प्रस्तुत करने की सराहना की। शिव चौक पंचायती धर्मशाला स्थित रामलीला भवन में रावण-मेघनाथ के संवादों की प्रशंसा की गई। रामलीला कमेटी का श्रेष्ठ कलाकार के बारे मे चाहे जो मत रहा हो परन्तु दर्शकों की नजर मे इस बार भी राम का अभिनय श्रेष्ठ रहा। रामलीलाओं में सीता की लंका से वापसी के बाद राम अयोध्या लौट गए, जहां भरत, शत्रुघन ने उनका स्वागत अयोध्या वासियों की ओर से किया। गुरु वशिष्ठ द्वारा राम का राज तिलक किया गया। महोत्सव मंडल की और से संयोजक अर्चित गोयल ने राज तिलक किया। रामलीला महोत्सव के समापन अवसर पर कलाकारों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कमेटी ने परदे के पीछे व्यवस्था संभालने वालों का विशेष आभार जताया। इस अवसर पर मनोज गोयल, नवीन पांचाल, सुशील मित्तल, अतुल गोयल, कश्यप कुमार फौजी, अनिल तायल, सतीश, नीरज पाहुजा, राहुल राज अंगार थारुल, लविश नामदेव, मोहित नामदेव, राजू नामदेव आदि मौजूद रहे।

दुध के टैंकर ने घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची को कुचली

गंगोह- गांव धलापडा में दुध के टैंकर ने घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची को कुचल डाला। जिससे बच्ची ने मौके पर ही दम तोड दियें। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर के बाहर सडक पर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची शमी पुत्री मुकरिम को तेज गति से आ रहे दुध के टैंकर ने कुचल डाला, जिससे बच्ची की मौत हो गई। ग्रामीणों ने टैंकर चालक को पकडकर धुनाई करके धलापडा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सौंप दिया। चालक सलमान महंगी गांव का निवासी बताया गया है। मृतका के चाचा महबूब ने पुलिस में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतक बच्ची अपने घर के दो बच्चों में बडी थी, उसका भाई डेढ साल का है। मृतका का पिता मुकरिम खेतिहर मजदूर बताया जाता है। जो मजदूरी कार्य से अपने परिवार का लालन पालन करता है।

किसानों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में किसान दिवस आयोजित किया गया। इसमें जनपद के करीब 100 किसानों ने भाग लेकर कृषि, गन्ना, विद्युत, लोक निर्माण और उद्यान विभाग से संबंधित समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि जनपद में डीएपी और यूरिया का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सहकारी समितियों के माध्यम से भी किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। गेहूं, सरसों और दलहन के बीजों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान की व्यवस्था है। किसान कृषि विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर बीज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सरसों की बेहतर पैदावार के लिए सल्फरयुक्त उर्वरकों के प्रयोग, उपयुक्त परिस्थितियों में डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) के इस्तेमाल और फसल में विरलीकरण के महत्व की जानकारी दी। प्रगतिशील महिला कृषक सुभावरी चौहान ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि आम, अमरूद, जामुन, गेहूं और सरसों के उत्पादों को स्वयं बाजार में बेचकर अच्छा मूल्य प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने जनपद में ड्रोन और फेरोमोन ट्रैप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। जिलाधिकारी ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने की अपील करते हुए कहा कि इससे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। किसान दिवस में लोक निर्माण और विद्युत विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा को निर्देश दिए कि आगामी किसान दिवस में संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

एक नवंबर को सहारनपुर में लगेगा मेगा शिविर, गरीबों और जरूरतमंदों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बैठक, पात्र लाभार्थियों को चिह्नित करने के लिए तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे प्री-कैंप सहारनपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर एक नवंबर 2026 को जनपद में मेगा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों तक विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। मंगलवार को जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में आयोजित बैठक में शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। जनपद न्यायाधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेगा शिविर से पहले सभी तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे शिविर आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को चिह्नित किया जाए। इसके लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और पात्र लोगों के आवेदन तैयार कराने के निर्देश दिए गए, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में परेशानी न हो। बैठक में शादी अनुदान, दिव्यांग कल्याण, महिला एवं बाल विकास, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार कर समय से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई जाएं, जिससे मेगा शिविर के दौरान अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि एक नवंबर को आयोजित होने वाले मेगा शिविर में न्यायपालिका के साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। इन स्टॉलों पर योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन प्रक्रिया पूरी कराने और पात्र लोगों को मौके पर ही लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में अपर जिला जज मौ. अहमद खान, विकास गुप्ता, सुबोध भारती, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पप्पू कुमार सिंह, पूर्णकालिक सचिव आशुतोष तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्णकालिक सचिव आशुतोष तिवारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे मेगा शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाएं।

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में डीएम सख्त, खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश



सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार रैंकिंग की समीक्षा करते हुए खराब प्रगति वाले विभागों के प्रति जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी में खराब प्रगति वाले विकास खंडों के खंड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और वेतन रोकने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा को संबंधित अधिकारियों की पिछले माह की प्रतिदिन की कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। खराब प्रगति वाले नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के विरुद्ध भी नोटिस जारी कर वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।

स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा को मिला माकपा का समर्थन



आज समाचार सेवा

● नवनीत सिंह ने सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद को सौंपा समर्थन पत्र

सहारनपुर। मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की सीटों पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा की है। इसी क्रम में बुधवार को माकपा के जिला महामंत्री नवनीत सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी अंबाला रोड स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद को समर्थन पत्र सौंपा।

इस दौरान जिला महामंत्री नवनीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। इसी निर्णय के तहत जिला इकाई के पदाधिकारी सपा कार्यालय पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी की राज्य कमेटी ने प्रदेश की 11 सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देने का फैसला किया है।

सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने समर्थन के लिए माकपा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ माकपा ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन दिया है, उस विश्वास पर पार्टी हमेशा खरी उतरने का प्रयास करेगी और माकपा के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

इस दौरान पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, कामरेड दाऊद, सपा कार्यालय प्रवक्ता एवं प्रभारी फैसल सलमानी, हसीन कुरैशी, वेदपाल पटनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से हुनर को मिलेगा सम्मान, कारीगरों के लिए खुलेंगे स्वरोजगार के नए द्वार: राजीव गुंबर

आज समाचार सेवा

● सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज में 10 दिवसीय कौशल एवं उद्यम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर



सहारनपुर। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों को कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंबाला रोड स्थित सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज में 10 दिवसीय कौशल एवं उद्यम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नगर विधायक राजीव गुंबर ने रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि दर्जी, मोची, राजमिस्त्री सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगर समाज और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनके पास हुनर और अनुभव की अमूल्य पूंजी है। आवश्यकता है कि उन्हें उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपने कौशल को और विकसित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण देकर उनके हुनर को निखारने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राजीव गुंबर ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कारीगरों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो सकते हैं। इससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ देश के विकास में भी योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं और पारंपरिक कारीगरों को रोजगार मांगने वाले के बजाय रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में कौशल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे प्रयास आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में सहायक हैं।

कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज के महाप्रबंधक अजय कुमार, प्रशिक्षण संचालिका अर्चना कश्यप, प्रधानाचार्य संदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



सहारनपुर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन सहारनपुर में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को याद करते हुए पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा के प्रति समर्पण को नमन किया गया। अधिकारियों ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके त्याग और कर्तव्य के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर पुलिसकर्मी जनसेवा तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, निरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने शहीद पुलिसकर्मियों के आदर्शों पर चलने तथा जनता की सुरक्षा और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

युद्ध स्तर पर खराब लाइटें ठीक करा रहा नगर निगम

दीपावली पर शहर को जगमगाने के लिए निगम ने खरीदी एक हजार से अधिक नयी लाइट

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। दीपों के महापर्व दीपावली को लेकर नगर निगम पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। शहर के प्रत्येक वार्ड में नयी लाइटों से लेकर पुरानी खराब लाइटों की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। दीपावली तक 95 प्रतिशत से अधिक लाइटों को क्रियाशील अवस्था में रखने का लक्ष्य रखा गया है। शहर को दीपावली पर जगमगाने के लिए एक हजार से अधिक नयी लाइट निगम द्वारा खरीदी गयी है।

पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शहर के सभी 70 वार्डों में स्थिति अनुसार 5-8 नयी लाइट लगाने का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा निगम की खराब लाइटों के लिए स्पेयर पार्ट्स मंगवाकर उन्हें तेजी से ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुबंध के अनुसार ईईएसएल कंपनी द्वारा भी वार्ड वार सर्वे कर खराब लाइटों को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। ईईएसएल कंपनी द्वारा लाइटों को ठीक करने के लिए काफी सामग्री मंगायी गयी है।

पथ प्रकाश प्रभारी ने बताया कि दीपावली तक 95 प्रतिशत से अधिक लाइटों को क्रियाशील अवस्था में ले आया जाए, यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थलों, प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, कार्यक्रम स्थलों एवं प्रमुख मार्गों को प्राथमिकता में रखा गया है। निगम के विद्युत कर्मचारी युद्ध स्तर पर खराब लाइटों को ठीक करने का कार्य कर रहे हैं।

सेंट्रल पार्क कॉलोनी में बच्चों ने रचा दशहरा उत्सव का रंग, 12 फुट के रावण का दहन

खेल-खेल में शुरू हुई परंपरा बनी आयोजन की पहचान, राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण के रूप में बच्चों ने बटोरीं तालियां

आज समाचार सेवा





सहारनपुर। दिल्ली रोड स्थित सेंट्रल पार्क कॉलोनी में बच्चों की मेहनत, लगन और उत्साह ने दशहरा पर्व को यादगार बना दिया। तीन वर्ष पहले कुछ बच्चों ने खेल-खेल में रावण का पुतला बनाकर अपने घरों के बाहर दशहरे के दिन उसका दहन किया था। उस समय किसी ने कल्पना नहीं की थी कि बच्चों की यह छोटी-सी पहल एक दिन पूरी कॉलोनी के भव्य दशहरा महोत्सव का रूप ले लेगी। इस वर्ष बच्चों ने कॉलोनीवासियों के सहयोग से करीब 12 फुट ऊंचा रावण तैयार किया और मंदिर प्रांगण में धूमधाम से दशहरा महोत्सव आयोजित किया।

रावण बनाने की इस परंपरा को आगे बढ़ाने में नक्श, रुद्राक्ष, आरव, अभिनव, दक्ष, वेदांत, विराज, सैम और अंश गुप्ता सहित अन्य बच्चों ने उत्साहपूर्वक मेहनत की। बच्चों की लगन देखकर कॉलोनी के राहुल कोहली, रोहित श्रीवास्तव, अमित भटनागर और पंकज बालिया भी सहयोग के लिए आगे आए। सभी के सामूहिक प्रयास से इस बार करीब 12 फुट का रावण तैयार हुआ और बच्चों की पहल ने बड़े आयोजन का रूप ले लिया।

महोत्सव में रामायण के पात्रों का मंचन भी आकर्षण का केंद्र रहा। दक्ष वालिया ने भगवान श्रीराम, धैर्य ने लक्ष्मण, अनिका ने माता सीता, अंश गुप्ता ने हनुमान जी और रुद्राक्ष भाटिया ने रावण का स्वरूप धारण किया। बच्चों ने अपने-अपने पात्रों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रावण दहन के दौरान बच्चों और कॉलोनीवासियों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं ने डांडिया और गरबा प्रस्तुत किया। वहीं, कॉलोनीवासियों ने रामायण का श्रवण करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों ने कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

तीन साल पहले शुरू हुई इस छोटी-सी परंपरा को भव्य आयोजन में बदलते देख कॉलोनीवासी उत्साहित नजर आए। बच्चों ने अगले वर्ष दशहरा महोत्सव को और भी भव्य बनाने का संकल्प लिया। उनकी मेहनत और रचनात्मकता ने यह संदेश दिया कि छोटी उम्र में भी बड़े और प्रेरणादायक कार्य किए जा सकते हैं।

सहारनपुर की रामलीलाओं में रावण दहन जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा शहर

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। विजयदशमी का पर्व मंगलवार को सहारनपुर में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की रामलीलाओं में रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। जीआईसी मैदान में श्री कृष्ण राम नाटक क्लब की ओर से आयोजित दशहरा उत्सव में 60 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। गांधी पार्क और जिला कांग्रेस कमेटी मैदान में भी रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। भगवान श्रीराम के जयकारों और आतिशबाजी से वातावरण उत्सवमय हो गया। जीआईसी मैदान में दशहरा उत्सव से पहले भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों के साथ आकर्षक झांकियां मुख्य बाजारों से गुजरीं। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के स्वरूप रथ पर विराजमान रहे, जबकि समाजसेवी राजीव चावला सारथी बने। व्यापारियों और नागरिकों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी स्वागत कर आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष महेंद्र तनेजा और महामंत्री विक्की दुआ के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

जीआईसी मैदान में रामलीला मंचन के बाद जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और नगर विधायक कुलदीप सिंह की मौजूदगी में रावण दहन किया गया। आग लगते ही 60 फुट ऊंचा पुतला करीब आधे मिनट में जलकर राख हो गया। कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का भी दहन किया गया। गांधी पार्क में श्री राधा कृष्ण क्लब के दशहरा उत्सव में मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, महापौर डॉ. अजय सिंह, नगर विधायक राजीव कुमार उपमार और पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल मौजूद रहे। यहां भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का मंचन हुआ। अतिथियों ने कुंभकरण, मेघनाद और रावण के पुतलों का दहन किया।

जिला कांग्रेस कमेटी मैदान में श्री आशुतोष मंदिर रामलीला समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राम-रावण युद्ध का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान श्रीराम के अग्निबाण चलाने के प्रसंग के साथ रावण का अंत दिखाया गया। इसके बाद पुतला दहन और आतिशबाजी हुई। कार्यक्रम में डॉ. राहुल सिंह, डॉ. पंकज खन्ना, समिति अध्यक्ष गौरव चौधरी, महामंत्री राकेश छाबड़ा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। दशहरा उत्सव ने लोगों को अहंकार, अन्याय और बुराई का त्याग कर सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ पर्व मनाया।

पत्रकार नसीम अहमद की हत्या के विरोध में पत्रकारों का प्रदर्शन

आज समाचार सेवा



नानौता (सहारनपुर)। हापुड़ में दैनिक जनवाणी के पत्रकार नसीम अहमद की हत्या के विरोध में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की नानौता इकाई ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। जिला अध्यक्ष आलोक तनेजा के निर्देशन में जिला उपाध्यक्ष सरदार अरविन्दर सिंह काका के नेतृत्व में पत्रकार नारेबाजी करते हुए नानौता थाने पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष विकास चारण को सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से तीन प्रमुख मांगें उठाईं। इनमें हत्या के आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई करने, मृतक पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ रुपये का सरकारी मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की मांग शामिल रही।

जिला उपाध्यक्ष सरदार अरविन्दर सिंह काका ने कहा कि पत्रकार नसीम अहमद की हत्या की घटना ने प्रदेशभर के पत्रकारों को झकझोर दिया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। तहसील महामंत्री फैय्याज अली आब्दी ने पीड़ित परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग को उचित बताते हुए परिवार को न्याय दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

ब्लॉक अध्यक्ष दिलशाद राणा ने पत्रकारों के उत्पीड़न और उनकी हत्याओं की घटनाओं पर चिंता जताते हुए सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। प्रदर्शन में ब्लॉक महासचिव सतीश रुहेला, उपाध्यक्ष अनिल राणा, शाह अब्बास जैदी, कोषाध्यक्ष भरत अग्रवाल, सचिव सुमित टपरानियां, डॉ. मनोज तौमर, महफूज अली, मुख्तार हसन और सुशील कुमार सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। पत्रकारों ने एकजुट होकर घटना की निंदा की और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

पुलिस लाइन में गरिमा और सम्मान के साथ मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस



रामपुर। जनपद रामपुर पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस पूरी गरिमा, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर में शोक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान देश और समाज की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पुलिस जवानों को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर सपूतों को नमन किया। दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह दिवस हमें हमारे उन कर्तव्यनिष्ठ साथियों की याद दिलाता है, जिन्होंने जनसेवा और सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और सर्वोच्च बलिदान दिया। रामपुर पुलिस अपने अमर शहीदों के सपनों को साकार करने और उनकी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखने के लिए सदैव कटिबद्ध है।

धनौरी की संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में उ. प्रा. विद्यालय लखीमपुर का दबदबा



स्वार। धनौरी की संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जूनियर हाई स्कूल लखीमपुर का दबदबा रहा। विजेता बालक एवं बालिकाओं को नोडल संकुल शिक्षक ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

बुधवार को धनौरी न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिता जूनियर हाई स्कूल लखीमपुर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व एआरपी राकेश कुमार गौतम ने हरी झंडी दिखाकर किया।

बालक वर्ग की 50 मीटर की दौड़ में जालफनगला का उमेर प्रथम स्थान पर रहा। जबकि दूसरे स्थान पर मधुपुरी का विवेक रहा। 100 की दौड़ में रुस्तमनगर का तौहीब अव्वल रहा। दूसरे स्थान पर लखीमपुर का अरहान रहा।

बालिका वर्ग में 50 एवं 100 मीटर की रेस में रुस्तमनगर की इकरा ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर लखीमपुर की आराधिका व मधुपुरी की पल्लवी रही।

लंबीकूद में मधुपुरी का विवेक विजेता बना। दूसरे स्थान पर शिवनगर का सोनू रहा।

बालक वर्ग, जूनियर स्तर की 100 व 200 मीटर की दौड़ में लखीमपुर के वंश ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर स्वार का अरवाज रहा। 200 मीटर की दौड़ में लखीमपुर का वंश प्रथम व दूसरे स्थान पर जालफनगला का अरमान रहा।

बालिका वर्ग में 100 मीटर की रेस में स्वार की इकरा आगे रही। दूसरे स्थान पर लखीमपुर की आबिदा रही।

बालिकाओं की 200 मीटर की दौड़ में लखीमपुर की कनक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर स्वार की अक्सा रही। बालकों की लंबी कूद में जालफनगला का अनस विजेता बना। दूसरे स्थान पर अरवाज रहा। बालिकाओं में लखीमपुर की कनक ने बाजी मारी। जालफनगला की रोजी दूसरे स्थान पर रही।

चक्का, गोला फेंक एवं कबड्डी में लखीमपुर का दबदबा रहा।

प्राथमिक स्तर पर रुस्तमनगर व छपर्रा विजेता बने। विजेता रहे बालक एवं बालिकाओं को शिक्षकों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान संकुल शिक्षक फरजंद अली ने खेलों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया। कहा खेल हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा सिखाते हैं।

इस दौरान नोडल संकुल शिक्षक जाकिर अली, सुशील कुमार, मोहम्मद फारूक,रेखा, रिफाकत अली, फरजंद अली, मुस्तकीम, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अंकुश वत्सल, पंकज आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर संकुल की मासिक बैठक में प्रभावपूर्ण पठन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान निपुण लक्ष्य ऐप पर आकलन, कैच अप रणनीतियां, शिक्षक संदर्शिका एवं शिक्षक डायरी भरना बताया गया।

आज आजम खान से मिलेंगे अखिलेश यादव, रामपुर जेल में होगी मुलाकात

अखिलेश-आजम की मुलाकात पर टिकीं सियासी निगाहें, यूपी की राजनीति में हलचल तेज

रामपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 22 अक्टूबर को रामपुर जेल में पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात का आधिकारिक कार्यक्रम जारी होने के बाद प्रदेश की सियासत में चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात के संभावित सियासी मायनों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

अखिलेश यादव और आजम खान समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं में शुमार हैं। ऐसे में दोनों नेताओं की प्रस्तावित मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रामपुर समेत प्रदेश की राजनीति में इस मुलाकात को लेकर खासा उत्साह और चर्चा है।

कार्यक्रम के अनुसार, अखिलेश यादव 22 अक्टूबर को रामपुर पहुंचकर जेल में आजम खान से मुलाकात करेंगे। आधिकारिक कार्यक्रम जारी होने के बाद राजनीतिक हलकों की नजरें अब इस मुलाकात पर टिक गई हैं। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान पार्टी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हो सकती है, हालांकि बातचीत के संभावित विषयों को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

इस मुलाकात को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अखिलेश यादव और आजम खान की यह भेंट प्रदेश की राजनीति को कोई नया संदेश देगी? फिलहाल, 22 अक्टूबर को होने वाली इस मुलाकात को लेकर सियासी हलकों में चर्चाओं का दौर जारी है और सभी की निगाहें रामपुर पर टिकी हैं।

सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मैनें अपने पुत्र मौ० जुनैद व उसकी पत्नी श्रीमति साजिया को गलत आचरण व गलत चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह स्वंय जिम्मेदार व देनदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

साबुद्दीन पुत्र श्री बसरूद्दीन
नि० ग्राम चमरौआ, पोस्ट अक्का
डिलारी, जिला मुरादाबाद

सरस्वती विद्या मंदिर में विजयदशमी पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया

मिलक (रामपुर)। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 21 अक्टूबर को प्रात:कालीन वंदना सत्र के दौरान विजयदशमी (दशहरा) का पर्व धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह, शिक्षक आशीष कुमार, सुरेंद्र कुमार एवं मुख्य वक्ता मोहर सिंह ने मां शारदे तथा भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया।इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विजयदशमी के पावन अवसर पर सुंदर एवं भक्तिमय सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों से विद्यालय का पूरा प्रांगण भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोहर सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विजयदशमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दशहरा का पर्व आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व सत्य की असत्य पर तथा धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है। इसी पावन अवसर पर मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर देवताओं को भयमुक्त किया था, जबकि भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का संहार कर अधर्म का नाश किया था।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को विजयदशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

23 वर्षीय महिला ने तेल डालकर लगाई आग, इलाज के दौरान मौत

मिलक (रामपुर) कोतवाली क्षेत्र के धनेली उत्तरी गांव में मंगलवार सुबह 23 वर्षीय महिला ने घर में अकेले होने पर तेल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार धनेली उत्तरी निवासिनी राजवती (23 वर्ष) पत्नी मनोज ने 21 अक्टूबर 2026 को सुबह लगभग 9:00 बजे घर पर कोई मौजूद न होने पर खुद पर तेल डालकर आग लगा ली। धुआं और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह करीब 70 प्रतिशत तक जल चुकी थी। सूचना पर उसका पति मनोज भी घर पहुंच गया और आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिलक ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीएम की कार्रवाई की जा रही है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बेमिसाल विकास की नई पहचान बना सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र

जहां विकास को मिला संस्कृति का साथ, वहां रामपुर को मिली अपनी नई पहचान, 92 करोड़ रुपये की लागत से साकार हुई विकास, संस्कृति और हुनर को समर्पित भव्य परियोजना

रामपुर। किसी शहर के विकास की कहानी केवल सड़कों और इमारतों से नहीं लिखी जाती। विकास तब सार्थक होता है, जब वह समाज की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ उसकी कला, संस्कृति, प्रतिभा और परंपराओं को भी आगे बढ़ने का अवसर दे। रामपुर में पनवड़िया स्थित सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र इसी सोच को साकार करता हुआ विकास की एक नई पहचान बनकर सामने आया है।

92 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र जनपद के इतिहास में भवन निर्माण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी परियोजना है। केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह भव्य परिसर अब जनपद रामपुर में बड़े स्तर के शासकीय, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं अन्य आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उपयोगी साबित होगा।

एक जरूरत से शुरू हुई विकास की कहानी- बड़े आयोजनों के लिए पर्याप्त क्षमता और आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्थान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती रही है। इस आवश्यकता को समझते हुए ऐसा बहुउद्देशीय परिसर विकसित किया गया, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें।

आज सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र इस आवश्यकता का जवाब बनकर तैयार है।

परियोजना में 674 सीट क्षमता वाला ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरी, 03 बड़े बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स-ए और बी, 40 कमरों का गेस्ट हाउस, पम्प हाउस एवं यूजी टैंक, सब-स्टेशन, बाउंड्रीवाल, विभिन्न लॉन तथा पार्किंग के लिए पर्याप्त खुला स्थान विकसित किया गया है।

ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, प्रतिभाओं के सपनों का मंच- सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र की सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुउद्देशीय उपयोगिता है। यहां होने वाले आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं होंगे, बल्कि वे रामपुर की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने का माध्यम बनेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर मेले, हाट, हुनर बाजार, प्रदर्शनियां, सरकारी कार्यक्रम और बच्चों की गतिविधियां—विभिन्न प्रकार के आयोजन अब बेहतर सुविधाओं के साथ यहां कराए जा सकेंगे।

674 सीट क्षमता वाला ऑडिटोरियम स्थानीय कलाकारों, विद्यार्थियों और विभिन्न संस्थाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देगा। वहीं आर्ट गैलरी कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन सकती है।

स्थानीय हुनर को मिलेगा बाजार- किसी भी क्षेत्र का वास्तविक विकास तब दिखाई देता है जब स्थानीय प्रतिभा और हुनर को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। सांस्कृतिक सद्भावना केन्द्र में प्रस्तावित हाट एवं हुनर बाजार जैसे आयोजन स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और हुनरमंद लोगों को अपने उत्पादों और कला को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं।

इस प्रकार यह परियोजना केवल आयोजन स्थल नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, कला, हुनर और आर्थिक गतिविधियों को एक मंच पर जोड़ने की क्षमता रखने वाला केन्द्र है।

सरकारी कार्यक्रमों से लेकर सामाजिक आयोजनों तक- वर्तमान में सद्भावना मण्डप का संचालन रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। इसका उपयोग विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों के लिए किया जा सकेगा। साथ ही नियमानुसार गैर-सरकारी आयोजनों के लिए भी परिसर आवंटित किया जा सकेगा।

तीन बड़े हॉल, विशाल ऑडिटोरियम, लॉन और पार्किंग के लिए उपलब्ध स्थान के कारण यह परिसर विभिन्न स्तर के आयोजनों के लिए सुविधाजनक और उपयोगी स्थान उपलब्ध कराता है।



विकास की बड़ी परियोजना, बड़ी जिम्मेदारी भी- इतनी बड़ी परियोजना का निर्माण अपने आप में उपलब्धि है, लेकिन इसकी वास्तविक सफलता इसके सतत और बेहतर उपयोग में निहित है। यदि परिसर में नियमित रूप से सांस्कृतिक, शैक्षिक, सामाजिक, प्रशासनिक और जनहितकारी गतिविधियां आयोजित होती हैं, तो यह आने वाले वर्षों में जनपद की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विभिन्न शासकीय गतिविधियों एवं अन्य गैर-शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सांस्कृतिक सद्भावना मण्डप का अधिकाधिक उपयोग किए जाने तथा इसकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने की अपील की है।

रामपुर की विकास यात्रा में एक नया अध्याय- 92 करोड़ रुपये की यह परियोजना रामपुर की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है। इसकी भव्यता जहां जनपद को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आयोजन स्थल प्रदान करती है, वहीं इसकी बहुउद्देशीय संरचना इसे आने वाले समय में संस्कृति, कला, प्रतिभा, व्यापार और सामाजिक सहभागिता का केन्द्र बनाने की क्षमता रखती है। आज पनवड़िया में खड़ा यह भव्य परिसर केवल एक भवन नहीं है। यह उस सोच का परिणाम है जिसमें विकास के साथ विरासत, आधुनिकता के साथ संस्कृति और सुविधाओं के साथ जनभागीदारी को महत्व दिया गया है।

शाहबाद में दो बाइकों की भीषण भिड़ंत, महिला समेत 6 लोग गंभीर रूप से घायल

शाहबाद। करैथी गांव के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ दो बाइकों की आमने-सामने से सीधी जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भीषण टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे की आवाज सुनकर मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग और राहगीर जमा हो गये। ग्रामीणों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भिजवाया।

दूसरे वाहन से बचाने के चक्कर में पलटा ई-रिक्शा, चालक घायल

बिलासपुर। दूसरे वाहन से बचाने के प्रयास में एक ई-रिक्शा फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार, रूद्र-बिलास चौकी क्षेत्र के अंतर्गत गांव डिबडिबा की सोढ़ी कॉलोनी निवासी जितेंद्र बुधवार दोपहर अपने ई-रिक्शा से पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के नजदीक एक सवारी को छोड़कर वापस लौट रहा था।इसी दौरान फ्लाईओवर पर गाबा चौक के सामने पहुंचने पर सामने से आ रहे दूसरे वाहन से बचने के प्रयास में उसका ई-रिक्शा अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया।हादसे के बाद चालक जितेंद्र की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।लोगों ने आनन-फानन में घायल चालक को ई-रिक्शा से निकालकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।वहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया।सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि हादसे में चालक के पैर में गंभीर चोट आई है।चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा है।

जूनियर बालक एथलेटिक्स के 28 अक्टूबर को होंगे जिला स्तरीय ट्रायल

रामपुर। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए मण्डलीय टीम के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन/ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय चयन/ट्रायल 28 अक्टूबर 2026 को शाम 3 बजे बमनपुरी स्थित शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे। चयनित खिलाड़ियों का मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल 29 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे मुरादाबाद के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2026 तक वाराणसी में आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि चयन/ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए जन्मतिथि प्रमाणित करने वाला आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि एवं समय पर स्टेडियम में उपस्थित होकर चयन/ट्रायल में प्रतिभाग कर सकते हैं।

नगर में शनिवार को निकलेगी भव्य श्री बालाजी शोभायात्रा, नगर को सजाने की तैयारियां तेज

मिलक (रामपुर)। नगर में श्री बालाजी दरबार समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली भव्य श्री बालाजी शोभायात्रा शनिवार को धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर समिति की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं।शोभायात्रा के स्वागत के लिए पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही आकर्षक लाइटिंग और भगवा ध्वज लगाकर नगर को भव्य रूप दिया जा रहा है।शोभायात्रा में बालाजी महाराज की मनमोहक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक झांकियां, बैंड-बाजे और डीजे भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।श्री बालाजी दरबार समिति ने समस्त नगरवासियों से शोभायात्रा में शामिल होकर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने और धर्म लाभ लेने की अपील की है।

मिलक में रेलवे ट्रैक किनारे मिला अज्ञात का गर्दन कटा शव

मिलक (रामपुर) कोतवाली क्षेत्र के क्योंरार और नयागांव के बीच रेलवे ट्रैक किनारे बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का गर्दन कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह खेतों पर जा रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली मिलक पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक की जेब की तलाशी लेने पर मिले कागजात से उसकी पहचान मोहम्मदपुर जदीद गांव निवासी कालीचरन के रूप में हुई।घटना के बाद से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन की चपेट में आने का लग रहा है, लेकिन गर्दन कटी होने से मामला संदिग्ध भी माना जा रहा है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रामपुर भेज दिया है।मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

106 साल पुराने ऐतिहासिक भाखड़ा पुल को बचाने की मांग, ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की अपील



बिलासपुर। ऐतिहासिक पहचान माने जाने वाले भाखड़ा डैम पर बने लगभग 106 वर्ष पुराने पुल को संरक्षित करने की मांग उठी है।पूर्व विधायक संजय कपूर ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर पुराने पुल को ध्वस्त करने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और उसकी तकनीकी जांच कराकर संरक्षण की संभावनाएं तलाशने की अपील की है।उन्होंने पुराने पुल के निर्माण और नए पुल की गुणवत्ता से जुड़े पहलुओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की।संजय कपूर ने कहा कि ऐतिहासिक भाखड़ा पुल बिलासपुर के गौरव और विरासत का प्रतीक है। ऐसे में बिना समुचित तकनीकी परीक्षण और संरक्षण की संभावनाओं पर विचार किए इसे ध्वस्त करना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नए पुल के बाढ़ में क्षतिग्रस्त होकर बह जाने की घटना ने निर्माण की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है।उन्होंने मांग की कि विशेषज्ञों की टीम से पुराने पुल का संरचनात्मक परीक्षण कराया जाए।यदि पुल छोटे वाहनों के आवागमन के लिए सुरक्षित पाया जाता है, तो आवश्यक मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था के बाद इसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने पर विचार किया जाए।साथ ही पुरातत्व विभाग और विरासत संरक्षण विशेषज्ञों की मदद से इसे ऐतिहासिक धरोहर के रूप में सुरक्षित रखने की प्रक्रिया शुरू की जाए।संजय कपूर ने सुझाव दिया कि नए पुल का निर्माण पुराने पुल को नुकसान पहुंचाए बिना उसके बराबर या किसी उपयुक्त वैकल्पिक स्थान पर कराया जाए।इसके लिए तकनीकी सर्वेक्षण कराकर उचित स्थान निर्धारित किया जाए और स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने जिला प्रशासन से जनहित, यातायात की जरूरतों और ऐतिहासिक विरासत के महत्व को ध्यान में रखते हुए तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की।उन्होंने कहा कि नया पुल भी बनाओ, ऐतिहासिक पुल भी बचाओ। विकास के साथ विरासत का संरक्षण भी जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां बिलासपुर के ऐतिहासिक गौरव को जान सकें।

माखन चोरी लीला में गूंजे जयकारे, श्रीराम के राज्याभिषेक से राममय हुई नगरी

रामपुर। धर्म, भक्ति और आस्था के पावन वातावरण में श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान वृंदावन की ओर से आयोजित धार्मिक लीलाओं ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। संस्थान के निदेशक कन्हैया लाल दत्ता त्रय के कुशल निर्देशन में सुबह की बेला में जहां भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी लीलाओं का मंचन हुआ, वहीं रात्रि में श्री राम महोत्सव के अंतर्गत प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन और उनके राज्याभिषेक की दिव्य झांकी ने श्रद्धालुओं के हृदय में श्रद्धा और उल्लास का संचार किया।



सुबह आयोजित श्री श्याम सगाई एवं माखन चोरी लीला ने दर्शकों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की मनमोहक दुनिया में पहुंचा दिया। नटखट कन्हैया की मोहक अदाओं, माखन के प्रति उनके बालसुलभ प्रेम और गोपियों के साथ होने वाली मधुर लीलाओं ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। बाल स्वरूप में कान्हा की चंचलता और उनकी मनमोहक छवि ने दर्शकों का मन मोह लिया।

रात्रि की बेला में श्री राम महोत्सव के अंतर्गत भव्य धार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया। सर्वप्रथम लंका विजय के बाद विभीषण के राज्याभिषेक का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इसके बाद माता सीता के साथ प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन का दृश्य मंचित हुआ। लंबे वनवास और रावण पर विजय के बाद प्रभु श्रीराम के अपनी जन्मभूमि अयोध्या लौटने के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को रामभक्ति के भाव से भर दिया।

इसके पश्चात भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का भव्य मंचन हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राजतिलक के दृश्य ने मानो त्रेतायुग की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूपों की सजीव प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ धर्म, सत्य, न्याय और मर्यादा की स्थापना का संदेश भी दिया गया। यह प्रसंग याद दिलाता है कि अधर्म पर धर्म की विजय और सत्य के मार्ग पर चलने वालों की अंततः विजय होती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिव बहादुर सक्सेना, तीरथ सिंह और मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। धार्मिक लीलाओं के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सुंदर प्रयास किया गया। सुबह से रात्रि तक चले लीलाओं के इस भक्तिमय आयोजन ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और भारतीय परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सह-अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, कोषाध्यक्ष निर्भय गर्ग, ईश्वर शरण अग्रवाल, योगेश अरोड़ा, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. सुमित गोयल, मनोज अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव शरण गर्ग, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, आकाश बंसल, शांति शरण राठौर, संजय कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविंद्र कुमार मिश्रा, शैलेन्द्र गोयल, गौरव जैन सहित कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



चन्दौसी। विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव गुमथल में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव से हुआ। वृंदावन से पधारे व्यास गौरव शास्त्री कथा का वाचन कर रहे हैं, जबकि विवेक कुमार शर्मा परीक्षित की भूमिका निभा रहे हैं। कथा प्रारंभ होने से पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधि-विधान से कथा शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विवेक शर्मा, अवधेश शर्मा, अवनीश शर्मा, अनमोल पाठक, बबलू पाठक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश



चन्दौसी। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें साफ-सफाई, अतिक्रमण, गौशालाओं, जल निकासी और विकास कार्यों की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नगरीय निकायों की गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सर्दी के मौसम में गोवंश के संरक्षण और देखभाल के लिए समय से आवश्यक इंतजाम करने को कहा। उन्होंने अंत्येष्टि स्थलों, नाला निर्माण और जल निकासी की व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश भी दिए। नगरीय क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई और निष्पक्ष तरीके से अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया। साथ ही भूमि विवादों का नियमानुसार निस्तारण कर विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर रामानुज, अधिशासी अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

राशन डीलर पर राशन में गड़बड़ी का आरोप, लाइसेंस निरस्त करने की मांग

चन्दौसी। विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव गुरसरी की सरकारी राशन की दुकान के डीलर पर राशन में हेराफेरी और अनियमितता का गंभीर आरोप लगा है। गौरक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चैधरी ने जिलाधिकारी सम्भल को शिकायती पत्र देकर डीलर की दुकान निरस्त करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार दिनांक 13 अक्टूबर को शिकायत मिलने पर सप्लाई इंस्पेक्टर, कानूनगो व लेखपाल की संयुक्त टीम ने राशन की दुकान पर छापा मारा। मौके पर दुकान में अधिकतर राशन खुला पड़ा था और डीलर द्वारा सुबह से राशन का वितरण किया जा रहा था। टीम ने दुकान पर ही खुला राशन कट्टों में भरवाकर तुलवाया और राशन के स्टॉक का कांटा कराया। आरोप है कि कुल स्टॉक का आंकलन करने पर लगभग 16-17 क्विंटल राशन कम पाया गया, जो 4 से 5 घंटे जांच के दौरान डीलर मौजूद था और राशन के संबंध में कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे सका। टीम से पूछने पर कि कितना राशन कम है, कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया और सिर्फ डांट कर भगा दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि कई दिन बाद राशन डीलर कुलदीप वीडियो के माध्यम से अपने घर पर राशन होना बता रहा है, जबकि सरकारी नियम के अनुसार राशन अन्नपूर्णा भवन पर होना सुनिश्चित होना चाहिए। बुधवार को मनोज चैधरी व चंचल सिरोही ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में निरीक्षण टिप्पणी, खाद्यान्न गणना चार्ट, सील कार्यवाही और स्मार्ट पीडीएस रिपोर्ट संलग्न करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

दशहरे पर किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान पाने का एक और अवसर, 27 अक्टूबर तक करें ऑनलाइन बुकिंग

सम्भल (बहजोई)- जनपद के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (स्रू) तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान प्राप्त करने का एक और अवसर उपलब्ध कराया गया है।

उप कृषि निदेशक सम्भल अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत 38 कृषि यंत्रों तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अंतर्गत 08 कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान हेतु ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। उन्होंने बताया कि उक्त कृषि यंत्रों एवं उपकरणों के लिए ऑनलाइन बुकिंग की अवधि अब 27 अक्टूबर 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्यन/ड्डदह्लद्धष्ठह्यह्लह्लद्द.ह्व्श.द्दश1.द्बठ्ठ/ पर उपलब्ध किसान कॉर्नर के अंतर्गत यंत्र बुकिंग लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि यंत्रों की बुकिंग, अनुदान एवं आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी भी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। जनपदवार निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष इच्छुक किसान निर्धारित अवधि में ऑनलाइन बुकिंग कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

परिवार परामर्श केंद्र ने तीन परिवारों में कराया सुलह-समझौता

चन्दौसी। पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चैकी में आयोजित की गई। परामर्श केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को काउंसलरों की मदद से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 29 पत्रावलियों को सुना गया, जिनमें सात का निस्तारण किया गया। तीन परिवारों को आपसी सहमति से पुनः मिलाया गया, जबकि एक पत्रावली में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। वहीं, तीन पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा पैरवी न करने अथवा अन्य कारणों से बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक रेनू राठी और हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत चैपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत बुधवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चैपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया और महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। वहीं एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट वितरित कर उनके उपयोग के बारे में बताया।

विधानसभा चुनाव में युवाओं को मिले मौका

चन्दौसी। विधानसभा चुनाव-2027 में होने हैं। 31-विधानसभा क्षेत्र चन्दौसी में चुनाव के लिए कई नये चेहरे चुनाव लड़कर अपना भाग्य आजमाने की तैयारी में हैं। चाहे भाजपा हो या सपा अथवा निर्दलीय प्रत्याशी, सभी अपनी तैयारी में लगे हैं। सभासद नवकांत देव शर्मा ने बताया कि 31-विधानसभा क्षेत्र में युवा प्रत्याशी को मौका मिलना चाहिए। जब सभासद से पूंछा गया तो उन्होंने बताया कि वह 31-विधानसभा क्षेत्र से मौका मिलना चाहिए। 31-विधानसभा क्षेत्र का अधूरा विकास शीघ्र पूरा होगा। वहीं अधिवक्ता अशोक कुमार से बातचीत की गयी। उन्होंने कहा कि चन्दौसी में सबसे बड़ी समस्या सड़कों, शिक्षा, बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। इसका जीता जागता उदाहरण घटिया गेट वाली सड़क है।

चन्दौसी जंक्शन पर दस मिनट रुका डीआरएम का निरीक्षण यान

चन्दौसी। बुधवार शाम करीब छह बजे मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव निरीक्षण यान से मुरादाबाद से चंदौसी जंक्शन पहुंचीं। यहां करीब दस मिनट रुकने के बाद वह अलीगढ़ दिशा में अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। बताया गया कि डीआरएम को अतरौली स्टेशन का निरीक्षण करना था। उनके चंदौसी पहुंचने की सूचना पर रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए। जंक्शन पर साफ-सफाई कराई गई और वेंडरों को हटाने के साथ रेल पटरियों के किनारे चूना डलवाया गया। वर्तमान में स्टेशन पर निर्माण कार्य भी चल रहा है। करीब दस मिनट के ठहराव के दौरान डीआरएम निरीक्षण यान से बाहर नहीं निकलीं और उन्होंने यान में ही स्टेशन अधीक्षक से बातचीत की। इसके बाद उनका निरीक्षण यान अलीगढ़ दिशा की ओर रवाना हो गया।

आशुतोष मौर्य की बीजेपी से नजदीकी के बीच पूर्व विधायक बीजेपी कुशाग्र सागर का इस्तीफा, बिसौली में टिकट की जंग तेज?

बदायूं। बदायूं में बीजेपी को झटका, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा। कुशाग्र सागर ने फेसबुक पोस्ट के जरिए 11 साल का राजनीतिक सफर समाप्त करने का किया ऐलान इस्तीफे में सम्मान और अपनापन नहीं मिलने से आहत होने की बात कही। 2022 के विधानसभा चुनाव में कुशाग्र सागर बिसौली सीट से सपा के आशुतोष मौर्य से हारे थे 2024 के राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद आशुतोष मौर्य की बीजेपी से नजदीकियां बढ़ीं कुशाग्र सागर बोले, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर तय करेंगे अगला कदम; अभी दूसरी पार्टी में जाने का ऐलान नहीं।

नगरीय निकायों में साफ-सफाई, अतिक्रमण हटाने एवं गौशालाओं में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें- अपर जिलाधिकारी

सम्भल (बहजोई)- आज कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों, साफ-सफाई, गौशालाओं की व्यवस्थाओं तथा जनसुविधाओं की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में संचालित गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण कर वहां उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया जाए। गौशालाओं में किसी भी प्रकार की सुविधा की कमी पाए जाने पर उसे तत्काल दूर कराया जाए। उन्होंने आगामी सर्दी के दृष्टिगत गौशालाओं में पशुओं के संरक्षण एवं देखभाल से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में अंत्येष्टि स्थलों, नाला निर्माण, जल निकासी तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों की साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

धूं-धूं करके जला रावण का पुतला



चन्दौसी। मंगलवार को रामबाग धाम पर रावण पुतला दहन देखने के लिये भारी भीड़ उमड़ी। कैथल गेट से रामबाग धाम तक भीड़ का रैला ही दिखाई दिया। इसी भीड़ में ई-रिक्शे एवं दुपहिया वाहन फंस गये। पुलिस द्वारा बड़ी मशक्कत के साथ रिक्शा एवं दो पहिया वाहनों को निकाला। कुछ लोगों ने अपने वाहन रास्ते में ही लगा दिए जिससे मार्ग काफी संकरा हो गया। यहां बताते चलें कि जिस अनुपात में आबादी बड़ी है। उसी अनुपात में मेले के मैदान छोटे पड़ते जा रहे हैं जहां एक ओर रात्रि में नौ बजे के करीब गगन में रंग-बिरंगी आतिशबाजी छूटी जिससे गगन रंग-बिरंगी लाइट में रंगीन हो गया। वहीं पौने दस बजे रामबाग धाम पर इतनी भीड़ इकट्ठी हो गयी कि पैदल चलना मुश्किल हो गया। हालांकि प्रशासन ने पुतले के चारों ओर पहले से ही बेरी केटिंग लगा रखी थी जिससे कोई पुतले के पास न जा पाए। वहीं लगभग 15 से 20 लोग पाकड़ के पेड़ पर चढ़ गये। नीचे काफी भीड़ थी। इधर आने-जाने वालों के लिए मार्ग संकरा हो गया, जमकर धक्का-मुक्की हुई। दर्शकों ने छोटे-छोटे बच्चों को कंधों पर बैठाकर रावण का पुतला दिखाया। लगभग 04:45 मिनट सायं पुरुषोत्तम राम द्वारा अग्निबाण छोड़कर रावण के पुतले में आग लगा दी। जैसे पुतले में आग लगी, पुतला धूं-धूं करके जलने लगे। लगभग 15 मिनट तक पुतले के अंदर लगायी रंग-बिरंगी आतिशबाजी एवं लगाये गये बम्बों के धमाके होने लगे। इधर रामबाग रामलीला ट्रस्ट के प्रधान इंजीनियर मौसम वार्ष्णेय द्वारा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया गया। रावण दहन के समय एसडीएम, सीओ, एडीएम, इंस्पेक्टर चन्दौसी संत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

प्राथमिकता पर निस्तारित करें राजस्व वाद



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली करने वाले अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक दशा में लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मानवेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंजुम बी सहित सभी उपजिलाधिकारियों के साथ राजस्व वसूली तथा राजस्व वादों के निस्तारण की गहन समीक्षा की। उन्होंने पाया कि राजस्व वसूली में परिवहन विभाग ने लक्ष्य के सापेक्ष 106.42 प्रतिशत, मण्डी समिति ने 100.98 तथा बाटमाप विभाग ने 99 प्रतिशत वसूली करने पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की। खनन विभाग द्वारा 24.15, वणिज्यकर (जीएसटी) 40.39, वन विभाग 49.38, विद्युत देय अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 54.93 प्रतिशत की ही वसूली करने पर डीएम ने हिदायत दी कि सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने राजस्व वादों की समीक्षा में पाया कि धारा 116 (कानूनी बंटवारे से सम्बंधित) के अन्तर्गत तहसील सदर में 579, दातागंज 397, बिसौली 311, बिल्सी 249 तथा तहसील सहसवान 102 सहित कुल 1638 वाद अभी तक लम्बित है। वहीं धारा 34 (दाखिल-खारिज से सम्बंधित) के अन्तर्गत तहसील सदर में 2026, दातागंज 1420, बिसौली 1805, बिल्सी 1337 तथा तहसील सहसवान 1454 सहित कुल 8042 वाद अभी तक लम्बित है। धारा 24 (पैमाइश से सम्बंधित) के अन्तर्गत तहसील सदर में 257, दातागंज 255, बिसौली 154, बिल्सी 114 तथा तहसील सहसवान 60 सहित कुल 840 वाद अभी तक लम्बित है। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि समस्त वादों को प्राथमिकता पर निस्तारण करें। अधिक पुराने वादों को किसी भी दशा में लम्बित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर सभी उपजिलाधिकारी सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं- अपर जिलाधिकारी

सम्भल (बहजोई)- आज कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों, आईजीआरएस पोर्टल एवं हेल्पलाइन पर प्राप्त संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली आख्या का प्राथमिकता के आधार पर गहनता से परीक्षण एवं अवलोकन करने के उपरांत ही उसे अपलोड किया जाए, ताकि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यों पर आधारित हो सके।

उन्होंने विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का अभी तक निस्तारण नहीं हुआ है, उनका स्थलीय निरीक्षण कराते हुए समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में ऐसी लापरवाही न बरती जाए, जिससे शिकायतकर्ता असंतुष्ट रहे और शिकायत असंतुष्ट श्रेणी में दर्ज हो।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस शिकायतों को गंभीरता से लें तथा उनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। शिकायतों के निस्तारण की आख्या डिफॉल्टर होने से कम से कम दो दिन पूर्व पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि उसका समुचित परीक्षण कर आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि उसकी गुणवत्ता एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा गुणवत्ताविहीन आख्या प्रस्तुत किए जाने का मामला संज्ञान में आने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अनुपस्थित सहायक श्रम आयुक्त का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें तथा शासन की मंशा के अनुरूप उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत श्रम विभाग ने किए विभिन्न कार्यक्रम, 1,645 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण; 252 श्रमिकों के खातों में ?57.12 लाख से अधिक की धनराशि हस्तांतरित

सम्भल (बहजोई)- जनपद सम्भल में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण, स्वास्थ्य सुरक्षा, बाल श्रम उन्मूलन तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैला देवी मंदिर परिसर में 500 दीप प्रज्वलित किए गए, जबकि 250 दीप कार्यालय परिसर एवं लाभार्थी श्रमिकों के घरों में प्रज्वलित किए गए।

बाल श्रम उन्मूलन एवं जागरूकता अभियान- बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चार बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। इसके अतिरिक्त निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों एवं बाजारों में बाल श्रम की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण एवं योजनाओं का लाभ- श्रम विभाग द्वारा लेबर अड्डों एवं निर्माण स्थलों पर बीओसीडब्ल्यू (द्धह्लष्टद्धह्व) के अंतर्गत 1,945 निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। वहीं, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत 252 निर्माण श्रमिकों के खातों में कुल ?57,12,428 की धनराशि हस्तांतरित की गई। पीएम-एसवीए निधि (क्रू-स्द्धह्वद्बस्रद्धह्व) योजना के अंतर्गत 50 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। इसके साथ ही प्रचार वाहन के माध्यम से बीओसीडब्ल्यू एवं पीएम-एसवीए निधि योजनाओं के अंतर्गत पंजीकरण, नवीनीकरण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के संबंध में श्रमिकों को जागरूक किया गया।

1,645 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण- श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्माण स्थलों, कोल्ड स्टोरेज, बाजारों, लेबर अड्डों, शुगर मिलों एवं फैक्ट्रियों में कार्यरत श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 1,645 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। श्रम विभाग द्वारा संचालित इन गतिविधियों का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

पत्र संख्या- 2691 / न0पा0परि0 गढ़/2026-2027 दिनांक- 21/10/2026

अति अल्प कालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर द्वारा पंजीकृत ठेकेदारो/फार्मो / सप्लायरों / स्थानीय दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर राज्य वित्त/पालिका निधि की धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने के लिये दिनांक-22/10/26 से दिनांक 29/10/26 दोपहर 2-00 बजे तक पृथक-पृथक सीलबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। जो तददिनांक अधिशासी अधिकारी/ अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर के समक्ष दोपहर 3-00 बजे खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म/सप्लायर उपस्थित रह सकते हैं। आमन्त्रित निविदा के निविदा प्रपत्र दिनांक-22/10/26 से प्रातः 10-00 बजे से दोपहर 02-00 बजे तक निकाय कार्यालय से नकद मूल्य पर कृय किये जा सकते हैं। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्न है-

क्र० सं०	कार्य का नाम	स्टीमेट	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य किये जाने की अवधि
1	निकायन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर साधारण वाल पेन्टिंग एवं लिखाई का कार्य।	497136.00 (18 प्रति0 जीएसटी सहित)	25000-00	500+18 प्रतिशत जीएसटी	कार्यादेशानुसार

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

रावण दहन से पूर्व नगर आयुक्त ने प्रात:काल परखीं व्यवस्थाएँ, नोडल अधिकारियों की निगरानी में रामलीला मैदानों में जनसुविधाएँ सुनिश्चित



मुरादाबाद, । आज दशहरा पर्व पर सायंकाल होने वाले रावण दहन एवं दशहरा मेले के दृष्टिगत नगर आयुक्त श्री हिमांशु कौशिक ने प्रात:काल महानगर के रामलीला मैदानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था सहित नगर निगम द्वारा नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही जनसुविधाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने रामलीला मैदानों एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई एवं संचालन की स्थिति जाँची। साथ ही मेले में आने वाले नागरिकों की सुविधा हेतु जलापूर्ति के लिए टैंकरों तथा अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

महानगर के प्रमुख रामलीला एवं दशहरा मेला स्थलों पर व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन हेतु नगर आयुक्त द्वारा पूर्व में ही नोडल अधिकारी नामित किए जा चुके हैं। नामित अधिकारियों द्वारा अपने पर्यवेक्षण में नगर निगम से संबंधित जनसुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि सायंकाल रावण दहन एवं मेले में नागरिकों की संभावित भीड़ के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय से सुनिश्चित की जाएँ। नोडल अधिकारी संबंधित विभागों के साथ समन्वय रखते हुए आयोजन के दौरान सफाई, जलापूर्ति एवं शौचालय सुविधाओं की निरंतर निगरानी करें तथा किसी भी कमी का तत्काल निराकरण कराएँ, जिससे नागरिकों को असुविधा न हो।

इसी क्रम में नगर आयुक्त ने नगर निगम मुरादाबाद द्वारा संचालित मैनाठेर स्थित कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में संरक्षित गोवंश के स्वास्थ्य, भूसे एवं चारे की व्यवस्था तथा गोबर से बनाए जा रहे उत्पादों का जायजा लिया। गौशाला परिसर में स्थापित बायोगैस प्लांट का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उसका निरंतर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गोवंश की समुचित देखभाल तथा चारे-पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने छोटे गोवंश को गुड़ एवं चना खिलाकर स्नेहपूर्वक दुलार भी किया।

एल्गोरिदम की तानाशाही से मौलिक अधिकारों पर संकट -डॉ. आशीष कौशिक

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि अध्ययन संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. आशीष कौशिक ने अंतरराष्ट्रीय विश्व कांग्रेस में ऑनलाइन व्याख्यान के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव और मौलिक अधिकारों पर मंडराते संकट के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि तकनीक को संविधान, मानवीय स्वतंत्रता और न्याय के अधीन रखना आवश्यक है।

ब्राजील के यूनिवर्सिटी ऑफ काक्सियास डो सुल और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सट्रेमो सुल कैटारिनेन्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कांग्रेस में उन्होंने 'शासन प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पूर्वानुमान आधारित विश्लेषण और मौलिक अधिकार' विषय पर विचार रखे।

डॉ. कौशिक ने कहा कि अपारदर्शी एल्गोरिदम नागरिकों के जानने, अपील करने और न्याय पाने के अधिकार को प्रभावित कर सकते हैं। आंकड़ों में मौजूद ऐतिहासिक पूर्वाग्रह एआई के माध्यम से सामाजिक भेदभाव को बढ़ा सकते हैं। वहीं, व्यापक डिजिटल निगरानी निजता, व्यक्तिगत स्वायत्तता और स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता के लिए चुनौती बन सकती है। उन्होंने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए चार उपाय सुझाए—स्वचालित निर्णयों के स्पष्ट कारण बताने का कानूनी अधिकार, एल्गोरिदम की संवैधानिक कसौटियों पर जांच, महत्वपूर्ण निर्णयों में मानवीय निगरानी और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना। उन्होंने निष्कर्ष दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य मानवीय क्षमताओं को सशक्त बनाना होना चाहिए, न कि स्वतंत्रता, निजता और न्याय को कमजोर करना। लोकतांत्रिक व्यवस्था में तकनीक का उपयोग पारदर्शिता, संवैधानिक मूल्यों, मानवीय गरिमा और जवाबदेही के अनुरूप ही होना चाहिए।

इंस्टामार्ट की क्विक इंडिया मूवमेंट सेल में रोजमर्रा की जरूरतों पर आकर्षक ऑफर्स

मेरठ। त्योहारी मौसम में इंस्टामार्ट की क्विक इंडिया मूवमेंट (क्यूआईएम) सेल इलेक्ट्रॉनिक्स, घर और किचन, पर्सनल केयर, फूड तथा रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी विभिन्न श्रेणियों में ऑफर्स लेकर आई है। ग्राहक 18 अक्टूबर तक स्विगी ऐप के माध्यम से भाग लेने वाले ब्रांड्स और सेलर्स के उत्पादों पर उपलब्ध डील्स देख सकते हैं।

सेल में प्रीमियम स्मार्टफोन, हेडफोन और किचन उपकरणों सहित कई उत्पाद शामिल हैं। एप्पल आईफोन 18 प्रो (256 जीबी) की डील कीमत 1,62,900 रुपये है, जबकि इसकी एमआरपी 1,64,900 रुपये है। वहीं, सीएमएफ बाय नथिंग हेडफोन प्रो 4,999 रुपये में उपलब्ध है, जिसकी एमआरपी 9,999 रुपये है।

किचन उत्पादों में निंजा क्रिस्पी 1700 वॉट ग्लास एयर फ्रायर भी शामिल है, जिसकी डील कीमत 14,999 रुपये बताई गई है।

यह सेल ग्राहकों को तकनीकी उत्पादों में अपग्रेड, किचन की जरूरतों और रोजमर्रा के सामान की खरीदारी के लिए विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराती है। ग्राहक स्विगी ऐप पर इंस्टामार्ट के माध्यम से ऑफर्स की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जनपद मुरादाबाद में मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्रकाशित, 23 अक्टूबर तक दर्ज करा सकते हैं आपत्ति एवं सुझाव

मुरादाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के प्रावधानों के अनुपालन में जनपद मुरादाबाद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को कर दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुनय झा ने बताया कि जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची संबंधित क्षेत्रों के मतदाताओं के अवलोकनार्थ प्रकाशित की गई है। इसमें 25-कांठ, 26-ठाकुरद्वारा, 27-मुरादाबाद ग्रामीण, 28-मुरादाबाद नगर, 29-कुंदरकी तथा 30-बिलारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सम्मिलित हैं।

उन्होंने बताया कि जनसामान्य एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी को सूची के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो वह 23 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) तक जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची के प्रकाशन एवं आपत्तियों तथा सुझावों से संबंधित प्रक्रिया का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

सीबीएसई राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में बालेराम स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

मेरठ। शास्त्री नगर स्थित बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेरठ ने खेल जगत में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए सीबीएसई की अखिल भारतीय शूटिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। इस सफलता से मेरठ सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ा है।6

बी.एल.एस. इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 78 प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बालेराम विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने 10 मीटर एयर राइफल तथा 10 मीटर एयर पिस्टल (पीप साइट एवं ओपन साइट) जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 22 पदक अर्जित किए।

इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रभात कुमार गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और प्रशिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शूटिंग जैसे खेल बच्चों में एकाग्रता, धैर्य और आत्मनियंत्रण विकसित करते हैं।

विद्यालय की प्रबंध समिति ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस सफलता का विशेष श्रेय विद्यालय के शूटिंग कोच श्री जॉनी चौधरी को दिया गया, जिनके कुशल मार्गदर्शन, आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों और नियमित अभ्यास ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार किया।

प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने कोच और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया कि विद्यार्थी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे।

नायब शहर काजी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने एसएसपी से की शिष्टाचार भेंट

मेरठ। नायब शहर काजी जैनुल राशिदीन तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब ने मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने एसएसपी को बुके भेंट कर सम्मानित किया और उनका अभिनंदन किया।

मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। इस अवसर पर एसपी क्राइम अवनीश कुमार, सीओ संजय कुमार गुप्ता, जुल्फिकार चौधरी, फिरोज अंसारी, नईम अहमद, आसिफ आजाद, अजर खान, आकिब चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस शिष्टाचार भेंट का उद्देश्य आपसी संवाद एवं सामाजिक सौहार्द की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

मेरठ। पुलिस स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन, मेरठ में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नमन किया।

समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीएस मेरठ तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश व समाज की सुरक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके त्याग, समर्पण और कर्तव्यपरायणता को स्मरण किया गया।

किसान दिवस में किसानों की समस्याओं पर जिलाधिकारी ने दिए त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश

मुरादाबाद। चीनी मिलों का संचालन 01 नवंबर से सुनिश्चित कराने, आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए प्रत्येक विकास खंड में कैटल कैचर खरीदने तथा किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान करने के निर्देश

जिलाधिकारी श्री अनुनय झा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों ने गन्ना पेराई सत्र, आवारा पशुओं, फसल बीमा मुआवजे, राष्ट्रीय राजमार्ग पर सर्विस रोड, खाद्य पदार्थों में मिलावट सहित विभिन्न समस्याओं को उठाया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

01 नवंबर से शुरू होंगी चीनी मिलें

किसानों द्वारा चीनी मिलों का संचालन शीघ्र शुरू कराने की मांग पर जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को सभी चीनी मिलों से समन्वय स्थापित कर 01 नवंबर से मिलों का संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को सुविधा मिल सके।

आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए प्रत्येक विकास खंड में खरीदा जाएगा कैटल कैचर

ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं की समस्या के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को प्रत्येक विकास खंड में एक कैटल कैचर खरीदकर पशुपालन विभाग के अधिकारियों को हस्तगत कराने के निर्देश दिए। इससे आवारा पशुओं को पकड़कर स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित किया जा सकेगा और किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी।

मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के संबंध में जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों में अवैध मिलावट करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

फसल बीमा मुआवजे के प्रकरण में तलब किया विवरण

किसानों को बीमा कंपनी द्वारा दो वर्षों से फसल का मुआवजा नहीं मिलने का मुद्दा उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से प्रकरण का विस्तृत विवरण तलब किया, ताकि मामले की स्थिति स्पष्ट कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

राष्ट्रीय राजमार्ग-734 पर सर्विस रोड के लिए डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्ग-734 (मुरादाबाद-काशीपुर बाईपास) पर सर्विस रोड बनाए जाने की किसानों की मांग पर जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से निर्णय एवं प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने अवगत कराया कि मार्ग पर आवश्यक यातायात प्रबंधन, सड़क सुरक्षा मानकों तथा स्थानीय आवागमन की जरूरतों का परीक्षण करते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की कार्रवाई प्रगति पर है। इस पर जिलाधिकारी ने डीपीआर शीघ्र तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए।

दिवाली के बाद प्रत्येक विकास खंड में लगेंगे किसान कल्याण शिविर

ग्रामीणों एवं किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दिवाली के बाद प्रत्येक विकास खंड में किसान कल्याण शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजनाओं, आयुष्मान योजना, बाल सेवा योजना तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सेवाओं से लाभान्वित किया जाए।

हवाई पट्टी विस्तार में मुआवजे से संबंधित प्रकरण पर नियमानुसार निर्णय के निर्देश

मूढ़ापांडे स्थित हवाई पट्टी के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान मुआवजे में भिन्नता का मुद्दा उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती ममता मालवीय को नियमानुसार प्रकरण का परीक्षण कर सर्किल रेट के संबंध में निर्णय लेने के निर्देश दिए।

संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए एंटीलार्वा छिड़काव के निर्देश

ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को आवश्यकतानुसार एंटीलार्वा दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके।

किसान दिवस में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों एवं ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका नियमानुसार त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

357 मेधावियों को मिलेगी नि:शुल्क हाईटेक ऑनलाइन कोचिंग

मुरादाबाद, । आर्थिक तंगी और संसाधनों के अभाव के चलते अब किसी गरीब वर्ग के होनहार छात्र का अफसर, डॉक्टर या इंजीनियर बनने का सपना अधूरा नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में वर्ष 2021 से संचालित 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' को मुरादाबाद मंडल में एक आधुनिक और हाईटेक स्वरूप दिया गया है। मुरादाबाद मंडल प्रशासन और देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान 'फिजिक्स वाला' (पीडब्ल्यू) के मध्य एक अनुबंध हुआ है। यह नई कार्ययोजना केवल किसी एक जिले के लिए नहीं, बल्कि मुरादाबाद मंडल के सभी पांचों जिलों के अभ्युदय कोचिंग संस्थानों के लिए लागू की गई है। इसके तहत मंडलभर के 357 चयनित छात्र-छात्राओं को सिविल सेवा (यूपीएससी, यूपीपीसीएस) सहित नीट और जेईई जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्चस्तरीय ऑनलाइन कोचिंग पूरी तरह नि:शुल्क दी जाएगी। बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 को जनपद मुरादाबाद स्थित पंचायत भवन सभागार में आयोजित शिक्षा प्रेरक वृहद सेमिनार में मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह, मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और जिलाधिकारी अनुनय झा ने इस संयुक्त नवाचार का औपचारिक शुभारंभ किया।

फीस का प्रशासनिक प्रबंधन- 50त्न संस्थान ने छोड़ा, 50त्न प्रशासन ने वहन किया

प्राइवेट कोचिंग संस्थानों में जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को लाखों रुपये की भारी-भरकम फीस चुकानी पड़ती है, वहीं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े मेधावियों के लिए प्रशासन ने एक अनोखा मॉडल तैयार किया है। योजना के तहत प्रति छात्र लगभग 12 हजार रुपये का कोचिंग पैकेज तय था। मंडलायुक्त के प्रयास से 'फिजिक्स वाला' संस्थान ने अपनी कुल फीस में 50 प्रतिशत की सीधी छूट दी। इसके बाद शेष बची 50 प्रतिशत राशि (लगभग 6,000 रुपये प्रति छात्र) का भार छात्र-छात्राओं पर डालने के बजाय जिला प्रशासन ने खुद वहन करते हुए संस्थान को भुगतान कर दिया। इस वित्तीय सामंजस्य के चलते चयनित छात्रों को यह पूरी पढ़ाई, डिजिटल संसाधन और टेस्ट सीरीज बिना किसी खर्च के उपलब्ध हो रहे हैं।

पूरे मंडल के पांचों जिलों में फैला दायरा, मुरादाबाद में 147 छात्र पंजीकृत

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का यह नया ढांचा पूरे मंडल स्तर पर प्रभावी किया गया है, जिसमें मंडल के पांचों जनपदों से कुल 357 से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। इसमें सर्वाधिक भागीदारी मुरादाबाद जिले से 112 छात्रों की है, जबकि सम्भल जनपद से 92, रामपुर से 82, अमरोहा से 40 और बिजनौर जनपद से 31 मेधावी छात्रों को इस विशेष बैच में शामिल किया गया है। वहीं स्थानीय स्तर पर व्यवस्था संभाल रहीं जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेई के अनुसार मुरादाबाद जनपद में अभ्युदय योजना के तहत वर्तमान में कुल 147 छात्र पंजीकृत हैं। इनमें से 60 से 65 छात्र नियमित रूप से ऑफलाइन व ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ उठा रहे हैं। इनमें 32 छात्र संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) व राज्य लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) की तैयारी में जुटे हैं, जबकि 28 से 29 छात्र एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नए छात्रों का चयन पारदर्शी ऑनलाइन आवेदन और इंटरव्यू के माध्यम से किया जा रहा है, जिसे समिति के अनुमोदन पर अंतिम रूप दिया जाता है।

अलीगढ़ की ज्योत अब मुरादाबाद में बनी मशाल-मंडलायुक्त संगीता सिंह

सभागार में छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशासन कुएं को प्यासे के पास तक लेकर आ गया है, लेकिन बाल्टी डालकर पानी निकालना और पीना छात्र का अपना काम है। साधन की कमी की बाधा समाप्त हो चुकी है, अब छात्रों को अपने अध्ययन की आहुति देकर सफलता का मुकाम हासिल करना होगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

पत्र संख्या- 2692 / न0पा0परि0 गढ़-निविदा (निर्माण) / 2026-27 दिनांक-21-10-2026

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर एवं अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से पालिका निधि/ राज्य वि0आ0 के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त / प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कराने हेतु दिनांक-21-10-26 से दिनांक-27-10-26 तक अपराह्न 02.00 बजे तक पृथक-पृथक सीलबन्द निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक-27-10-26 को अपराहन 03.00 बजे निकाय कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरीगण के द्वारा खोली जायेगी। किसी अपरिहार्य स्थिति के कारण यदि उक्त निविदाएँ नियत दिनांक को नहीं खोली जा सकेंगी, तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय सम्बन्धित ठेकेदार उपस्थित रह सकते हैं। आमन्त्रित की जा रही निविदाओं के निविदा प्रपत्र दिनांक-22-10-26 से दिनांक-27-10-2026 तक अपराह्न 02.00 बजे तक निकाय कार्यालय से नकद मूल्य पर क्रय किये जा सकते है। निविदाओं के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक-26 फरवरी, 2007 द्वारा जारी शासनादेश संख्या-609/नौ-9-2007-249ज/06 के अनुसार नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी / नियम व शर्तें कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

क्र० सं०	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी सहित)	जीएसटी	अनुमानित लागत (जीएसटी सहित)	10 प्रति० अग्रिम धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित	कार्य की अवधि
1	निकायान्तर्गत गढ़मुक्तेश्वर में विभिन्न स्थानों पर गड्ढा मुक्ति कार्य।	3,70,716-47	4,04,228-9 7	4,76,990-18	37,075-00	477-00	15 दिन
2	निकायान्तर्गत ब्रजघाट में विभिन्न स्थानों पर गड्ढा मुक्ति कार्य।	4,15,337-80	74,760-80	4,90,098-60	41,535-00	491-00	15 दिन
3	निकायान्तर्गत डिवाईडर मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य।	4,21,485-55	75,867-40	4,97,352-95	42,150-00	498-00	15 दिन
4	पालिका कार्यालय में वाहन खड़े करने के लिए शैड़ एवं सी0सी0 कार्य।	3,74,698-59	67,445-75	4,42,144-33	37,470-00	443-00	15 दिन
5	ब्रजघाट में घण्टाघर की रेलिंग व सेल्फी पॉइंट एवं सौंदर्गीकरण का कार्य।	4,21,592-23	75,886-60	4,97,478-83	42,160-00	498-00	15 दिन

(पवित्रा त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी

(एड० राकेश कुमार बजरंगी)
अध्यक्ष

कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

पत्र संख्या- 2690 / न0पा0परि0 गढ़/2026-2027 दिनांक- 21/10/2026

अति अल्प कालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर द्वारा पंजीकृत ठेकेदारो/फार्मो / सप्लायरों / स्थानीय दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर राज्य वित्त/पालिका निधि की धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने के लिये दिनांक-22/10/26 से दिनांक 29/10/26 दोपहर 2-00 बजे तक पृथक-पृथक सीलबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। जो तददिनांक अधिशासी अधिकारी/ अध्यक्ष महोदय नगरपालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर के समक्ष दोपहर 3-00 बजे खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म/सप्लायर उपस्थित रह सकते हैं। आमन्त्रित निविदा के निविदा प्रपत्र दिनांक-22/10/26 से प्रात: 10-00 बजे से दोपहर 02-00 बजे तक निकाय कार्यालय से नकद मूल्य पर कृय किये जा सकते हैं। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्न है-

क्र० सं०	कार्य का नाम	स्टीमेट	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य किये जाने की अवधि
1	निकायन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर विशेष चित्रकारी का कार्य।	496744.00 (18 प्रति0 जीएसटी सहित)	25000-00	500+18 प्रतिशत जीएसटी	कार्यादेशानुसार

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

500 से 600 रुपए के बीच होना चाहिए गन्ने का रेट: राकेश टिकैत

बोले: 100 प्रतिशत बढ़ाना होगा सर्किल रेट, जहां कम रह जाये वहां फिर बढ़ाना होगा, नहीं तो आंदोलन होगा

कहा, देश में फैलाई जा रही नफरत, जाति, धर्म और हिंदू मुस्लिम में बांटने का किया जा रहा षड्यंत्र, हो जाओ सावधान



आज समाचार सेवा

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गन्ने का रेट 500 से 600 तक करने एवम सर्किल रेट 100 फीसद बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की जमीन हड़पना चाहती है। दिल्ली की कलम बेईमान है। इनके झांसे में नहीं आना है। साथ ही किसानों से एकजुट होकर संघर्ष करते हुए आंदोलन जारी रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज हमे जात-पात और हिंदू मुस्लिम में बांटा जा रहा है। यह देश के लिए बहुत नुकसानदायक है। अपना हक पाने के लिए संघर्ष बहुत जरूरी है। बुधवार को बिजनौर के नुमाइश ग्राउंड में किसानों की महापंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि पूरे देश में 2013 के बाद सर्किल रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। सर्किल रेट 100 फीसद बढ़ाने चाहिए। वरना इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। एक जिले में 40 प्रतिशत सर्कल रेट बढ़ाने की बात की जा रही है। किंतु वह भी कम है। इसलिए सर्किल रेट यदि कम होगा तो फिर से संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने गन्ना भुगतान की बात करते हुए कहा कि जहां-जहां भी गन्ना भुगतान रुका हुआ है। उसके लिए भी आंदोलन किए जाएंगे। बजाज ग्रुप की 14 चीनी मीले गन्ने का भुगतान करने में आनाकानी कर रही है। अगर समय रहते किसानो को भुगतान नहीं कराया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गन्ने का रेट 500 से 600 रुपये तक होना चाहिए। साथ ही अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग फसल की एमएसपी निर्धारित होनी चाहिए। किसानों को कमजोर करने के लिए जाति धर्म और हिंदू मुस्लिम में बांटा जा रहा है।

नफरत कराई जा रही है। इसलिए संगठन को मजबूत करना जरूरी है और आपस में लड़ाई से बचना होगा। संगठित होकर संघर्ष करना होगा संघर्ष और आंदोलन से ही हमें हमारा हक मिलेगा। उन्होंने जबरन स्मार्टमीटर लगाने का विरोध करते हुए कहा कि हम किसी भी कीमत पर स्मार्टमीटर नहीं लगने देंगे। यदि विभाग जबरदस्ती करेगा तो फिर इसका विरोध किया जाएगा।

सरकार को अबू धाबी के शेखों से प्यार: राकेश टिकैत

बिजनौर। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि हम अबू धाबी गए वहां शेख ने 35 एकड़ जमीन मंदिर बनाने के लिए दान में दे दी। बिजली और पानी भी फ्री कर दिया। मंदिर की नींव की ईंट भी शेख ने हीं रखी। वहाँ मिलजुल कर बहुत हिंदू मुस्लिम जा रहे हैं, आपस में वहां कोई मतभेद नहीं है। संगठित होना है। 21 नवंबर को एसकेएम ने कॉल दी है। देश भर में सभी तहसीलों पर इस दिन ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसी क्रम में 2027 के चुनाव के बाद एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। हमारा मानना है कि आंदोलन से ही देश को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिजनौर में यदि प्यार से जिलाधिकारी कहते हैं कि आप कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन नहीं करेंगे तो कोई बात नहीं है, यदि धमकाते हैं तो आंदोलन वहीं होगा।



उप जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन ने अपनी बकाया गन्ना भुगतान, सर्किल रेट बढ़ाने, जबरन स्मार्ट मीटर ना लगने, गुलदार की समस्या से निजात दिलाने संबंधी कई सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को सौंप दिया। इस दौरान किसानों ने जिलाधिकारी से एक बैठक करा कर समस्याओं का निदान कराने की मांग भी रखी। वही उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने जिलाधिकारी के साथ जल्द ही बैठक कराने एवं समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकार नगर अभय कुमार पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकार धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार सदर आशीष कुमार सक्सेना, नायाब तहसीलदार, नजीबाबाद प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, शेरकोट थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, बिजनौर थानाध्यक्ष, यातायात निरीक्षक रवि नैन सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

राकेश टिकैत को सुनने पहुंचे हजारों किसान

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को सुनने के लिए नुमाइश ग्राउंड में हजारों की तादाद में किसान ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों को लेकर पहुंचे। शमशेर सिंह चीमा की अध्यक्षता एवम वीरेंद्र चैधरी के संचालन में आयोजित महापंचायत में सुनील प्रधान अशोक गठान विजेंद्र यादव बाबूराम तोमर राम अवतार सिंह सोनू चैधरी उपमा चैहान कुलदीप सिंह लुधियान सिंह कोमन सिंह बलजीत सिंह गजेंद्र सिंह अंकित विशाल डवास राजेंद्र सिंहचंद्रपाल सिंह आशु चैधरी नीतू चैधरी विनीत मौर्य विनीत चैधरी संदीप त्यागी दिनेश कुमार देवदात शर्मा नरदेव सिंह सोनू विर्क वीर सिंह डबास अंकुर चैधरी रोहित राणा रवि शेखर तोमर मुनेंद्र काकरान अमित मान कवराज सिंह वकार अहमद धर्मेंद्र राणा अनिल, झालू नगर अध्यक्ष कामेंद्र चैधरी, विनीत चैधरी, आशु चैधरी, इसहाक कसगर आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी से नाराजगी और पुलिस अधीक्षक की तारीफ

बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का कहना है कि जिलाधिकारी महोदय किसानों से संवाद करने से बच रहे हैं। जबकि पुलिस अधीक्षक लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। लोगों से संवाद कर रहे हैं। समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इसलिए उनकी कार्यशैली को सराहा जा रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर जिलाधिकारी किसानों से क्यों दूरी बना रहे हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट में किसानों जनता के प्रदर्शन को प्रतिबंधित कर दिया है। किंतु किसान रुकने वाले नहीं है उन्होंने कहा कि जनपद में दो हाईवे निकल रहे हैं और सर्किल रेट निर्धारित नहीं किया गया है। सर्किट रेट बहुत कम है, उसको बढ़ाया जाए। बजाज ग्रुप की सभी 14 मिलो पर बकाया गन्ना भुगतान कराया जाए। गुलदार की समस्या से निजात दिलाई जाए। जबरन स्मार्ट मीटर ना लगाये जाए। गन्ना केंद्र पर 2 प्रतिशत घटौली ना की जाए। अन्यथा किसान आंदोलन करने के लिए कलेक्ट्रेट में पहुंचेगा।

न्यायालय के आदेश पर तीन प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

आज समाचार सेवा

नगीना। पुलिस ने एसीजेएम के आदेश पर तीन प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना के न्यायालय में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में मोहल्ला सैयदवाडा निवासी महमूद पुत्र फारूख ने कहा कि मोहल्ला शाहजहीर निवासी नौशाद पुत्र मुख्तार अहमद व शान तथा मोहल्ला मुस्लिम कटेरा निवासी वासिद हुसैन पुत्र जाहिद हुसैन ने 31 जनवरी 2024 को दोनों पक्षों के बीच मधुर संबंधों का फायदा उठाकर मोहल्ला मुस्लिम कटेरा में 1200 वर्ग गज जमीन में से 200 वर्ग गज जमीन के प्लॉट को 10000 रुपए वर्ग गज की कीमत में बेचने का प्रस्ताव रखते हुए सौदा तय कर दिया। आरोपियों ने 12 फरवरी 24 को दो लाख रूपए वासिद के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए और 14 फरवरी 24 को पांच लाख रूपए नौशाद व शान को उनके घर जाकर नकद दे दिए। 20 फरवरी 24 को नौशाद व शान ने उक्त जमीन पर मुकदमे की बाबत 50 हजार रुपए ले लिए। शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित महमूद ने कहा है कि 25 फरवरी 24 को नौशाद व वासिद ने उससे कहा कि हमने उक्त भूमि में से कुछ भूमि विधायक मनोज पारस को बेच रखी थी जिसमें उनके हमारे पास 15 लाख रुपए बतौर बयाना आए हुए हैं,तो हमें उनकी रकम वापस करनी पड़ रही है और रुपयों की आवश्यकता पड़ रही है।तो 15 मार्च 24 को दो लाख रूपए दे दिए और 28 जून को फिर पीड़ित से तीन लाख रुपए दिलाए और 50 हजार रुपए इलाहाबाद में मुकदमे की पैरवी के लिए लिए।आरोपियों ने पीड़ित से कुल 16 लाख रुपए धोखाधड़ी कर हड़प लिए।बार बार चार लाख रुपए लेकर बैनामा करने को कहने पर भी न तो बैनामा किया और न 16 लाख रुपए वापस किए।28 सितंबर को सुबह 11 बजे आरोपियों ने रुपए मांगने पर गंदी गंदी गालियां दे कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नौशाद,शान व वासिद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं प्रॉपर्टी डीलर नौशाद पुत्र मुख्तार अहमद नौशाद अप्पा के नाम से जाना जाता है और समाजवादी पार्टी का नेता है।

जर्जर तारों के अचानक टूटने से गन्ने के खेत में भीषण आग लगी

आज समाचार सेवा

नहटौर। नहटौर-धामपुर मार्ग पर स्थित दुगरी गांव के पास बिजली विभाग की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां जर्जर तारों के अचानक टूटने से गन्ने के खेत में भीषण आग लग गई, जिससे किसान की मेहनत जलकर खाक हो गई। मंगलवार को दुगरी गांव के पास बिजली का एक पुराना और जर्जर तार टूटकर सीधे खेत में गिर गया। तार से निकली चिंगारी की वजह से गन्ने की सूखी पत्तियों में तुरंत आग पकड़ ली, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर लिया। आग लगने से ग्राम गारबपुर निवासी किसान हरफूल सिंह सैनी की करीब 3 बीघा गन्ने की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया।

पीड़ित किसान हरफूल सिंह सैनी ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें पहले भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। साल 2024 में भी ठीक इसी स्थान पर बिजली का तार टूटने से आग लगी थी, जिसमें उनका लगभग 8 बीघा गन्ना जलकर नष्ट हो गया था। ब्बार-बार जर्जर तारों की शिकायत और पूर्व में हुए हादसों के बावजूद विभाग द्वारा तारों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे यह दोबारा हादसा हुआ। घ्लगातार हो रहे नुकसान से आहत और परेशान किसान ने बिजली विभाग के रवैये पर भारी नाराजगी जताई है। पीड़ित किसान ने स्थानीय प्रशासन और शासन से गुहार लगाई है कि उनकी नष्ट हुई फसल का उचित आकलन कर उन्हें तुरंत मुआवजा प्रदान किया जाए।



किसान की मेहनत जलकर खाक हुई



दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। नगर में दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, सीओ ने रावण दहन स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार ने टीला मंदिर स्थित रावण दहन स्थल का निरीक्षण व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा इंतजामों और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य रावण दहन कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार, सराय चैकी प्रभारी सौरभ सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



डीएम के आदेश पर शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान दुकान की पैढ़ियां तुड़वाकर थम गया

आज समाचार सेवा

नगीना। संपूर्ण समाधान दिवस में सभासदों की शिकायत पर डीएम उमेश प्रताप सिंह ने अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। बुधवार की दोपहर नायब तहसीलदार नगीना अंकित कुमार व नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार तथा विनियमित क्षेत्र के जेई पटेल के नेतृत्व में पालिका की टीम थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस के साथ स्टेशन रोड पर बैंक ऑफ इंडिया के पास बनी नवनिर्मित दुकान के आगे किए गए स्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंची।दुकान मालिक आसिफ अल्वी ने मेन रोड व साइड रोड (नैनीताल बैंक के सामने)दुकान के बाहर बनी हुई पेढ़ियों को तुड़वा दिया।सामने के दुकानदार ने साइड रोड पर बनी छोटी सी दीवार को गिरा दिया। नायब तहसीलदार नगीना अंकित कुमार व नगर पालिका के ईओ सतीश कुमार ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों द्वारा की गई शिकायत पर डीएम उमेश प्रताप सिंह ने दो दिन में स्थाई अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि दस दिन पूर्व इस बाजार के 31 दुकानदारों को नोटिस देकर एक सप्ताह में स्वयं ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे।ईओ ने बताया कि बुलडोजर की कार्रवाई नहीं की गई है और अब दुकानदारों को दो दिन का समय और दे दिया गया है। पालिका प्रशासन ने दोपहर में फेरू शहर में लाउडस्पीकर से अपील की गई है कि सभी दुकानदार दो दिन के अंदर स्वयं ही अतिक्रमण हट्य लें,अन्यथा फिर कार्रवाई की जाएगी।

परंपरागत दशहरा मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया

आज समाचार सेवा

नहटौर। जेवीएम इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार को परंपरागत दशहरा मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। मेले में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साह के साथ मेले का आनंद लिया। इस दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध का शानदार मंचन किया। युद्ध के दृश्य देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि विधायक ओम कुमार ने अग्निबाण चलाकर रावण के पुतले का दहन किया। पुतला दहन होते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मेले का शुभारंभ सभासद मुकेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। इसके बाद रामलीला के कलाकारों ने राम-रावण युद्ध का मंचन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रावण के पुतले का दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। लोगों ने मेले में घूमकर विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रंजीत जोशी सहित कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में जुटे रहे।



मेले में लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष विरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के गांव मुस्सेपुर पाली, नन्हेड़ा, फलौदा और खंडसाल में भी दशहरा मेले का आयोजन किया गया। इन गांवों में भी लोगों ने रावण दहन के साथ दशहरा पर्व मनाया।

दशहरा का जुलूस परम्परागात रूप से निकला गया, अखाड़े में कलाकारों ने करतब दिखाए

आज समाचार सेवा

किरतपुर। श्री झंडा राम लीला कमेटी द्वारा दशहरा का जलूस परम्परागात रूप से निकला गया। अखाड़े में कलाकारों ने करतब दिखाए। मंदिर मोतीचूर पर विशाल मेले का आयोजन कर रावण दहन किया गया। श्री चैनपुरी अखाडा समिति द्वारा दशहरा के अवसर पर श्री हरिहर मंदिर से अखाड़े का जलूस निकला गया। जलूस में निकले अखाड़े में कलाकारों ने करतब दिखाए। अखाडा मेन बाजार, श्री रामलीला रंगमंच, मोहल्ला झंडा, होता हुआ वाल्मीकि चैक पर समाप्त हुआ। रामलीला रंगमंच पर माँ भगवती कि महा आरती कि गई। श्री झंडा रामलीला कमेटी द्वारा मनोकामना मंदिर मोती चूर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया।

माँ भगवती कि आरती के बाद रावण का दहान किया गया। सोमवार की रात रामलीला रंगमंच पर मेघनाथ और रावण वध कि लीला का मंचन किया गया। तथा सुलोचना के सती होने कि लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम में कपिल रस्तोगी, नवनीत मित्तल, कस्तूरी लाल कालरा,, मोहन लाल शर्मा, रामपाल प्रजापति, अरुण पुष्पक आदि ने सहयोग किया।

मरहूम मिर्जा अब्दुल समी को उनकी 23वीं बरसी पर याद किया



आज समाचार सेवा

किरतपुर। मुस्लिम फंड किरतपुर की शाखा भोजपुर में मुस्लिम फंड के सदर मोहम्मद साइम राजा के वालिद तथा मुस्लिम फंड के पूर्व सचिव मिर्जा अब्दुल समी की 23वीं बरसी पर कुरान खानी हुई उनकी मगफिरत की दुआ हुई शाखा प्रबंधक शाहब अथर खान उर्फ कल्लू खान ने कहा मरहूम अब्दुल समी मुस्लिम फंड कमेटी में सचिव अन्य पद पर रहे तरक्की के लिए उनका हमेशा योगदान रहा इस मौके पर कारी सरफराज कारी मोहम्मद शाहकार मतीन अहमद,नाजिम मलिक, डॉटर खिजर जावेद खान राशिद खान,सलीम मलिक,पूर्व प्रधान लाइक अहमद, मोहम्मद नौशाद, कामरान युसूफ, मन्नान तथा मदरसे के बच्चे शामिल रहे।

झूठी याचिका से अमजद अली को मिली बड़ी राहत

अदालत ने चुनाव याचिका की खारिज, सच्चाई की हुई जीत, कानून पर जताया भरोसा: अमजद अली

आज समाचार सेवा

स्योहारा। नगर पंचायत सहसपुर से जुड़ी चुनावी याचिका में चेयरपर्सन पति एवं समाजसेवी अमजद अली को बड़ी राहत मिली है। अपर जिला जज कमलदीप (एफटीसी), कोर्ट नंबर-1, बिजनौर की अदालत ने शबाना जहां बनाम नाहिद परवीन से संबंधित चुनाव याचिका संख्या 04/2023 को निरस्त कर दिया। अदालत के 21 अक्टूबर 2026 के आदेश में कहा गया कि प्रस्तुत चुनाव याचिका पूर्ण रूप से आधारहीन एवं बलहीन होने के कारण निरस्त किए जाने योग्य है।



आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया कि याचिकाकर्ता द्वारा मतगणना दोबारा कराने अथवा स्वयं को विजयी घोषित कराने का कोई विधिक आधार स्थापित नहीं किया जा सका। अदालत के इस फैसले के बाद अमजद अली ने इसे सच्चाई और न्याय की जीत बताते हुए कानून का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा था और अंततः सच्चाई सामने आ गई। उन्होंने कहा कि झूठे आरोपों और बेबुनियाद दावों से किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है।

न्यायालय के फैसले ने पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट कर दी है। फैसले के बाद अमजद अली के समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। न्यायालय के आदेश की प्रति भी सामने आई है, जिसमें चुनाव याचिका को निरस्त किए जाने का स्पष्ट उल्लेख है।

स्योहारा में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी का पर्व

आज समाचार सेवा

स्योहारा। रामलीला मैदान में विजयदशमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भगवान श्रीराम की लीला के मंचन के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही मैदान में मौजूद लोगों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। जय श्रीराम के जयकारों से रामलीला मैदान गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। विजयदशमी यानी दशहरा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, सत्य और धर्म का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। भगवान श्रीराम की विजय केवल रावण पर विजय नहीं थी, बल्कि यह अहंकार, अन्याय, अधर्म और बुराइयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है।

रावण दहन के साथ गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

इस मौके पर विधायक पुत्र प्रियंकर राणा, कुंवर रनंजय प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान, डा.मनोज कुमार वर्मा, डा. शाश्वत वर्मा, गजेंद्र सिंह टिकैत, मुकेश रस्तोगी, मनोज भटनागर, फरहा परवीन, उबैदुर्रहमान, राजवीर त्यागी, राजपाल प्रजापति, अनिल कुशवाहा, पूर्व चैयरमेन अख्तर जलील, महेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, रजत रस्तौगी, डा.बीके स्नेही, एड.अनुराग भटनागर, अहसान एडवोकेट, नौशाद अहमद, अमित शर्मा, वली चौधरी, अध्यापक कपिल शर्मा, नीटू जोशी, श्वेत रस्तौगी, आयन चौधरी, विपिन शर्मा, तनवीर चौधरी, प्रेस क्लब स्योहारा के कैंप कार्यालय में अध्यक्ष रियाज उर्फ प्रिंस, धर्मेंद्र कुमार, महामंत्री चमन भारद्वाज, राशिद पीटर, शानू सिद्दीकी, कामिल हसन, इकबाल अंसारी, आकाश तोमर, अश्वनी विश्नोई, अंकुल प्रजापति, कपिल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद, प्रेस क्लब स्योहारा, किसान यूनियन, ब्लॉक प्रमुख, रस्तौगी समाज आदि ने कैंप लगाकर बधाई दी।

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के संभाजन की बैठक सम्पन्न

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बैठक में मा० भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों के संभाजन तथा मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत नए मतदेय स्थल स्थापित किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होनें बैठक में बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में मतदेय स्थलों का संभाजन 1,200 मतदाताओं के आधार पर किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में जनपद के मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण तथा नए मतदेय स्थल स्थापित करने की कार्यवाही निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार की जा रही है।

बैठक में अवगत कराया गया कि मतदेय स्थलों के संभाजन के लिए 16 से 18 अक्टूबर 2026 तक भौतिक सत्यापन एवं पुनर्निर्धारण की कार्यवाही किए जाने के उपरांत 19 अक्टूबर 2026 को आपत्तियों एवं सुझावों के लिए मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन किया गया तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आलेख्य सूची उपलब्ध करायी गयी है। उक्त आलेख्य सूची पर प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद 26 अक्टूबर 2026 को मतदेय स्थलों की अंतिम सूची तैयार की जाएगी तथा 27 अक्टूबर 2026 को सभी संलग्नकों सहित प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदेय स्थलों के पुनर्गठन के संबंध में निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के उपरांत ही मतदेय स्थलों का संभाजन किया जाए। शहरी क्षेत्रों में बहुमंजिला भवनों, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी तथा नई विकसित आवासीय कॉलोनियों में मतदाताओं की सुविधा के अनुसार मतदेय स्थल स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही पुराने एवं जर्जर भवनों के स्थान पर उपयुक्त स्थायी भवनों में मतदेय स्थल स्थानांतरित करने, दिव्यांग एवं अशक्त मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा मतदेय स्थलों की दूरी एवं पहुंच को ध्यान में रखने के निर्देश दिए गए।


अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुनर्गठन के संबंध में अपने सुझाव एवं आपत्तियां 23 अक्टूबर 2026 तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय को लिखित रूप में उपलब्ध करा दें, ताकि प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर नियमानुसार विचार करते हुए उनका निस्तारण किया जा सके और मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदेय स्थलों की व्यवस्था को अधिक सुगम एवं सुदृढ़ बनाया जा सके। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्तमान तथा प्रस्तावित मतदेय स्थलों की स्थिति निम्नवत है–

1. 61-नोएडा विधानसभा क्षेत्र: वर्तमान में 233 मतदान केंद्र एवं 811 मतदेय स्थल हैं। पुनर्गठन के उपरांत 232 मतदान केंद्र एवं 784 मतदेय स्थल प्रस्तावित हैं। 2. 62-दादरी विधानसभा क्षेत्र: वर्तमान में 303 मतदान केंद्र एवं 794 मतदेय स्थल हैं। पुनर्गठन के उपरांत 327 मतदान केंद्र एवं 746 मतदेय स्थल प्रस्तावित हैं। 3. 63-जेवर विधानसभा क्षेत्र: वर्तमान में 207 मतदान केंद्र एवं 419 मतदेय स्थल हैं। पुनर्गठन के उपरांत 204 मतदान केंद्र एवं 395 मतदेय स्थल प्रस्तावित हैं। इस प्रकार जनपद में वर्तमान में कुल 743 मतदान केंद्र एवं 2,024 मतदेय स्थल हैं, जबकि पुनर्गठन के उपरांत कुल 763 मतदान केंद्र एवं 1,925 मतदेय स्थल प्रस्तावित हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदेय स्थलों के पुनर्गठन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पारदर्शिता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा प्रत्येक मतदेय स्थल पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हो। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारतीय जनता पार्टी से जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, बहुजन समाज पार्टी से जिला अध्यक्ष लखमी सिंह, विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, समाजवादी पार्टी से प्रदेश सचिव गजेंद्र सिंह यादव, कांग्रेस से उपाध्यक्ष नीरज लोहिया, सीपीआई(एम०) से सेक्रेटरी अरुण प्रताप सिंह, सौम्या वत्स तथा डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार, उप जिला अधिकारी दादरी अभिनेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अखिलेश यादव के बयान पर विधायक धीरेंद्र सिंह का पलटवार, बोले- 'जेवर एयरपोर्ट पूरे उत्तर प्रदेश की उड़ान'

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एयरपोर्ट को उत्तर प्रदेश के विकास और आर्थिक प्रगति का प्रतीक बताते हुए कहा कि जेवर की धरती से शुरू हुई विकास की उड़ान अब रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास का जवाब आरोपों से नहीं, बल्कि धरातल पर दिखने वाले काम और उनके परिणामों से दिया जाता है।विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस सुनी, जिसमें उन्होंने जेवर में बन रहे एयरपोर्ट को पानी में डूबा हुआ बताया था। इस टिप्पणी पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, 'जेवर एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की उड़ान है। इसे पानी में डूबने नहीं दिया जाएगा।' उन्होंने कहा कि जेवर में विकसित हो रही यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रदेश की आर्थिक क्षमता, औद्योगिक विकास और वैश्विक पहचान को नई ऊंचाई देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



एयरपोर्ट से निवेश और रोजगार के नए अवसरों की उम्मीद

धीरेंद्र सिंह ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण से जेवर और आसपास के क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। एयरपोर्ट परियोजना के कारण क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं बनी हैं, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और कारोबार के नए रास्ते खोल सकती है।विधायक ने एयरपोर्ट को उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना बताया। उनके अनुसार, बेहतर हवाई संपर्क से उद्योग, व्यापार, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहन मिल सकता है। इससे जेवर और आसपास के क्षेत्रों की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होने की संभावना है।'विकास की रफ्तार आलोचनाओं से रुकने वाली नहीं'समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए धीरेंद्र सिंह ने कहा कि जेवर क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को लेकर विपक्ष की टिप्पणियां सामने आ रही हैं, लेकिन आलोचनाओं से विकास की गति प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना की सफलता का आकलन उसके परिणामों और उससे आम लोगों को मिलने वाले लाभ के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नए भारत की वैश्विक आकांक्षाओं का प्रतीक है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क के साथ जोड़ने, निवेश आकर्षित करने और क्षेत्रीय विकास को गति देने में अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के पूर्ण विकास के साथ जेवर क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में विकास का दावाधीरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बदलाव की नई तस्वीर उभर रही है। उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं का वास्तविक जवाब उनके परिणामों से मिलेगा। विधायक ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की प्रगति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। इससे क्षेत्र में निवेश, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास जताया कि जेवर से शुरू हुई विकास की यह उड़ान प्रदेश को नई आर्थिक संभावनाओं से जोड़ेगी और उत्तर प्रदेश की पहचान को वैश्विक स्तर पर और मजबूत करेगी।

एक नज़र

जेपी समूह की परियोजनाओं की जांच 15 दिन में पूरी होगी

नोएडा। जेपी समूह की परियोजनाओं की जांच का काम अगले करीब 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। खरीदारों ने काफी साल बाद भी फ्लैट नहीं मिलने, काम की खराब गुणवत्ता समेत अन्य तरह की शिकायतें कर रखी हैं। शासन के निर्देश पर समिति ने जेपी विशटाउन की परियोजनाओं की जांच पिछले महीने शुरू की थी। समिति ने सुरक्षा कंपनी से परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति रिपोर्ट और तीन हजार करोड़ रुपये कहां-कहां खर्च किए समेत अन्य बिंदुओं पर जवाब मांगा था। कंपनी ने प्राधिकरण को कुछ बिंदुओं पर जवाब दिया, लेकिन वह भी अधूरा है।उम्मीद है कि अब जल्द ही कंपनी पूरा जवाब दे देगी। वहीं, प्राधिकरण के ओएसडी संतोश कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति सोसाइटी जाकर लोगों से शिकायतों से संबंधित बात कर रही है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि अगले करीब 15 दिन में जांच पूरी कर ली जाएगी।गौरतलब है कि जेपी विशटाउन का निर्माण जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की ओर से किया गया था। परियोजना पूरी न होने और अन्य दिक्कतों के चलते मामला एनसीएलटी में चला गया। इसके बाद एनसीएलटी द्वारा स्वीकृत रिजोल्यूशन प्लान के तहत काम कराने का जिम्मा सुरक्षा रियल्टी एजेंसी को दिया। बताया जाता है कि सुरक्षा रियल्टी द्वारा भी लापरवाही बरती जा रही है। जेपी विशटाउन निवासी के आशीष की ओर से शासन में 10 अगस्त 2026 को इस बारे में शिकायत की गई थी। शासन के निर्देश पर ही समिति जांच कर रही है।

हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने वारदात की फिराक में घूम रहे युवक को बुधवार को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध देसी पिस्टल बरामद हुई। आरोपी की पहचान 24 वर्षीय सौरभ के रूप में हुई। वह मूलरूप से अलीगढ़ के पिसावा का रहने वाला है और वर्तमान में कुलेसरा गांव में किराये पर कमरा लेकर रहता है।

जापान में प्रवीण कुमार ने 2.05 मीटर की छलांग लगाकर जीता गोल्ड, एशियन पैरा गेम्स में बनाया नया रिकॉर्ड

आज समाचार सेवा


ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के जेवर क्षेत्र के गोविंदगढ़ गांव के अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने जापान में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2026 की ऊंची कूद प्रतियोगिता में 2.05 मीटर की छलांग लगाकर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रवीण की सफलता को उनकी मेहनत, लगन और मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम माना जा रहा है। उनकी उपलब्धि पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्रवीण कुमार, उनके माता-पिता और प्रशिक्षक को बधाई दी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रवीण देश के उभरते खिलाड़ियों और ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। प्रवीण कुमार ने एशियन पैरा गेम्स 2026 की ऊंची कूद प्रतियोगिता में 2.05 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उनकी इस सफलता ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय पैरा एथलेटिक्स की प्रतिभा को सामने रखा है। जेवर के गोविंदगढ़ गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले प्रवीण ने अपने प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि को खेल जगत में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रवीण कुमार की ऐतिहासिक सफलता पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे उन्हें बधाई दी। विधायक ने प्रवीण के माता-पिता और उनके प्रशिक्षक को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रवीण ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और दृढ़ इच्छाशक्ति से साबित किया है कि मजबूत इरादों के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती। उनकी सफलता युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती है। गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रवीण ने अपनी उपलब्धियों से क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनकी इस जीत को खेल के क्षेत्र में मेहनत और निरंतर अभ्यास की अहमियत के उदाहरण के तौर पर देखा जा रहा है। प्रवीण कुमार का अंतरराष्ट्रीय करियर कई बड़ी उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में रजत पदक और पेरिस पैरालंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा हांगझोऊ में आयोजित 2022 एशियन पैरा गेम्स में भी उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। वर्ष 2025 की विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। खेलों में उनके योगदान के लिए उन्हें अर्जुन पुरस्कार और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रवीण की लगातार सफलताएं दिखाती हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय पैरा एथलेटिक्स की प्रमुख प्रतिभाओं में शामिल हैं। उनकी उपलब्धियां ग्रामीण क्षेत्रों के उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं, जो खेल के माध्यम से देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं।



5 किलो से अधिक गांजे के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-126 थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में हिस्ट्रीशीटर अपराधी मोहित अवाना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा और गांजा बिक्री से प्राप्त 700 रुपये नकद बरामद किए हैं। आरोपी को साई मंदिर जाने वाले कट के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह कार्रवाई स्थानीय खुफिया जानकारी और बीट पुलिसिंग की मदद से की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली से अलग-अलग व्यक्तियों से गांजा खरीदकर लाता था। इसके बाद नोएडा क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मजदूरों को छोटे-बड़े पैकेट में गांजा बेचता था। इससे वह अवैध रूप से पैसे कमाता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित अवाना (30) पुत्र हृदय अवाना, निवासी ग्राम असगरपुर, सेक्टर-127, थाना सेक्टर-126, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी थाना सेक्टर-126 का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी के आपराधिक इतिहास में लूट, चोरी, हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, गैंगस्टर एक्ट, आयुध अधिनियम, आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं। उसके खिलाफ वर्ष 2015 से 2026 तक कुल 30 अभियोगों का विवरण पुलिस ने जारी किया है। इनमें वर्ष 2024 का हत्या से संबंधित मामला और वर्ष 2026 में दर्ज आबकारी अधिनियम व एनडीपीएस एक्ट के मामले भी शामिल हैं।



एलिवेटेड रोड पर सफर करने वालों की बढ़ेगी परेशानी, सेक्टर-62 से सेक्टर-18 जाने वाली लेन बंद

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। नोएडा की एलिवेटेड रोड से सफर करने वाले वाहन चालकों को अगले एक सप्ताह तक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर के पास सड़क की मरम्मत के चलते सेक्टर-62 से सेक्टर-18 की ओर जाने वाली लेन बंद कर दी गई है। इस दौरान प्रभावित मार्ग पर यातायात रोककर मरम्मत का काम किया जाएगा। वहीं, सेक्टर-18 से सेक्टर-62 की ओर जाने वाली लेन पर वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी। ऐसे में इस रास्ते से रोजाना गुजरने वाले लोगों को अपनी यात्रा की योजना पहले से बनानी होगी। एलिवेटेड रोड पर एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार गड्ढा होने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने दोबारा मरम्मत कराने का फैसला लिया है। सड़क पर गड्ढा मिलने के बाद संबंधित हिस्से में बैरिकेडिंग कर दी गई और वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। जानकारी के मुताबिक, रविवार को सड़क की ऊपरी परत धंस गई थी।

मरम्मत के बाद यातायात बहाल कर दिया गया, लेकिन मंगलवार को उसी स्थान पर दोबारा गड्ढा हो गया। इससे सड़क की मजबूती और निर्माण की स्थिति को लेकर सवाल उठने लगे हैं। गड्ढे में सड़क के नीचे मौजूद सरिया दिखाई देने की बात भी सामने आई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने आईआईटी रुड़की और ब्रिज कॉरपोरेशन के इंजीनियरों से तकनीकी जांच कराने का फैसला किया है। इस जांच में सड़क की ऊपरी परत के साथ उसके नीचे मौजूद कंक्रीट और स्टील स्ट्रक्चर की स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसका उद्देश्य बार-बार सड़क धंसने की वजह का पता लगाना है, ताकि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। जांच के निष्कर्षों से यह समझने में मदद मिलेगी कि सड़क की सतह पर गड्ढा बनने के पीछे क्या कारण हैं और मरम्मत के लिए किन उपायों की जरूरत है। सेक्टर-27 से सेक्टर-60 तक करीब 4.8 किलोमीटर लंबी यह एलिवेटेड रोड दिल्ली, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट समेत आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है। करीब 480 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क को वर्ष 2017 में आम लोगों के लिए खोला गया था। एक सप्ताह तक सेक्टर-62 से सेक्टर-18 की ओर जाने वाली लेन बंद रहने से इस दिशा में यातायात का दबाव बढ़ सकता है। वाहन चालकों को सलाह है कि निकलने से पहले अपनी यात्रा की योजना बना लें और जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें। मरम्मत और तकनीकी जांच के बाद ही सड़क पर बार-बार गड्ढा होने की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

सैकड़ों किसानों का हल्ला बोल, यमुना प्राधिकरण पर धरना देने जा रहे कई किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में अपनी मांगों को लेकर यमुना प्राधिकरण पर धरना देने जा रहे किसानों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में किसान जुट रहे थे, लेकिन धरना स्थल तक पहुंचने से पहले ही कई किसानों को हिरासत में ले लिया गया। किसान नेताओं सुखबीर खलीफा और रुपेश वर्मा ने यमुना प्राधिकरण पर धरना देने का ऐलान किया था। किसानों की प्रमुख मांगों में 10 प्रतिशत विकसित भूखंड, 64 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और आबादी से जुड़े मामलों का पूर्ण निस्तारण शामिल है। किसान इन मांगों को लेकर लंबे समय से प्राधिकरण से समाधान की मांग कर रहे हैं। प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल बढ़ गई। किसान नेता सुखबीर खलीफा और रुपेश वर्मा की ओर से यमुना प्राधिकरण पर धरना देने का ऐलान किया गया था। इसके बाद बड़ी संख्या में किसानों के प्रदर्शन में शामिल होने की तैयारी थी। दी गई जानकारी के मुताबिक, किसान अपनी मांगों को लेकर प्राधिकरण कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने कई किसानों को हिरासत में ले लिया। किसानों को धरना स्थल तक पहुंचने से पहले रोके जाने की कार्रवाई के बाद प्रदर्शन को लेकर स्थिति चर्चा में आ गई। हालांकि, हिरासत में लिए गए किसानों की सटीक संख्या और पुलिस कार्रवाई के विस्तृत कारणों की आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध जानकारी में नहीं है।प्रदर्शनकारी किसानों की प्रमुख मांगों में 10 प्रतिशत विकसित भूखंड दिए जाने और 64 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा उपलब्ध कराने का मुद्दा शामिल है। इसके साथ ही किसान आबादी से संबंधित मामलों का पूर्ण निस्तारण चाहते हैं। किसानों का कहना है कि इन मांगों का समाधान उनके हितों के लिए जरूरी है। प्राधिकरण से जुड़े भूमि और मुआवजे के मुद्दों पर समाधान की मांग को लेकर किसान धरना देने की तैयारी कर रहे थे। प्रदर्शन के जरिए किसान अपनी मांगों को प्रशासन और प्राधिकरण तक पहुंचाना चाहते हैं। इन मांगों पर प्राधिकरण की मौजूदा स्थिति और किसी संभावित वार्ता के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। धरने में शामिल होने जा रहे किसानों को हिरासत में लिए जाने के बाद अब आगे की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है। किसानों की ओर से बड़ी संख्या में यमुना प्राधिकरण पहुंचने का ऐलान किया गया था, जबकि पुलिस ने रास्ते में ही कई प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस घटनाक्रम के बाद किसानों की मांगों और प्रशासन के रुख को लेकर स्थिति महत्वपूर्ण हो गई है।



पेंशनरों को डिजिटल माध्यम से जीवित प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतमबुद्धनगर शिखा गुप्ता ने जनपद के पेंशनरों को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनरों के लिए वर्ष में किसी भी माह में एक बार जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत करने की व्यवस्था है, जो अगले एक वर्ष तक प्रभावी रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी कोई पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से, कोषागार में स्वयं उपस्थित होकर अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से अपने निवास से मोबाइल द्वारा प्रेषित कर सकता है। इसके लिए कोषागार में व्यक्तिगत रूप से आने की भी आवश्यकता नहीं है। इसके लिए पेंशनर को अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से आधार फेस आर.डी. ऐप डाउनलोड करने के बाद जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होता है। इस ऐप के माध्यम से पेंशनर अपना आधार कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओ.टी.पी., पेंशनभोगी का नाम, पेंशन का प्रकार (सर्विस/फैमिली पेंशन), स्वीकर्ता प्राधिकारी (राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश), संवितरण एजेंसी (उत्तर प्रदेश कोषागार/उप कोषागार), कोषागार एजेंसी (गौतमबुद्धनगर-7600), पी.पी.ओ. संख्या, बैंक खाता संख्या, आई.एफ.एस.सी. कोड तथा बायोमेट्रिक इंप्रेशन/फेस आईडी सहित आवश्यक विवरण भरकर अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

उक्त विवरण भरने के पश्चात पेंशनर का जीवित प्रमाण पत्र कोषागार के सर्वर पर स्वतः कनेक्ट हो जाएगा तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा अधिकृत किए जाने के पश्चात जीवित प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष तक प्रभावी हो जाती है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पेंशनर अपने घर के नजदीकी पोस्ट ऑफिस, जन सुविधा केंद्र, साइबर कैफे अथवा अपने मोबाइल का प्रयोग भी कर सकते हैं। इसके लिए कोषागार में आने की आवश्यकता नहीं है।वरिष्ठ कोषाधिकारी ने अवगत कराया कि जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र की वैधता माह अक्टूबर 2026 में समाप्त हो रही है, वे अपना जीवित प्रमाण पत्र तत्काल भरने का कष्ट करें, जिससे उनकी माह अक्टूबर 2026 की पेंशन नियमित की जा सके।

वर्तमान में जिन पेंशनरों की पेंशन जीवित प्रमाण पत्र न भरने के कारण रुकी हुई है तथा वे अत्यधिक बीमार हैं अथवा आने-जाने में पूर्णतः असमर्थ हैं, ऐसे पेंशनरों के परिजन कोषागार में संपर्क कर सकते हैं। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 13 अगस्त 2026 एवं कार्यालय मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 394 दिनांक 14.10.2026 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में अधिक से अधिक डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र का उपयोग किया जाना है। अतः जनपद के समस्त सम्मानित पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र शीघ्र भरें, जिससे उनकी पेंशन बाधित न हो। साथ ही जनपद के सभी बैंक शाखा प्रबंधक पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र यथासमय कोषागार कार्यालय में उपलब्ध कराये।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक





आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की मंशा के अनुरूप जनपद में आगामी 25 एवं 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर 2026 को 32 केंद्रों पर दो पालियों में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक तथा शाम 3:00 बजे से 5:00 तक होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2026(PET) को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचीता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक के साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की कार्यवाई सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर एंट्री कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए, कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जा पाए, ताकि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी 25 एवं 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर 2026 को होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराया जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक गौतमबुद्धनगर चंद्रशेखर ने बैठक में उपस्थित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग से प्राप्त दिशानिर्देशों का अक्षरशः अनुपालन एवं मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने का विस्तार पूर्वक जानकारी /प्रशिक्षण उपलब्ध कराया। इस महत्वपूर्ण बैठक में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार, डॉ० पूर्वा शर्मा, प्रभारी जिला विकास अधिकारी नेहा सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी निलेश उत्पल सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक व जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।